* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 मार्च, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 142

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


विराट ने सेंचुरी सेलिब्रेशन में चूमी एंगेजमेंट रिंग











## पीएम का मंड्या में रोड शो, जनसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में व्यस्त मैं एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से दो महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को एक बार फिर राज्य के दौरे पर मांड्या और हुबली-धारवाड़ पहुंचे। पिछले दो महीने से भी कम समय में मोदी राज्य में छठी बार आये हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले कांग्रेस-जेडीएस के गढ़ मंड्या में रोड शो किया और फिर एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे हुबली-धारवाड़ पहुंचे और आइआइटी धारवाड़ का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने इशारों-इशारों में राहुल गांधी पर निशाना साधा। पीएम ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाये गये। भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गयी हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- 'कांग्रेस और उनके साथी मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रहे है, लेकिन मोदी एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त है। मोदी गरीबों का जीवन आसान बनाने में व्यस्त है। कांग्रेस को पता ही नहीं है कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।' हुबली धारवाड़ में भी पीएम ने कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।



### दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर दुनिया के सबसे लंबे रेलवे प्लेटफॉर्म देश को समर्पित किया। इस प्लेटफॉर्म को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने मान्यता दी है। प्लेटफॉर्म की लंबाई 1,507 मीटर यानी करीब डेढ़ किलोमीटर है। इसके अलावा पीएम नेहोसापेट रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इस स्टेशन को हम्पी के स्मारकों की तर्ज पर डेवलप किया गया है।

### आइआइटी धारवाड़ का किया उद्घाटन

मांड्या में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री आइआइटी धारवाड़ का उद्घाटन करने पहुंचे। जिसे 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने ही इस संस्थान की आधारशिला रखी थी।

### 16 हजार करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने अपने इस दौरे में राज्य में 16 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेस-वे (एनएच-275) जनता को समर्पित किया। यह एक्सप्रेस-वे बेंगलुरु-निदाघट्टा-मैसूर को जोड़ेगा। 118 किमी लंबा यह एक्सप्रेस-वे लगभग 8,480 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। इसके बनने से तीन घंटे का सफर करीब 75 मिनट में पूरा हो जायेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर आठ किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर, नौ बड़े पुल, 42 छोटे पुल, 64 अंडरपास, 11 ओवरपास, चार रोड-ओवर-ब्रिज और पांच बाईपास बनाये गये हैं।

# प्रिंस खान ने भाजपा नेत्री रागिनी सिंह को राजनीति नहीं करने की दी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कुख्यात गैंगस्टर और गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह को धमकी दी है। उसने एक वीडियो में भाजपा नेत्री से कहा है कि वह कांग्रेस विधायक और उनके परिजनों को बदनाम करना बंद करें, अन्यथा 70-80 के दशक की याद दिला दी जायेगी। पूरे परिवार को वापस बलिया भेज देंगे। उसने कहा कि हम बदले के लिए लड़ रहे हैं। अब जंग लड़ने के लिए रंगदारी मांग रहे हैं।

यह वीडियो रागिनी सिंह द्वारा शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्णिमा नीरज सिंह और उनके रिश्तेदार हर्ष सिंह के खिलाफ लगाये गये आरोप के बाद जारी किया गया है। रागिनी सिंह ने झरिया विधायक और उनके रिश्तेदार गैंग्स ऑफ वासेपुर से जुड़े प्रिंस खान और अमन सिंह को संरक्षण देने का आरोप लगाया था।

प्रिंस खान ने कहा है कि अमन सिंह की जिंदगी पूर्व विधायक संजीव सिंह ने बर्बाद कर दी है, इसलिए वह धनबाद को डिस्टर्ब कर रहे है। उसने अमन सिंह के साथ किसी रिश्ते से इनकार किया है। उसने रागिनी सिंह को अपने घर में राजनीति करने और गिरोहों की राजनीति में दखलअंदाजी नहीं करने की सलाह भी दी है।

**क्या कहा रागिनी सिंह ने :** भाजपा नेत्री ने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और उनके मौसेरे देवर हर्ष सिंह पर सवाल खड़ा किया कि अपराधी होने के बाद भी क्यों विधायक ने अजय रवानी को अपना चालक बनाया था और जब उन्होंने उसे हटा दिया, तो फिर हर्ष सिंह कैसे उसे अपने साथ रखे हुए था। उन्होंने कहा कि जब विधायक ही अपराधी को शरण में रखेंगी, तो जनता कैसे सुरक्षित रहेगी। श्रीमती सिंह ने हर्ष सिंह पर आरोप लगाया कि वह संबंधों की आड़ में परिवार में हत्या करा रहा है। उन्होंने नीरज सिंह की हत्या का आरोप भी हर्ष सिंह पर लगाया और कहा कि उसने एक तीर से दो शिकार किया। एक भाई की हत्या हो गयी और दूसरा भाई जेल में है। उन्होंने कहा कि नीरज सिंह अच्छे व्यक्ति थे। उनकी हत्या से किसको लाभ हुआ, यह पूरा कोयलांचल जानता है। इस दौरान भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, संजय झा, मुकेश पांडेय, उमेश यादव, महंथ पांडेय, अवधेश राय, प्रदीप सिन्हा आदि मौजूद थे।

**कॉल डिटेल्स से खुलासा, अजय देता था अमन को पूर्णिमा सिंह का लोकेशन :** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पूर्व चालक अजय रवानी और गैंगस्टर अमन सिंह और प्रिंस खान के गठजोड़ के कई सबूत शनिवार को भी पुलिस को मिले। अजय रवानी वीडियो कॉलिंग, चैट और मैसेंजर के माध्यम से अमन सिंह को पूर्णिमा सिंह के लोकेशन के साथ-साथ दूसरी जानकारी भी दे रहा था। पुलिस उसके दो अन्य साथी विजय और मुल्ला की तलाश कर रही है।

### कानून अपना काम करेगा : विधायक

इधर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और सच सामने आ जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कभी किसी अपराधी को संरक्षण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह जब से विधायक बनी हैं, कभी किसी अपराधी को थाना से छोड़ने या बचाने के लिए किसी पुलिस अधिकारी से नहीं कहा है। वह स्वच्छ राजनीति में विश्वास करती हैं। जहां तक अजय रवानी को रखने की बात है, तो किस के दिल में क्या है किसको पता है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### सिंह मेंशन करता रहा है हत्या की राजनीति : हर्ष

झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के मौसेरे देवर हर्ष सिंह ने कहा कि हत्या की राजनीति सिंह मेंशन करता है। हम लोग इससे बहुत दूर हैं। जब भी उनकी जमीन खिसकती है, तो वे हम लोगों पर आरोप लगाते हैं।

# आज दोबारा शुरू होगा विधानसभा का बजट सत्र

## नियोजन नीति पर होगी बहस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रख सकते हैं सरकार का पक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नियोजन नीति को लेकर हुए हंगामे के बाद स्थगित हुआ झारखंड विधानसभा का बजट सत्र होली की छुट्टियों के बाद कल से फिर शुरू हो रहा है। उम्मीद जतायी जा रही है कि शुरुआत ही नियोजन नीति और रोजगार को लेकर होगी। रोजगार के मसले पर विपक्ष जहां सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सत्ता पक्ष भी जवाब देने को तैयार है। कैबिनेट में मुहर लगाने के बाद कार्मिक की ओर से नयी नियोजन नीति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि सदन में गूंजनेवाला यह बड़ा मुद्दा होगा।

**सत्ता पक्ष के विधायक ने ही उठाया था मुद्दा :** होली की छुट्टी से पहले तक सदन सुचारु रूप से चल रहा था। चार मार्च को झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने नियोजन नीति और रोजगार का मुद्दा उठाया। इसके बाद सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। अध्यक्ष को प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। यह मुद्दा इस कदर उठा कि भोजनावकाश के बाद सदन को स्थगित करना पड़ गया था।

**मुख्यमंत्री रख सकते हैं सरकार का पक्ष :** उम्मीद जतायी जा रही है कि नियोजन नीति को लेकर विपक्ष के सवालों का जवाब खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देंगे। वह सदन में सरकार का पक्ष रख सकते हैं। नियोजन नीति को लेकर चार मार्च को सदन में हुए हंगामे के दौरान संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने संकेत दिया था कि छुट्टियों के बाद सरकार अपना पक्ष रखेगी।

**नियोजन नीति में यह हुआ है बदलाव :** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरी बार शुरू होने से पहले सरकार ने नियोजन नीति क्लीयर कर दिया है। इस नयी नीति से झारखंड राज्य से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा पास करने की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। स्थानीय रीति-रिवाज की जानकारी की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गयी है। इसके साथ जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की लिस्ट से भोजपुरी, मगही और अंगिका सहित सात क्षेत्रीय भाषाओं को हटाकर हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को शामिल किया गया है।

## मोरहाबादी में आदिवासी संगठनों की महारैली, वक्ता बोले

# सरना धर्म कोड नहीं तो वोट नहीं

- बीजेपी और केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड देना ही होगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासियों के चिर प्रतिक्षित सरना धर्मकोड की मांग को लेकर देश ही नहीं विदेशों से आये आदिवासियों का महाजुटान मोरहाबादी ग्राउंड में हुआ। यह महाजुटान आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले हुआ। इसमें विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस महाजुटान में आदिवासी संगठनों ने साफ तौर पर कहा कि किसी भी हाल में बीजेपी और केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड देना ही होगा। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों ही जगहों पर साल 2024 में चुनाव होने हैं। ऐसे में यह तय है कि सरना धर्म कोड लागू नहीं किया गया, तो वोट नहीं दिया जायेगा।

**आदिवासियों के अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश हो बंद :** मोरहाबादी में आयोजित इस महासभा को संबोधित करते हुए धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू न करना आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश है। केंद्र को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह समझने की जरूरत है कि आदिवासी ना तो हिंदू है और ना ही सनातन। देश में 12 करोड़ आदिवासी हैं, ऐसे में उनकी अपनी धार्मिक मान्यता मिलनी जरूरी है। आदिवासियों का अपना धर्म कार्य है। पूजा स्थल हैं। उनके अलग रीति रिवाज हैं। वे हिंदुओं के धर्म के कानून के मुताबिक नहीं चलते हैं। इसलिए आदिवासियों को उनके सरना धर्म कोड की मान्यता जरूर मिले।

**डिलिस्टिंग भी होनी चाहिए :** वक्ताओं ने कहा कि बात केवल सरना धर्म कोड की मान्यता की नहीं है, बल्कि एक फाइनल लिस्ट बनाने की भी है। उन्होंने कहा कि सरना आदिवासियों की मान्यता के लिए डिलिस्टिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह डिलिस्टिंग केवल सरना से ईसाई बने आदिवासियों की नहीं बल्कि हिंदू, जैन, बौद्ध बने आदिवासियों की भी होनी चाहिए, तभी आदिवासी जिस प्योर सरना धर्म कोड की बात करते हैं, वो सार्थक होगा।

**जनगणना पत्र में हो सरना धर्मकोड का कॉलम :** बंधन तिग्गा ने कहा कि जब तक जनगणना के पत्र में सरना धर्मकोड का जिक्र नहीं किया जायेगा, तब तक जनगणना नहीं होने दी जायेगी। साल 2011 की जनगणना में हमने हिस्सा लिया, लेकिन अब स्पष्ट मान्यता हमें चाहिए। इस महाजुटान में झारखंड सहित नेपाल, भूटान, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार के आदिवासी शामिल हुए। वहीं डॉक्टर करमा उरांव, रवि तिग्गा, बलकू उरांव, अजित टेटे, नारायण उरांव, रेणु तिर्की, निर्मल मरांडी, भगवान दास, सुशील उरांव, अमर उरांव आदि ने मंच साझा किये।


झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



जगरनाथ महतो
माननीय मंत्री
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
झारखण्ड सरकार

अपील



हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2023

विदित हो कि **वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 14 मार्च 2023 से प्रारम्भ हो रही** है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि **संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णत: शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यों का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध **झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम**, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे नि:स्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ–साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें
ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश

जगरनाथ महतो
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 68,000 रु./प्रति किलो |



# नये घोटाले के दलदल में फंसा लालू परिवार

## ■ छापों ने खोली 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले की पोल

## ■ तेजस्वी के राजनीतिक करियर के सामने सबसे बड़ा चैलेंज

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत की राजनीति के सबसे 'विवादित' और चारा घोटाले में सजायाफ्ता राजनीतिज्ञ लालू यादव अपने पूरे परिवार के साथ नये घोटाले में फंस गये हैं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन देने के घोटाले में सीबीआइ और इडी द्वारा की गयी पूछताछ और छापामारी में बिहार के इस सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवार के सदस्यों के यहां से जो कुछ बरामद हुआ है, उससे पता चलता है कि यह घोटाला छह सौ करोड़ रुपये से अधिक का है। इस पूरी कार्रवाई का सबसे अहम पहलू यह है कि इस घोटाले में लालू यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। अभी तो यह पता नहीं है कि इस घोटाले की आंच कहां तक जायेगी, लेकिन इतना तय है कि इस आंच से लालू परिवार बुरी तरह झुलसेगा। इतना ही नहीं, इस घोटाले ने तेजस्वी के पूरे राजनीतिक करियर के सामने बहुत बड़ा चैलेंज रख दिया है। एकीकृत बिहार के बहुचर्चित चारा घोटाले के मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव के लिए भले ही इस नये घोटाले से कोई राजनीतिक अंतर नहीं पड़ता हो, तेजस्वी यादव के राजनीतिक भविष्य पर जरूर काले बादल मंडराने लगे हैं। हालांकि उस कड़वी हकीकत को ध्यान में रखना चाहिए कि लालू यादव जब-जब विवादों में घिरे हैं, राजद को इसका राजनीतिक फायदा ही मिला है। शायद इसलिए भी लालू का परिवार बहुत चिंतित नहीं दिख रहा है। लेकिन घोटाले के दाग ने इस परिवार को जो बदनामी दी है, उससे छुटकारा पाने में तेजस्वी को कड़ी मेहनत करनी होगी। लालू परिवार के इस नये घोटाले में फंसने की पूरी कहानी बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिल्ली-एनसीआर, पटना, मुंबई और रांची में 24 स्थानों पर राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से जुड़ी जगहों पर छापेमारी हुई। पहले सीबीआइ ने उनकी पत्नी राबड़ी देवी से और फिर उनसे पूछताछ की। इसके बाद इडी ने उनके बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और उनकी बेटियों से जुड़े परिसरों में छापेमारी की। छापेमारी के एक दिन बाद जमीन के बदले रेलवे की नौकरी की जांच में इडी ने दावा किया है कि उसने छह सौ करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा करने वाले दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। एजेंसी के अनुसार दस्तावेज साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के स्वामित्व और विभिन्न बेनामीदारों के माध्यम से किये गये ढाई सौ करोड़ रुपये के लेन-देन से संबंधित हैं।

### क्या है जमीन के बदले नौकरी घोटाला

एजेंसी ने मनी लांड्रिंग जांच में छापेमारी की है, जो कि यूपीए सरकार के तहत रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान नौकरी के बदले जमीन लेने से संबंधित है। रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी की नौकरी देनेवाले लोगों से जमीन की जबरन वसूली का मामला है। इडी ने कहा कि जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कई रेलवे जोन में भर्ती किये गये उम्मीदवारों में से 50 फीसदी से ज्यादा लालू यादव के परिवार के निर्वाचन क्षेत्रों से थे। एजेंसी का दावा है कि कथित रूप से गरीब माता-पिता से रिश्वत के रूप में ली गयी जमीन को बाद में बड़े प्रीमियम पर बेच दिया गया, जिसमें अर्जित धन मुख्य रूप से तेजस्वी के खातों में जा रहा था।

### जेल जा सकते हैं तेजस्वी

इडी जिन संपत्तियों की जांच कर रही है, उनमें नयी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक चार मंजिला बंगला शामिल है। करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये की कीमत वाले इस बंगले को महज चार लाख रुपये में खरीदा गया दिखाया गया है। इडी ने आरोप लगाया है कि यह संपत्ति तेजस्वी के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनी एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है। इडी ने कहा कि तलाशी के दौरान तेजस्वी प्रसाद यादव इस घर में ठहरे और अपनी आवासीय संपत्ति के रूप में इस्तेमाल करते पाये गये। इडी के दावों के अनुसार तेजस्वी जमीन के बदले नौकरी घोटाले के प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरे हैं।



### अपराध की आय का खुलासा

अब तक की गयी जांच से पता चला है कि पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर जमीन के कई टुकड़े लालू यादव के परिवार को नौकरी दिलाने के एवज में मिले हैं। इडी ने कहा कि इन भूखंडों का वर्तमान बाजार मूल्य दो सौ करोड़ रुपये से अधिक है। एजेंसी ने यह भी कहा कि उसने इन जमीनों के लिए कई बेनामीदारों, शेल संस्थाओं और लाभकारी मालिकों की पहचान की है। इडी का कहना है कि यह संदेह है कि इस संपत्ति को खरीदने में बड़ी मात्रा में नकदी या अपराध की आय का उपयोग किया गया है। एजेंसी का मानना है कि अपराध की आय को छुपाने के लिए मुंबई की कुछ आभूषण का व्यवसाय करने वाली संस्थाओं से भी संपर्क साधा गया है। अपराध की आय वाली रकम को सेटल करने के लिए कई तरह की साजिश भी की गयी है। इडी ने आगे कहा कि जांच में पाया गया है कि लालू यादव के परिवार द्वारा गरीब ग्रुप डी आवेदकों से महज साढ़े सात लाख रुपये में अधिग्रहित की गयी जमीनों के चार टुकड़े राबड़ी ने राजद के पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना को साढ़े तीन करोड़ रुपये में भारी लाभ के साथ बेचे। इडी ने कहा कि यह एक गैरकानूनी और अवैध सौदा था, जिसकी रकम का बड़ा हिस्सा तेजस्वी के खाते में डाला गया। एजेंसी ने कहा कि उसने एक करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, विदेशी मुद्रा में 19 सौ डॉलर, 540 ग्राम सोना बुलियन और डेढ़ किलोग्राम से अधिक सोने के आभूषण (1.25 करोड़ रुपये मूल्य), विभिन्न संपत्ति के दस्तावेज, परिवार के सदस्यों (लालू यादव के) के नाम पर बिक्री के दस्तावेज बरामद किये हैं।

### टेंशन में तेजस्वी

कुल मिला कर इडी ने जो अपराध की आय के दस्तावेज जब्त किये हैं, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि तेजस्वी कभी भी जेल जा सकते हैं। सियासी जानकारों की मानें, तो अपराध की आय के लिए जेल जाना सुनिश्चित होता है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि तेजस्वी यादव अपने कानूनी सलाहकारों से लगातार संपर्क में हैं। तेजस्वी यादव ने इसी के लिए सीबीआइ की ओर से जारी समन को दोबारा अन्य तारीख पर भेजने का आग्रह किया। जानकारों का मानना है कि अपराध की आय का खुलासा होने के बाद लालू परिवार बुरी तरह फंस गया है। अब इस पूरी कवायद से निकलने में काफी देर होगी। इडी के हाथ लगे दस्तावेज लालू परिवार की मुसीबत को बढ़ा देंगे।

### विवादों से है पुराना नाता

लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों का पिछले ढाई दशक से सीबीआइ, इडी और आइटी जैसी एजेंसियों से करीब का रिश्ता रहा है। इन एजेंसियों की जब-जब सक्रियता बढ़ती है, तो लगता है कि लालू यादव का परिवार अब मटियामेट हो जायेगा, उसकी राजनीतिक हैसियत नेस्तनाबूद हो जायेगी। थोड़ा-बहुत इसका असर दिखा भी है, लेकिन यह भी सच है कि हर संकट के साथ लालू यादव का परिवार पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। आज तो हालत यह है कि लालू के परिवार में तेज प्रताप यादव को छोड़ तकरीबन सभी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। इसके बावजूद बिहार की राजनीति की धुरी भी लालू यादव का परिवार ही बना हुआ है।

### जेल में रह कर भी ताकतवर बने रहे लालू यादव

लालू यादव चारा घोटाले में जब जेल गये, तब भी उनकी ताकत का एहसास हुआ था। तब लालू की पत्नी राबड़ी देवी कुशल गृहिणी की भूमिका में घर संभाल रही थीं। बेटे-बेटियां भी उस लायक नहीं थे कि वे पिता की विरासत संभाल सकें। विरोधियों का अनुमान था कि राजद अब बिखर जायेगा। लालू की गैर-हाजिरी में पार्टी को एकजुट रखना मुश्किल होगा। लेकिन इसे लालू का करिश्मा ही कहें कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। जगदानंद सिंह, अब्दुल बारी सिद्दीकी जैसे कद्दावर नेता लालू के इशारे पर चलते रहे और बिना ना-नुकुर किये लालू की सलाह पर राबड़ी देवी को सीएम के रूप में सबने स्वीकारा। इस तरह राजद अटूट रहा और अगले 10 साल तक राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की कमान संभाली। लालू यादव को जब चारा घोटाले के मामलों में सजा हुई, तो फिर यह लगने लगा कि राजद का अब उभार संभव नहीं होगा। पर यहां भी अनुमान गलत हुआ। अपनी कुशल रणनीति से लालू ने अपने धुर विरोधी और कभी साथ रहे नीतीश कुमार को पटा लिया। 2015 के चुनाव में नीतीश की पार्टी जदयू और लालू की पार्टी राजद ने साथ चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया। संयोग से कांग्रेस का भी साथ मिला। उन दिनों लालू जमानत पर जेल से बाहर थे। लालू ने ऐसी चाल चली कि बाजी पलट गयी और तीन दलों के महागठबंधन ने बिहार में सरकार बना ली। बाद में नीतीश ने अलग राह चुनी और राजद सत्ता से बाहर रहा। लेकिन लालू ने तेजस्वी के सहारे अपनी राजनीति जारी रखी और 2020 में राजद सबसे बड़ी पार्टी बनी। फिर 2022 में नीतीश एक बार फिर लालू के पास लौटे और इस समय लालू बिहार की राजनीति के केंद्र में हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि लालू परिवार, खास कर तेजस्वी इस विवाद से कैसे बाहर निकलते हैं, क्योंकि उनके पास लालू का मार्गनिर्देश तो है, लेकिन उनके जैसा करिश्माई व्यक्तित्व नहीं है।

---

# चलती ट्रेन से दो लोगों को फेंका, एक की मौत, दूसरा युवक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

> जनरल डिब्बे में यात्रियों के बीच आपस में मारपीट के बाद दो लोगों को ट्रेन से फेंक दिया था

**चक्रधरपुर।** टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस से चलती ट्रेन से दो लोगों को फेंक दिया गया, जिससे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार टिटलागढ़ से हावड़ा जा रही इस्पात एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में सफर कर रहे चक्रधरपुर टोकलो थाना के भरनिया गांव निवासी दुलू सरदार झारसुगड़ा से चक्रधरपुर आ रहा था। वह जनरल डिब्बे में सवार था। इस बीच यात्रियों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद यात्रियों ने एक व्यक्ति को ट्रेन में ही मारना पीटना शुरू कर दिया। इस बीच भरनिया गांव निवासी दुलू सरदार भी बीच बचाव करने लगा, तो उसके साथ भी मारपीट हो गयी। बाद में बात इतनी बढ़ गयी कि उसे लोगों ने चक्रधरपुर लोटा पहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच मुरहतु गांव के समीप किलोमीटर 319/25 डाउन लाइन के पास फेंक दिया, जिससे वह गिरने के बाद अप लाइन तक जा पहुंचा। बाद में अप लाइन पर आ रही है एक माल गाड़ी की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बाद में यात्रियों ने दुलू सरदार को भी ट्रेन से फेंक दिया। लेकिन जब वह ट्रेन से गिरा, उसे समय गाड़ी काफी धीमी गति से चल रही थी, जिस कारण से वह बच गया, लेकिन पत्थर में गिरने से उसके सिर और हाथ में भी चोट लगी है।

घटना की खबर चक्रधरपुर रेल मंडल में आग की तरह फैल गयी, लेकिन जब तक लोगों को सूचना मिली तब तक गाड़ी टाटानगर स्टेशन पहुंच गयी, जिससे आरोपी भाग निकले। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद सोनुआ थाना प्रभारी सोहनलाल ने तत्काल एंबुलेंस को घटनास्थल भेजा, उसके बाद घायल को उठा कर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति को सिर में गंभीर चोटें आयी हैं।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोडरमा और हीरोडीह मुख्य मार्ग स्थित हीरोडीह थाना क्षेत्र के निमाडीह मोड़ में रविवार की सुबह ट्रक और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना अहले सुबह चार बजे की बतायी जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हीरोडीह थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना के बाद पुलिस आयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच में जुट गयी है। वैसे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिस ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, वह फरार हो गया या उसे पुलिस ने जब्त किया है। निमाडीह में हुई इस घटना के दौरान मारे गये युवकों की पहचान में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस की मानें तो दोनों युवक शादी से वापस घर लौट रहे थे।

# झारखंड सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ ने सरकार से मांगा यूजीसी निर्धारित ग्रेड पे

**रांची।** झारखंड सहायक प्राध्यापक संघ ने राज्य सरकार से उनके हितों पर फैसला लेने का अनुरोध किया है। सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ, रांची यूनिवर्सिटी, रांची के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार शाही ने कहा है कि आगामी 15 मार्च को कैबिनेट बैठक होनी है। सरकार कई जरूरी फैसले इसमें लेगी। सरकार से निवेदन है कि कैबिनेट के लिए जो मसौदे तय हों, उसमें झारखंड प्राध्यापक संघ की मांगों को भी रखा जाये। इससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर राज्य के विभिन्न यूनिवर्सिटी, महाविद्यालयों में कार्यरत सहायक प्राध्यापक (अनुबंध) का हित भी होगा। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के 2 मार्च 2017 को जारी संकल्प के आलोक में सहायक प्राध्यापकों (अनुबंध) की नियुक्ति हुई है। ऐसे में सहायक प्राध्यापक के साथ जोड़े गये घंटी आधारित शब्द को हटाया जाये। उन सबों की नियुक्ति सहायक प्राध्यापक के रूप में हुई है, ऐसे में उन्हें यूजीसी द्वारा निर्धारित ग्रेड पे दिया जाये। जेपीएससी द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक नियुक्ति में 70 प्रतिशत पदों पर वरीयता प्रदान की जाये। शैक्षणिक अनुभव को देखते हुए सेवा नियमावली बना कर नियमित किया जाना चाहिए।

# ग्रामीणों ने बरही विधायक को घर में बनाया बंधक

> कलश यात्रा में कई महिलाओं के गहने हो गये थे चोरी, श्रद्धालुओं ने एक महिला चोर को पकड़ा था, जो थाने से भाग गयी
>
> पुलिस की कार्रवाई में तेजी लाने के उद्देश्य से विधायक आवास में ताला जड़ा गया है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चौपारण।** पुलिस की कार्रवाई में लापरवाही को लेकर रविवार को सिंघरावां-गोविंदपुर के ग्रामीण महिला-पुरुषों ने विधायक आवास में ताला जड़कर विरोध दर्ज किया। विधायक आवास में ताला लगाने वाली महिलाओं तथा साथ में आये पुरुषों का आरोप था कि बीते दिन सिंघरावां में माता संतोषी की प्राण प्रतिष्ठा कलश शोभा यात्रा में आधा दर्जन श्रद्धालु महिलाओं के मंगलसूत्र और लॉकेट चोरी हो गये थे।



चौपारण में विधायक आवास में ताला जड़ने के बाद ग्रिल से ही पुलिस और ग्रामीणों से बात करते विधायकउमाशंकर अकेला और प्रतिनिधि मनोज सिंह।

महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा की भीड़ में ही बच्चे के साथ महिला चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा था। बाद में वह थाने से भाग गयी। इसलिए ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस की लापरवाही के कारण चोर भागा और हम सभी के लाखों का जेवरात नहीं मिले। घटना से समय पुलिस ने कहा था कि सभी महिलाओं का जेवरात मिल जायेगा। पुलिस भी अब झूठ बोल रही है।

श्रद्धालु के चोरी के जेवरात नहीं मिल रहे हैं। ताला जड़ने में शामिल रामलखन राणा, गोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि पुलिस पर दबाव तथा कार्रवाई में तेजी लाने के उद्देश्य से विधायक आवास में ताला जड़ा गया है। इधर पुलिस के आने पर विधायक ने थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर, एएसआइ को निर्देश दिया कि यह मामला श्रद्धा और आस्था से जुड़ा है। महिलाओं को न्याय मिले, इसके लिए पुलिस अपनी कार्रवाई तेज करे। पूरी घटना की जानकारी जिले के एसपी को दी गयी।

# तिसरी में तालाब में डूबीं चार बच्चियां, एक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

> तीन को ग्रामीणों ने बचाया, नहाने के दौरान घटी घटना

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी गांव में रविवार को तालाब में नहाने गयी एक बच्ची की मौत हो गयी। जबकि तीन बच्चों को मुश्किल से बचाया गया। वक्त रहते गांव के लोग तीन बच्चियों को बाहर निकालने में सफल रहे। हालांकि मृत बच्ची पायल को लेकर उसके परिजन 65 किलोमीटर दूर गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचे। लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। सदर अस्पताल में पायल को मृत घोषित कर दिया गया। घटना से मर्माहत परिजन बच्ची को पोस्टमार्टम कराये बिना ही घर ले गये। मृत बच्ची रामबिलास शर्मा की बेटी थी। जानकारी के अनुसार भंडारी गांव के चार बच्चियां नहाने के लिए गांव के तालाब गयी थीं। नहाने के क्रम में कुछ मवेशी भी उसी तालाब में पानी पीने के लिए आ गये। वहीं चारों बच्चे मवेशियों की पूछ पकड़ कर तालाब के इस पार से उस पार जाने का प्रयास किये। इसी क्रम में चारों जब गहरे पानी में गये, तो डूबने लगे। डूबने के दौरान बच्चों ने मदद के लिए आवाज लगायी। आवाज सुनकर तालाब के समीप पहले से नहा रहे लोग बच्चों को बचाने के लिए भी दौड़े और काफी प्रयास के बाद तीन बच्चों को निकाल लिया। इसी बीच ग्रामीणों को तीनों बच्चियों ने जानकारी दिया कि पायल तालाब के भीतर ही है। काफी देर बाद पायल को भी तालाब से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी हालत खराब हो चुकी थी। परिजन पायल को लेकर तिसरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन पायल की मौत हो चुकी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 18.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.57 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.02 बजे |



## वारदात : कोयला व्यवसायी को मारी थी गोली

# रांची में छिपे थे जारंगडीह गोलीकांड के आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत जारंगडीह अपर बंगला शिव मंदिर के समीप शनिवार की रात गोलीबारी की घटना में शामिल सभी चारों आरोपियों को पुलिस ने विभिन्न स्थानों से धर दबोचा है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और दो बाइक को भी बरामद किया है। घटना के बाद बोकारो एसपी के निर्देश पर बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया था। टास्क फोर्स ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**ओरमांझी और बोकारो के जरीडीह बाजार से आरोपी गिरफ्तार**

टास्क फोर्स के सदस्यों ने घटना में शामिल गांधीनगर थाना अंतर्गत जरीडीह बाजार निवासी मेजर सिंह उर्फ जैकी सिंह, गगन सिंह, दीपक कुमार और सीमर को रांची के ओरमांझी तथा जरीडीह बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

**कोयला व्यवसायी खतरे से बाहर**

इधर घटना में घायल जारंगडीह निवासी कोयला व्यवसायी 49 वर्षीय शांतिपद गोराई को बेहतर इलाज के लिए बीजीएच में दाखिल कराया गया है, जहां वह खतरे से बाहर हैं। बेरमो एसडीपीओ ने कहा कि घटना में शामिल सभी अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**बेरमो विधायक ने पुलिस को दिया सहयोग**

बताया गया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में बेरमो विधायक अनुप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पुलिस की काफी मदद की।

**टास्क फोर्स में ये थे शामिल**

टास्क फोर्स में बेरमो इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार सिंह, बोकारो थर्मल के एसआइ मुश्ताक आलम, रमाकांत गुप्ता, विक्रांत मुंडा, गांधीनगर प्रभारी अनूप सिंह, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह शामिल थे।

# महुआडांड़ में दिनदहाड़े युवक को गोलियों से किया छलनी, मौत

एक ग्रामीण की जांघ में लगी गोली, हालत गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के बरदौनी खुर्द गांव में दुर्गा मंदिर के समीप रविवार दोपहर लगभग 12 बजे एक युवक को गोलियों से उड़ा दिया गया। घटना में एक ग्रामीण घायल हो गया। मृतक का नाम जमील अंसारी था और वह डाल्टनगंज केबैरिया का रहनेवाला था। उसको तीन गोलियां मारी गयीं। घायल का नाम तेवारी नायक है और वह बरदौनी के बिंदास नायक का पुत्र है।

ग्रामीणों के अनुसार जमील अंसारी बरदौनी खुर्द गांव की एक लड़की के साथ रिलेशन में था। उसका 10 साल से बरदौनी आना-जाना था। रविवार को वह गांव के चार-पांच लोगों के साथ दुर्गा मंदिर समीप आम पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। तभी एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश वहां पहुंचे। दो लोग उतर कर गोली चलाने लगे। एक गोली तेवारी नायक की जांघ में लगी। जमील अंसारी वहां से भागने लगा। उसे दौड़ा कर अपराधियों ने तीन गोली मारी। लोगों ने यह भी बताया कि साथ में बिना नंबर प्लेट की एक सफेद स्विफ्ट गाड़ी भी थी। इस घटना से आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं।

**आपराधिक छवि का था जमील अंसारी**

जमील अंसारी आपराधिक छवि का था। डाल्टनगंज के बंदू तिवारी हत्याकांड में भी इसका हाथ था। उस घटना के बाद उसका पूरा परिवार बैरिया से घर और जमीन बेच कर निकल चुका था।

**घटनास्थल पर पहुंची पुलिस**

सूचना मिलते ही नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत और एएसआइ मिश्रा मांझी जिला पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां से खोखा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आपसी रंजिश का मामला लगता है।

# जामा में खोरठा लघु फिल्म निर्माता की पीट-पीट कर हत्या



झाड़ी में मिला शव, तीन महीने पहले शुरू की थी ठेकेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** शौक के लिए संताली और खोरठा लघु फिल्म बनानेवाले 32 साल के कृष्णा कुमार शर्मा की अज्ञात लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। जामा थाना पुलिस ने पांदन पहाड़ी के निकट झाड़ी से उनका शव बरामद किया है। वह शनिवार को चूटोनाथ मंदिर गये थे, लेकिन लौट कर नहीं आये। पुलिस ने शव के पास से दो गिलास, पानी की आठ खाली बोतल और एक जूता जब्त किया है। शव सड़क से करीब 20 मीटर दूर झाड़ी में मिला, जबकि उनकी बाइक भी घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी मिली। जामा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने ठेकेदारी विवाद में हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस को दिये बयान में कृष्णा कुमार शर्मा की पत्नी ने अज्ञात पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

कृष्णा महिला थाने के पीछे रहते थे। वह लघु फिल्म बना कर इंटरनेट मीडिया में डाला करते थे। तीन माह पहले उन्होंने ठेकेदारी शुरू की थी। रिश्तेदारों ने शनिवार को चूटोनाथ मंदिर में पूजा और भोज किया था। इसमें कृष्णा भी शामिल हुए थे। मंदिर से शाम को सभी घर वापस आ गये, लेकिन कृष्णा नहीं आये। परिजनों ने रात भर तलाश की। रविवार की सुबह खोजबीन के क्रम में परिजनों को पता चला कि जामा में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। परिजनों ने जाकर देखा तो शव कृष्णा का था। चेहरे और निजी अंग पर पत्थर से प्रहार किया गया था। जींस भी आधी से ज्यादा खुली हुई थी। सूचना के बाद जामा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। और शव कब्जे में लेकर छानबीन की। कृष्णा के जीजा कृष्ण सुदामा का कहना है कि किसी ने साजिश के तहत उनके साले को बुलाकर मारा है। जामा थाना के प्रभारी थानेदार रविशंकर का कहना है कि मृतक की पत्नी ने अभी मौखिक रूप से हत्या की शंका जतायी है। बयान लेकर ही मामला दर्ज किया जायेगा।

**ठेकेदारी शुरू करने के बाद मिल रही थी धमकी**

कृष्णा के जीजा ने बताया कि कृष्णा को लघु फिल्म बनाने का शौक था। तीन माह पहले ही वह ठेकेदारी से जुड़े थे। अभी विजयपुर स्थित मुक्ति धाम में कुछ काम करा रहे थे। काम शुरू करने के बाद से उन्हें धमकी मिल रही थी।

कृष्णा पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी शादी डंगालपाड़ा के नाग मंदिर के समीप हुई थी। उसकी एक बेटी है। पिता रामजी ठाकुर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी

**कर्क** नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर रैंक के 200 पुलिस अधिकारी बनेंगे डीएसपी

रांची। झारखंड पुलिस में कार्यरत इंस्पेक्टर रैंक के 200 पुलिस अधिकारियों को डीएसपी रैंक में प्रमोशन मिलेगा। डीएसपी रैंक में प्रोन्नति से पहले इन सभी इंस्पेक्टर को इंडक्शन कोर्स ट्रेनिंग दी जायेगी। सभी इंस्पेक्टरों को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में रविवार को योगदान देने का आदेश दिया गया है। झारखंड पुलिस के छह डीएसपी और 200 इंस्पेक्टरों का छह वीक की इंडक्शन कोर्स ट्रेनिंग अगले आदेश तक स्थगित कर दी गयी थी। इसके बाद दोबारा ट्रेनिंग की तिथि तय की गयी है।

# झामुमो 50 लाख सदस्य बना कर पार्टी को करेगा मजबूत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनाने में जुटा हुआ है। इसके लिए पार्टी 50 लाख नये सदस्य बनायेगी। इसमें तेजी लाने के लिए झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने रविवार को सभी जिलाध्यक्षों, सचिव, संयोजक, सभी जिला समिति, जिला संयोजक मंडली को आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सभी जिलों में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में वे तेजी लायें। साथ ही इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। अभियान में तेजी लाने के लिए सभी जिलों में कार्यक्रम तय करें। तय कार्यक्रम की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व को भी देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 50 लाख सदस्य बनाने का यह फैसला 18 दिसंबर, 2021 को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुए पार्टी के 12वें केंद्रीय महाधिवेशन में लिया गया था।

# संशोधित नियमावली जारी: नौकरी के लिए झारखंड से 10वीं और 12वीं पास की बाध्यता हुई खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्मिक विभाग ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संशोधित नियमावली 2023 का संकल्प जारी कर दिया है। इसके तहत मैट्रिक, इंटर, स्नातक स्तरीय नियुक्ति परीक्षा नियमावली में बदलाव किया गया है। नयी नियमावली के तहत सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नियोजन के लिए झारखंड से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से अब मैट्रिक-इंटर पास करने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। यानि अब राज्य के बाहर से भी अगर मैट्रिक-इंटर उत्तीर्ण किये हैं तो भू राज्य के निवासी को झारखंड में नौकरी का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अब स्थानीय रीति-रिवाज और परंपरा को जानने की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया गया है। नयी नियमावली के तहत नियुक्ति परीक्षा में जनजातीय, क्षेत्रीय भाषा में बदलाव किया गया है। अब हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा को शामिल कर लिया गया है। राज्यस्तरीय नियुक्तियों में पहले जहां 12 भाषा थीं, उसमें इन तीन भाषाओं को जोड़ा गया और 15 भाषा कर दिया गया। हालांकि, अब भोजपुरी, मगही और अंगिका, असुर, बिरहोर समेत सात भाषाओं को बाहर कर दिया गया है। अब राज्य सरकार का मानना है कि जिन भाषाओं को सूची से बाहर किया गया है, उसकी पढ़ाई यहां नहीं हो रही है, पाठ्यक्रम भी नहीं है। नियुक्ति परीक्षाओं के लिए अब जिला से लेकर राज्य स्तर तक सूचीबद्ध 15 भाषाओं की ही परीक्षा होगी। अब तक जिला और राज्य स्तर की परीक्षा के लिए अलग-अलग भाषा चिह्नित थी।

**100 अंक की होगी परीक्षा**

**नयी नियमावली के तहत 15 भाषाएं राज्य के सभी 24 जिलों में स्वीकार्य की जायेंगी। इन भाषाओं की परीक्षा 100 अंकों की होगी। परीक्षार्थी अपनी इच्छानुसार भाषा का चयन करेंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।**

# 28 मार्च को नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाने का निर्णय



**रांची (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति की बैठक नीलांबार-पीतांबर पार्क मोराहाबादी रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एवं संचालन हर्षनाथ भोगता के द्वारा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू उपस्थित थे। बैठक में 28 मार्च को रांची स्थित नीलांबर-पीतांबर पार्क में वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। इस मौके पर देवनारायण गंझू, हेमलाल गंझू, मनोरंजन भोगता, प्रधान भोगता, शिवदयाल गंझू, नरेश भोगता, संजय भोगता, लक्ष्मी भोगता, परमेश्वर भोगता, बहादुर भोगता, योगेंद्र भोगता, सुरेंद्र भोगता आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को 50 फीसदी हक के लिए सड़क पर आना चाहिए : महेंद्र पाठक




रांची जिला महिला समाज की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के कांटाटोली के मंगल टावर में रांची जिला महिला समाज की ओर से रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा महिला नेता फरजाना फारुकी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, महिला नेता बीना लिंडा, यास्मीन लाल, नीलम बाड़ा, मुन्नी देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा 50 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का समर्थन करती है। साथ ही केंद्रीय सरकार से मांग करती है कि राजनीतिक शैक्षणिक सहित सभी संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत का अधिकार दिया जाये। इसके लिए महिलाओं को सड़कों पर आना चाहिए। भाकपा जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने महिलाओं के शोषण के विरोध में गोलबंद होने और अपने हक अधिकार को सुरक्षित करने के लिए संवैधानिक तरीके से आंदोलन को तेज करने की अपील की और और कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश और समाज आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर कई महिलाओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## संदीप मुरारका ने राज्यपाल को भेंट की आदिवासियों पर लिखी अपनी पुस्तक

# आदिवासी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं : सीपी राधाकृष्णन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से आदिवासी समुदाय के सकारात्मक पहलुओं पर लिखनेवाले जमशेदपुर के लेखक संदीप मुरारका और डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने रविवार को मुलाकात की। लेखक संदीप मुरारका ने गवर्नर को आदिवासियों पर लिखी गयी अपनी पुस्तक देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व भेंट की। इस पुस्तक में पद्म पुरस्कारों के सम्मानित 76आदिवासी व्यक्तित्वों के साथ-साथ परमवीर चक्र, महावीर चक्र, ध्यानचंद अवार्ड एवं नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों के बारे में बताया गया है।

मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आदिवासी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, क्योंकि परस्थितियों के विपरीत होने के बावजूद अपने कठिन संघर्ष से वह सफलताओं का परचम लहरा रहे हैं। संदीप मुरारका शॉर्ट बॉयोग्राफी और फीचर के जरिये लगातार प्रेरक आदिवासी चरित्रों से पाठकों को रुबरु करा रहे हैं। उन्होंने 23 राज्यों की लगभग 52 जनजातियों के विख्यात आदिवासियों पर कॉफी टेबल बुक लिखी है। देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व शीर्षक के नाम से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक में वैसे आदिवासियों का परिचय समाहित है। इस सचित्र रंगीन पुस्तक का प्रकाशन हिंदी भाषा में कोलकाता के विद्यादीप फाउंडेशन की ओर से किया गया है। साथ ही अंग्रेजी, ओड़िया, पंजाबी, मगही, भोजपुरी और संताली में इसका अनुवाद किया गया है।

**आदिवासियों पर तीन पुस्तकें लिख चुके हैं मुरारका**

संदीप मुरारका पहले भी आदिवासियों पर तीन पुस्तकें लिख चुके हैं। उनकी पुस्तकें शिखर को छूते ट्राइबल्स भाग एक से तीन शोधार्थियों और यूपीएससी के छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। यह पुस्तक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बेस्टसेलर का दर्जा प्राप्त कर चुकी हैं। संदीप मुरारका पाठकों को बताते हैं कि सफलता के लिए संसाधनों की नहीं, बल्कि संकल्प की आवश्यकता है। संदीप मुरारका ने कहा कि जब भी हम आदिवासियों की बात करते हैं, तो बताया जाता है कि उनकी दुनिया हाशिये पर है, वे भूखे नंगे वंचित हैं, वे शहर कस्बे की बजाय जंगलों, नदी तालाब के पास या पर्वतों और कंदराओं में रहते हैं। वे दुनिया की तमाम आधुनिक सुख-सुविधाओं से महरूम हैं और समाज की मुख्यधारा से अलग विचरते हैं, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। जनजातीय संस्कृति हमेशा से समृद्ध रही है और यह समुदाय सामाजिक गतिशील रहा है। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा, जिसमें जनजातियों की महत्वपूर्ण भूमिका ना हो। विशेषकर संस्कृति, नृत्य, गीत, प्राकृतिक अनुसंधान, खेल और अन्य साहसिक कार्यों में इनका योगदान अतुलनीय है।

## स्पोर्टिंग यूनियन ने वीएसजी ब्लू को 85 रन से हराया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में रविवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में वीएजी ब्लू और स्पोर्टिंग यूनियन के बीच मैच खेला गया। स्पोर्टिंग यूनियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वीर स्पोर्टिंग ने 45 ओवर में 8 विकेट खोकर 330 रन बनाये। जिसमे कुमार सुनील कश्यप 76, विभू लोहानी 55 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए वीएजी की ओर से मोहित कुमार 4 और दिव्यांशु कुमार ने 3 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी वीएसजी ब्लू ने 41.1 ओवर में अपने सभी 10 विकेट खोकर 245 रन ही बना सकी। जिसमे सूरज पांडे 52 और मोहित कुमार 46 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन की ओर से अभिराज गौतम और रोहित भारती ने तीन तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच स्पोर्टिंग यूनियन के कुमार सुनील कश्यप को केडीसीए पदाधिकारी ओमप्रकाश तथा टूनार्मेंट चैयरमैन सोनू खान ने संयुक्त रूप से दिया। मैच में अंपायर सपन कुमार और बसंत सिंह तथा स्कोरर रवि यादव थे।

## भाजपा और इडी के खिलाफ कांग्रेस का राजभवन घेराव 13 को



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस 13 मार्च को राजधानी रांची में राज भवन का घेराव करेगी विशाल मार्च का आयोजन करेगी क्योंकि भाजपा के नीतियों के कारण सहारा इंडिया का पैसा डूबने कगार पर है। भारत का हर घर सहारा प्रकरण से पीड़ित है। एलआईसी को भी निजीकरण मोदी जी के मित्रों द्वारा किया जा रहा है। राज भवन को घेराव को लेकर कांग्रेस के उत्तरी छोटा नागपुर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राज भवन का घेराव होगा। मौके पर कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, साजिद अली खान, चंद्रदेव प्रसाद, गिरधारी महतो, आकाश सिंह, राजू मेहता, नरेश महात्मा, मुकेश भुईया, सुरेश महता, सीताराम महतो, मेघनाथ यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नामांकित होने योग्य 16 विद्यार्थियों को चिह्नित किया



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आदर्श फाउंडेशन द्वारा बिरहोर कॉलोनी लोकाई एवं फुलवरिया में डोर टू डोर सर्वे कर विद्यालय में नामांकित होने योग्य कुल 16 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया। इन बच्चों की उम्र 7 साल से 9 साल के बीच है जिनका अभी किसी भी विद्यालय में नामांकन नहीं है। इन बच्चों को नए सत्र में पोषक क्षेत्र स्थित सरकारी विद्यालयों में नामांकन करवाया जायेगा। आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अन्य बच्चों की तरह आदिम जनजाति बिरहोर के बच्चों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करवाना हम सभी की नैतिक जवाबदेही है। सभी बिरहोर कालोनियों में डोर टू डोर सर्वे कर विद्यालय जाने योग्य बच्चों की सूची तैयार कर विद्यालय से जोड़ने एवं ठहराव सुनिश्चित करवाने हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## एलआइसी टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भारतीय जीवन बीमा निगम के झुमरीतिलैया शाखा के विकास अधिकारी अमित कुमार ने अपने टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। प्रशिक्षण शिविर में एलआईसी की चल रही तमाम पॉलिसियों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। टीम के तीन एमडीआरटी अभिकर्ता बालकरण यादव, मनोज कुमार साव, आदित्य कुमार पांडे को सम्मानित किया गया। वही इस वित्तीय वर्ष में शतक वीर बने अभिकर्ता पिंटू कुमार, मनोज कुमार साव, बाल करण यादव एवं राम प्रकाश राणा को भी सम्मानित किया गया। अशोक कुमार दांगी, गणेश दास, राजेंद्र मोदी, मंटू कुमार, मेहताब खान, चंद्रशेखर यादव, नवीन जैन को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। विकास अधिकारी अमित कुमार, सहायक शाखा प्रबंधक आशीष कुमार ने मार्केट में हो रहे बदलाव के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी। विजय नायक एलआईसी की की महत्वपूर्ण पॉलिसियों की जानकारी अभीकताओं को दी। धन्यवाद ज्ञापन टीम वरिष्ठ एवं एमडीआरटी अभिकर्ता आदित्य कुमार पांडे ने किया। विकास अधिकारी अमित कुमार ने अपने टीम को मार्च में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** रविवार को जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सामंतो पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान नीरज कुमार (उम्र 35 वर्ष पिता महेश मेहता) और संजीत कुमार (उम्र 30 वर्ष पिता महेश मेहता) ग्राम नावाडीह डोमचांच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से दोनों तिलैया डॉक्टर के पास जा रहे थे। सामंतो पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महासंघ के चुनाव को लेकर आमसभा

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महासंघ के चुनाव को लेकर रविवार को कोडरमा थाना परिसर में एसोसिएशन के कार्यालय में कोडरमा जिला इकाई की एक आम सभा आयोजित की गयी। सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष बालेश्वर यादव ने किया। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि आम सभा में मुख्य रूप से महासंघ के चुनाव में जिले से डेलीगेट के चुनाव पर चर्चा हुयी। वहीं पुलिस मुख्यालय के स्तर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। मौके पर एसोसिएशन के क्षेत्रीय मंत्री अजय कुमार सिंह, सचिव अखिलेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष विजय रंजन, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## युवाओं की कार्यशाला का समापन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समर्पण एवं टीडीएच के द्वारा ढाब स्थित सूचना केन्द्र, में सॉफ्ट स्किल को लेकर युवाओं के दक्षतावर्धन हेतु आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। मौके पर उपस्थित समर्पण के सचिव इन्द्रमणि साहू ने कहा कि जिंदगी को बेहतरीन और खुशहाल बनाने के लिए टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल स्किल से लैस होना आवश्यक है। कार्यक्रम में ढाब, ढोढाकोला एवं बंगाखलार पंचायत के कुल 35 युवाओं ने भाग लिया। शिविर में समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा, मुकेश कुमार यादव, सुनिता कुमारी, मंगलदेव रजक, प्रभाकर कुमार, बिमला देवी, सोनी कुमारी, राधा कुमारी, करीना कुमारी, खुशबू कुमारी, गुलशन कुमार, सूजीत कुमार, रेणु कुमारी, बबिता कुमारी, मनिषा कुमारी, प्रिती कुमारी, कोमल कुमारी, चंचला कुमारी, प्रिती गुड़िया मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### 17 मार्च को होगा रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद का चुनाव

# सहमति नहीं बनने के कारण अब चुनाव से होगा अध्यक्ष का फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की इन्टरनेशनल रामनवमी के सफल संचालन हेतु रविवार को बड़ा अखाड़ा प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महंत विजया नंद दास एवं संचालन विशाल बाल्मीकी ने किया। उक्त बैठक में जिले के कयी अखाड़ा प्रमुख व महासमिति के पूर्व अध्यक्ष ने भाग लिया। जय श्री राम के जयघोष से पुरा प्रांगण गुंजता रहा। बैठक में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद पर आपसी सहमति बनाते हुए अध्यक्ष का चयन करने की बात कही गयी, पर महासमिति अध्यक्ष के लिए पांच उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। सभी उम्मीदवारों से आपसी सहमति बनाने की बात कही गयी पर सहमति नहीं बनने के कारण अब चुनावी प्रक्रिया के तहत शुक्रवार 17 मार्च को महासमिति अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। महंत विजया नंद दास ने कहा की आगामी 17 मार्च को सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक वोटिंग प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें सभी अखाड़ा के अध्यक्ष एवं सचिव अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 2023 रामनवमी महासमिति अध्यक्ष चुनाव में भाग लेंगे तथा उसी दिन संध्या चार बजे वोटों की गिनती की जाएगी तथा परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया की इस बार का रामनवमी को भव्य व सुंदर बनाया जाएगा तथा नवमी व दशमी को हर घर में एक सौ एक दीपक जलाना है तथा सभी झाकीयों में वाद्य यंत्रों को बंद कर सामूहिक आरती करने के साथ साथ पुर्ण रुप से नशामुक्त त्योहार मनाने की बात कही गयी। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष पद हेतु मनीष शर्मा, पवन गुप्ता, कुणाल यादव ,उमेश साव एवं राहुल बाल्मीकी ने अपनी दावेदारी पेश की है। बताते चलें की हजारीबाग की ख्याति प्राप्त रामनवमी को इन्टरनेशनल रामनवमी कहा जाता है तथा सरकार व जिला प्रशासन के लिए रामनवमी को शांति पूर्वक संपन्न कराने की चुनौती होती है। सरकारी निर्देश के तहत जुलूस में चलंत डिजे पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जिससे अखाडो. में ऊहापोह की स्थिति बनी हुयी है तथा अखाड़े के लोगों के द्वारा ताशा पार्टी के लिए खोजबीन शुरू कर दी गयी है। बैठक में रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गोप, पवन गुप्ता, मंजीत यादव, शशि केसरी, संदीप पांडेय, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।





# बजरंगबली की मूर्ति को लेकर नगर भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रूद्र यज्ञ का आयोजन ग्राम होरम में दिनांक 10 मार्च से आयोजित किया गया है। इसमें दिनांक 12 मार्च दिन रविवार को मंडप पूजन हवन, जल धिवास अन्नाधिवास, महा स्नान एवं नगर भवन गाजे-बाजे के साथ राम भक्तों श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारों लगाते हुए नगर भ्रमण किया, इस दौरान यज्ञकर्ता महंत श्री श्री 108 श्री राम नारायण दास त्यागी कामरू कामाख्या सिद्ध पीठ साधक वाराणसी से आए हुए बाबा ने बताया कि जिस क्षेत्र में यज्ञ होता है नगर क्षेत्र भ्रमण में मुख्य रूप से अध्यक्ष खिरोधर महतो, सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष होरिल महतो, यज्ञकर्ता रामा नारायण दास , टेकलाल महतो, बासुदेव महतो, महादेव महतो, महावीर महतो, खेमन महतो, देवनारायण कुमार, अमरलाल, सुरेश कुमार, रामदेव महतो, नारायण, द्वारका कुमार, टेकलाल कुमार, मेघलाल महतो, महेंद्र महतो, कैलाश राणा, सुशीला देवी, यशोदा देवी, अनीता देवी, गुड्डी देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल होकर बढ़-चढ़कर भाग लिया।



## अफीम के साथ दो को भेजा न्यायिक हिरासत में



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** पेलावल ओपी कांड संख्या 35/23 एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त प्रवीण पिता प्रकाश दांगी और सचिन कुमार पिता दिनेश दांगी ग्राम गिद्धौर थाना गिद्धौर जिला चतरा को 2.776 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र को क्राइम और नशा कारोबारियों से मुक्त करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है।

# श्री रामनवमी झंडा महासमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्री राम नवमी झंडा महासमिति की बैठक रविवार को बेलाटांड़ स्थित कला मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक महावीर मोदी एवं संचालन चंदन चक्रवर्ती ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्री राम नवमी झंडा महासमिति के अध्यक्ष के रूप में संतोष यादव और महासचिव चंदन चक्रवर्ती चुने गए। मौके पर अध्यक्ष संतोष यादव ने लगातार पांचवी बार महासमिति का अध्यक्ष चुने जाने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष पूरे भव्यता के साथ झंडा चौक पर श्री राम नवमी झंडा महासमिति के द्वारा विभिन्न अखाड़ा समितियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर रमेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, महावीर मोदी, प्रकाश राम, बीरेंद्र सिंह, निर्मल ओझा, सिद्धि प्रसाद, महेश यादव, रवि यादव, विजय वर्णवाल, विनोद दीवाना, दीपक कुमार, राज कपूर, सूरज मोदी, संतोष कुमार शर्मा, नवीन कुमार सिन्हा, रूपेश सिंह, चंदन चक्रवर्ती, उमेश कुमार दास, अप्पू कुमार, अविनाश कुमार, अंकित गुप्ता, राजीव सिंह, ईश्वर मोदी, सौरव यादव, गुड्डु जायसवाल, राम यादव, मंटू सिंह, बबलू सिंह, संजय यादव, अनिल यादव, असनाबाद रामनवमी झंडा समिति के राज कपूर, सिद्धि प्रसाद, तिलैया बस्ती से उमेश कुमार दास, संजय दास, रवि यादव, करमा से अनिल यादव, इंदरवा बस्ती से महेश यादव, बेलाटांड़ से सौरव यादव, मोरियावां से ईश्वर मोदी, बजरंग नगर से विनोद दीवाना, विद्यापुरी से सचिदानंद गांधी आदि मौजूद थे।



# धान के भुगतान को लेकर सतगावां में धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** किसानों से खरीदी गयी धान का भुगतान अभी तक नहीं होने, पुराना बकाया पर चुप्पी साधने, सुखाड़ राहत की राशि का भुगतान नहीं होने और जमीन की ऑनलाईन गड़बड़ी के खिलाफ झारखंड राज्य किसान सभा कोडरमा जिला इकाई की ओर से आगामी 14 मार्च को बासोडीह हटिया से किसान मार्च करते हुए प्रखण्ड पहुंचकर धरना देंगे। इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को स्मारपत्र सुपुर्द किया जाएगा। नेतृत्व झारखण्ड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार, रजौली प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख जगदीश यादव, नवादा जिला किसान सभा के नेता बैजनाथ सिंह, कोडरमा के सह संयोजक परमेश्वर यादव आदि करेंगें।

# डीजे वाहन और ऑटो के बीच टक्कर में एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** रविवार की शाम कोडरमा थाना अंतर्गत लाराबाद आरपी मोदी स्कूल के समीप डीजे वाहन व ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना में दो बच्चे समेत सात लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ऑटो तिलैया से बेकोबार की ओर आ रही थी। इसी क्रम में डीजे लदा पिकअप वैन पीछे से तेज रफ्तार में आकर ऑटो को टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में लोहासिकर निवासी 40 वर्षीय राजेश यादव पिता निरपत महतो की मौत घटना स्थल पर हो गयी। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

# मां मथुरासिनी महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 14 मार्च से

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** झुमरी तिलैया माहुरी वैश्य मंडल के तत्वाधान में 14 मार्च से 17 मार्च तक मां मथुरासिनी महोत्सव का आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। यह जानकारी वैश्य मंडल के स्थानीय अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव संजय तरवे ने दी। ध्वजारोहण वयोवृद्ध समाज की महिला मनोरमा देवी के करकमलों से होगा। तदुपरांत झांकी के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि गया महामंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष प्रमोद भदानी होंगे। साथ ही स्थानीय समाज के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया जायेगा। 15 मार्च को सुबह 08 बजे से पूजा अर्चना के साथ सवा 13 घंटे का अखण्ड ज्योत के साथ संगीतमय भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, जिप अध्यक्ष रामधन यादव के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों विभिन्न सामाजिक स्वयंसेवी संगठन एवं धाार्मिक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्य को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा समाज के गोष्टी में सामाजिक गतिविधियों की रिपोर्ट समाज के पदाधिकारीगण प्रस्तुत करेगें। मालूम हो कि अजीत वैशखियार टीवी कार्यक्रम कौन बनेगा करोडपति के 1 करोड़ रुपए के विजेता का अवार्ड भी प्राप्त कर चुके है। इसी दिन संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें महामंडल पदाधिकारी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता धनबाद सहित महामंडल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला संगठन की अध्यक्ष ललीता भदानी, सचिव सरोज पवन चौदह, नवयुवक समिति के अध्यक्ष प्रतीक कुमार सचिव साहिल भदानी, बालिका समिति की अध्यक्ष अंकिता एकघरा, अंजली एकघरा के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के परियोजना निर्देशक राजेश भदानी, गौतम वैशखियार, राजेश कपसिमें, दयानंद पवन चौदह, सोनु पहाडी, राहुल कपसिमें, भानु प्रसाद, नीरज अठघरा, दिलीप अठघरा, अंकित अठघरा, बिनोद भदानी, अरूण सेठ, अरविन्द एकघरा रवि कपसिमे आदि सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।



## जंगल में लगी भीषण आग, सैकड़ों पेड़ हुए जल कर राख



**चरही (आजाद सिपाही)।** इनदिनों पतझड के मौसम आते ही जंगल में आग लग जाता है आखिर क्या कारण हो सकता है। चाहे जो भी कारण हो आग तो लग जाता है इसके लिए विभाग का अधिकारी नियुक्त है उसके लिए सरकार की ओर से वेतन के रूप में रुपय दिया जाता है बदले में क्या फर्ज बनता है आग को बुझाना लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता है। रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र के ग्राम इन्दरा के जंगल सहित विभिन्न जंगल में आंग का लपेटा उठ रहा है पर इसको देख रेख के लिए विभाग का कोई ध्यान नहीं है। जानकारों का कहना है की मांडू रेंज में रेंजर के हाथो में सारा कमान है इसपर ध्यान क्या जाएगा सिर्फ क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार हो रहा है इसका इट्री का रुपय लेने में ध्यान लगा है तो जंगल का आग पर क्या ध्यान जायेगा। इधर जंगल में भीषण आग लगने के कारण से छोटे बडे सैंकड़ों पेड जलकर राख हो गया साथ ही कितने जीव जंतु को जलने से जान चला गया। सरकार कहता है कि पेड लगाकर पर्यावरण को रक्षा करें लेकिन दिन बर दिन जंगल लुप्त होते जा रहा हैं।

## मांडू विधायक ने सड़क सुंदरीकरण कार्य का किया शिलान्यास



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एनएच-100 मुख्य पथ होलंग से दुमुहान नाला तक 1.850 किमी पथ सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रविवार को पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि जनता की समस्या उनकी प्राथमिकता सूची में पहले नंबर पर है। कहा कि जब भी मौका मिलता है, विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को उठाने का काम करता हूं। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है। आगे भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान वह होलंग के उपस्थित सैकड़ों महिला-पुरुषों से उनकी समस्याओं को सुना व जल्द ही इन समस्याओं के समाधान करने की दिशा में पहल करने की बात कहा। उन्होंने टाटीझरिया अंचल में ग्रामीणों की परेशानी पर हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से बात कर कर्मचारी नियुक्त करने की बात कहा है। मौके पर योधी प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, रोहित कुमार पटेल, प्रमोद सिन्हा, होपन सिंह, अरुण सिंह, अजय सिंह, अर्जुन राणा, गौतम कुशवाहा, बोधी महतो, बिनोद कुमार, जानकी महतो, हितेंद्र पटेल, बालेश्वर महतो, चंद्रकांत कुमार, नारायण महतो, बंधु महतो, जगदीश महतो, सैनाथ महतो, विशुन महतो, खीरो महतो, टुकन महतो, गिरधारी महतो, तिजु महतो, मोसमात भगिया, प्रमिला देवी, भैरव महतो, मुरली गंझू, डोमन महतो, प्रयाग गंझू, तिलो महतो, इंद्राम महतो, भुनेश्वर महतो, जगदीश महतो, सरजू गंझू, सुनिल वर्णवाल, लालमन महतो, सुजीत कुमार समेत सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ होगा राजभवन का घेराव



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में हिंडनवर्ग के रिपोर्ट के अनुसार अडानी ग्रुप एवं प्रधानमंत्री मोदी की संलिप्ता के आलोक में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, कुशासन तथा आर्थिक विफलताओं से आम जनता का ध्यान भटकाने तथा मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट देने की जवाबदेही से भागने के सवाल पर हम मोदी सरकार को सड़क से लेकर संसद तक घेरने को कट्टिबध हैं। हमारे देशवासी देख रहें की राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा संसद में पूछे गए अडानी से आपका क्या रिश्ता है जैसे प्रासंगिक सवालों का जवाब न देकर मुद्दे को भटकाने का असफल प्रयास करते नजर आ रहें हैं। आम जनता सब समझ रही है कि हिंडनवर्ग के खुलासे से अडानी का फैसला देख मोदी जी चुप क्यों हैं। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में हजारों की संख्या में जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर से राजभवन मार्च में लोग शामिल होंगे। मौके पर अशोक देव, जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, नरेश गुप्ता, गुड्डू सिंह, शिव कुमारी सोनी, सदरूल होदा, बाबर अंसारी, विजय कुमार सिंह, मो. रब्बानी, बाबु खान, मो मुस्ताक, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, दिलीप कुमार रवि आदि उपस्थित थे ।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोर्रा थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की से शादी का झांसा देकर झनझरिया पुल के समीप लॉज में बाजबरन शारिरिक संबंध बना कर अश्लील वीडियो वायरल कर देने की धमकी देने वाले पीयूष कुमार पिता-फागु महतो,सा-हरली, थाना-बड़कागांव, जिला-हजारीबाग के विरुद्ध पोकसो एक्ट के तहत कोर्रा थाना कांड सं-39/23 दर्ज कर त्वरित कारवाई करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## मार्क्सवादी समन्वय समिति की बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड मार्क्सवादी समन्वय समिति की बैठक की गई। प्रखंड कमेटी की बैठक कॉमरेड मिथिलेश कुमार सिंह जिला अध्यक्ष आरती मांझी जिला जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो कार्यकारिणी अध्यक्ष हेमंत महतो दुलारचंद गंझू , महावीर मांझी, महेश महतो, घनश्याम, पिंटू पासवान, शीला देवी, दुलारचंद गंजू, भागीरथ महतो, पप्पू कुमार, सुरेश पासवान, तमाम सैकड़ों कार्यकर्ता मजबूत मौजूद थे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया मार्क्सवादी समन्वय समिति पार्टी को मजबूती स्थिति में लाने के लिए जोर किया जाए और पंचायत कमेटी का गठन किया जाए हम लोगों को भी मार्क्स 8 पंचायत मजबूत स्थिति में है, बाकी पंचायत में संगठन को जोड़ने पर बल किया जाए शहीद कॉमरेड एके राय को लाल सलाम के साथ बैठक को विराम दिया गया।

## चैती दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**बरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत में सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति नगर बरसोत रामनवमी दशहरा त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को दामोदर कुशवाहा के अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, सचिव राजेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश केशरी, अजित राम, सूरज चंद्रवंशी को उपसचिव तथा उपकोषाध्यक्ष दामोदर महतो को बनाया गया। कार्यकारणी समिति सदस्य युगेश्वर साव, बिनोद महतो,मनोज कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, दीपक दास, दिलीप भुइयां, आकाश भुइयां, जिम्बू रजवार, विशाल चंद्रवंशी, नितेश कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णुधारी महतो ने कहा कि नगर बरसोत में रामनवमी के अवसर पर दुर्गा पूजा हमलोगों के पूर्वजों के समय से किया जा रहा है। यह पूजा चैती दुर्गा पूजा के नाम से जाना जाता है। यहां भव्य मेला का आयोजन किया जाता है जिसे देखने के लिए आसपास के कई गांवों के लोग आते हैं। इस बार चैती दुर्गा पूजा 22 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होगी। बैठक मे बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी पंसस प्रतिनिधि सुजीत प्रसाद, पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष रजवार, बिरेन्द्र सिंह, महेंद्र राम, गुलाबचंद प्रसाद, सिकन्दर केशरी, दीपक पाठक, पूर्व पंसस वन बिहारी कुमार, आनन्द केशरी, आनन्द रत्न मौर्य, प्रयाग साव, बुलाकी साव, बलदेव साव, प्रभात कुमार,वार्ड सदस्य सुधीर कुमार सहित कई ग्रामीण की उपस्थिति हुयी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## डर के साये में हैं रामगढ़ के डॉक्टर, आइएमए ने लिखा एसपी को पत्र

# अभी तक गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ का चिकित्सक समाज डर के साए में जी रहा है। यहां दिनदहाड़े चिकित्सकों को जान से मारने की धमकी मिल रही है। उनसे रंगदारी वसूलने के लिए अपराधी उनके दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। इसके बाद भी रामगढ़ पुलिस अभी तक एक भी सुराग नहीं ढूंढ पाई है। इस मुद्दे को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रामगढ़ शाखा ने एसपी पियूष पांडे को एक पत्र भी लिखा है। रविवार को यह मामला एक बार फिर चर्चा में रहा। रामगढ़ शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ भानुदास को उनके क्लीनिक में ही दिनदहाड़े धमकी दी गई। 24 फरवरी को उनके रिसेप्शन पर अपराधियों ने एक चिट्ठी छोड़ा, जिसमें 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। इसके अलावा उस चिट्ठी में यह भी लिखा गया था कि अगर रंगदारी की रकम नहीं दी गई तो उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा।

### 18 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ सुराग नहीं

लगभग 18 दिन पहले हुई इस वारदात की जांच पुलिस तो कर रही है। लेकिन उनके हाथ एक भी सुराग नहीं लगा है। पुलिस अभी भी अपराधियों से कोसों दूर है। इस मुद्दे को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रामगढ़ जिला अध्यक्ष डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और सचिव डॉ ठाकुर विजय सिंह ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

### अभी तक गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक

डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने कहा कि डॉ भानुदास शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके में अपना क्लीनिक चलाते हैं। जब उनसे रंगदारी मांगी गयी थी तो उन्होंने तत्काल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। जब राज्य स्तरीय आंदोलन चिकित्सकों ने किया था तो उसमें भी डॉ भानुदास का मामला शामिल किया गया था। राज्य के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव को इसकी सूचना भी दी गई थी। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं होना काफी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ पुलिस से उन्हें काफी उम्मीदें हैं, ताकि यहां के चिकित्सक डर के साए से बाहर निकलकर जनता की सेवा करें। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि चिकित्सकों को राज्य के डीजीपी से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने के लिए अनुरोध करना होगा।

## साहित्य सृजन एवं महिला काव्य मंच में जीप उपाध्यक्ष हुए शामिल



**इटखोरी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के धुना गांव स्थित प्रज्ञा पीठ में रविवार को साहित्य सृजन मंच व महिला काव्य मंच के द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि बिरजू तिवारी के द्वारा शुशीला कुमारी के द्वारा लिखी पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक विमोचन से पूर्व अतिथिओं ने द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में कावियित्री एएनएम सुशीला कुमारी की पुस्तक "बचपन की पचपन कविताएं" पुस्तक का विमोचन में मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, गायत्री प्रज्ञा पीठ के संचालक श्यामानंद शर्मा, समाजसेवी देवकुमार सिंह, महिला मंडल के संस्थापक मीरा देवी, डॉ संध्या रानी, डॉ रविकान्त शुभम, आर्ट ऑफ लिविंग चतरा के दीपक कुमार, डॉ देवानंद समेत अतिथिओं को संस्था के सदस्यों ने बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र भक्ति रस में डूबेगा। उन्होंने पुस्तक के लेखक शुशीला कुमारी को धन्यवाद दिया। मंच संचालन ज्वाला सिंह ने की। मौके पर गायत्री संस्था के वरीय सदस्य पेमन दांगी, बसंत सिन्हा, महिला काब्य मंच के सचिव ऋषिका दीप, करनी मुखिया प्रतिनिधि संजय रजक, सेविका सह संस्था के सदस्य संगीता कुमारी, सुभाष रंजन, लखन राम समेत बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य मौजूद थे।

## सी क्लब में ग्रामीण युवाओं की मीटिंग संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिद्दी।** गिद्दी सी क्लब मे ग्रामीण युवाओं का मिटिंग संपन्न अध्यक्षता संतोष चौधरी ने किया वा संचालन विक्की राईन ने किया बैठक में मुख्य रूप से आजाद राईन मौजुद रहे बैठक में आम सहमति से फैसला लिया गया की आगामी 20 मार्च सोमवार को गिद्दी सी प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा जायेगा रोजगार युवाओं को लोकल सेल और हायवा लोडिंग में रोजगार दिलाने भष्टाचार के विरुध निष्पक्ष जांच कराने कुल कितने कमेटी और ऊन कमेटियो मैं कौन लोग हैं वो सही है या भोले भले मजदुरो के आद में लूट रहे हैं इसका निष्पक्ष जांच करवाने कौन कौन लोग विस्थापीत और कौन कौन लोग विस्थापीत नहीं होते हुए भी विस्थापीत का पैसा गलत तारिके से ले रहे हैं जान हो स्थानियिये बेरोजगार युवाओं को सभी तरह के ठेकेदारी में पराथमिकता देने आदि मांगे प्रमुख है बैठक मे मौजुद रहे महेश महतो राजू महतो तबारक आजाद अंसारी गोविंद राम बन्टी अंसारी शोएब अंसारी राजेश राम गुल्ली तुरी आदि ।

## फिजिक्स वाला ने किया छात्रों का कैरियर मार्गदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना स्थित सामुदायिक भवन में फिजिक्स वाला के तत्वावधान में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएट डायरेक्टर सह रांची सेंटर हेड डॉ एनडी वर्मा एवम विशिष्ट अतिथि चीफ बिजनेस कोलैबोरेटिंग ऑफिसर ईस्ट जोन हेड देवब्रत दास व बिजनेस हेड रांची अमित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों से आये बच्चों को उनके कैरियर के प्रति जागरूक किया गया। डॉ वर्मा ने फिजिक्स वाला के संबंध में विस्तृत जानकारी देते बताया की फिजिक्स वाला की शुरुआत नौ वर्ष पूर्व अलख पांडे द्वारा की गयी थी। संस्थान से लगभग तीन करोड़ से ऊपर छात्र छात्राओं का निबंधन हुआ है एवं दस करोड़ के लगभग यूट्यूब सब्सक्राइबर है, साथ ही विद्यापीठ ऑफलाइन सेंटर भारत के विभिन्न शहरों में शुरू कर दिया गया है। फिजिक्स वाला मुख्य उद्देश्य है की गरीब छात्र छात्राओं को निःशुल्क या कम से कम शुल्क पर कौशल शिक्षा देकर छात्रों को स्वावलंबी बनाया जा सके जिससे वो विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि बच्चों को हर दिन प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स क्लासरूम नोट टेस्ट सीरीज वीडियो सॉल्यूशन कराया जाता है, सभी सब्जेक्ट के लिए डाउट डेस्क है जहां छात्र छात्राओं को समस्याओं का समाधान किया जाता है।

## महिलाओं का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** प्रखंड के मगनपुर पंचायत भवन में 'नारी शक्ति' विडियो वालंटियर्स के माध्यम से नारी शक्ति सम्मान का आयोजन किया गया। यहां मुख्य रूप से कांग्रेस नेता बजरंग महतो शामिल हुये। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बजरंग ने कहा कि आज महिलाएं अपने समाज, देश, एवं राज्य के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए घर चौकठ से बाहर निकल चुकी है। हर रोज समाज, देश एवं राज्य के विकास तेजी आगे बढ़ कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मौके पर गोला बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो , प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी , जिला उपाध्यक्ष जेएमएम विनित प्रभाकर, बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो, अन्दू राम महतो, सईद अख्तर ,समीर अंसारी, धिरेन महतो, सफीक अंसारी, विडियो वालंटियर्स के भारती कुमारी, संचालक कल्याणी महिला मंडल उषा देवी, रीमा देवी, पिंकी देवी, मीना देवी, कंचन देवी, बेला देवी आदि मौजूद थे।

## घर के बाहर लगी बाइक की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार निवासी रवि कुमार पिता जगदीश रविदास ने रामगढ़ थाना में बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि अपने जीजा दीपक रविदास की बाइक जेएच02भी 2240 को प्रतिदिन की तरह 7 मार्च को काम पर लेकर गया था और रात 8 बजे वापस घर के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। जब सुबह उठा तो बाइक गायब था। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दो एकड़ में लगी पोस्ता की फसल की गयी नष्ट



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** टंडवा वन क्षेत्र पदाधिकारी मुक्ति प्रकाश पन्ना वन विभाग थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह सहित थाना बल एवम सीआरपीएफ के संयुक्त टीम द्वारा सोपारम हुंबी जंगल के घने व सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 1.5 से 2 एकड़ अफीम की खेती को ट्रैक्टर,ग्रास कटर मशीन, डंडे आदि के मदद से नष्ट किया गया। इस अभियान में ललटू कुमार, मुरारी प्रजापति, सुनील कुमार, राकेश कुमार और एएसआई अशोक कुमार, राजेश राम सहित अन्य पुलिस बल एवम सीआरपीएफ जवान शामिल थे।

## कुरसे में राजस्व गांव के ग्रामीणों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** कुरसे पंचायत भवन में रविवार को भुरकुंडा परियोजना के अंतर्गत लोकल सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया संदीप उरांव ने की। बैठक में राजस्व ग्राम कुरसे, बलकुदरा, देवरिया, दुंदुवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में आम सहमति बनाकर लोकल सेल संचालन समिति बनाकर सेल का संचालन करने की बात कही गयी। कहा गया इसी समिति के माध्यम से आम अवाम और बेरोजगार लोगो को सेल में रोजगार दिया जायेगा। कहा गया की सेल संचालन समिति का सहमति पत्र मंगलवार को अंचलाधिकारी, एसडीओ और भुरकुंडा पीओ को देकर सेल का संचालन जल्द चालू कराने की बात कही जायेगी। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, विजय साहू, राणा सिंह, रामदास बेदिया, राजेंद्र मुंडा, प्रदीप मांझी, अमर यादव, संतोष मांझी, राजू मुंडा, योगेंद्र यादव, बीरेंद्र मांझी, सन्नी बेसरा, बिहारी मांझी, अजय साहू, कैलाश साहू, राजाराम प्रशाद, देवानंद प्रशाद, नंदकिशोर मुंडा, शंकर मांझी, फुलेश्वर राम, रोहित मुंडा, महेश सिंह, जयलाल सिंह, संतोष यादव, अनिल एक्का, संजय यादव, मनोज महली, उमेश मुंडा, रबिन्द्र यादव, मनोज मुंडा, सूरज बाड़ा, श्रीनाथ करमाली, अनिल खाखा, सिकेन्द्र उरांव, प्रिंस बेदिया, राजकपूर सिंह, हरिचरण करमाली, सिकेन्द्र मुर्मू,अनिल, बिनय प्रशाद, उमेश प्रजापति, ललित कुमार, प्रेम प्रसाद, धनीराम मुर्मू, मिंटू मुंडा, बिनोद करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर की गयी बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** भाजपा मांडू मंडल ने कुजू पश्चिमी पंचायत के यूथ रिक्रिएशन क्लब में बुथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर अल्पकालीन विस्तारक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद मांडू मंडल मंत्री सह शक्ति केंद्र प्रभारी डिंपल प्रजापति के अलावे मंडल टोली के सदस्य अखिलेश्वर प्रसाद ने बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर पन्ना प्रमुख, बूथ कमेटी का पुनःनिरीक्षण कर सशक्त बनाने का सुझाव दिया। साथ ही, सरल ऐप एवं नमो ऐप डाउनलोड करने संबंधित जानकारी दी गयी। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, मनोहर गुप्ता, जनक प्रसाद, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, श्रवण सिंह, शुभम कुमार, अशोक गुप्ता, मिथिलेश मेहता, राजेश प्रयाद, हिमांशु कुमार, राजेंद्र केसरी शामिल रहे।

## जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी चेक पोस्ट समीप जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मानवाधिकार एसोसिएशन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष मोहम्मद हसन ने किया। इसमें मुख्य रूप से पंद्रह मार्च को जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन उरीमारी शाखा कार्यालय का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया। उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ( दिल्ली ) द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से त्रिपुरारी सिंह, अर्जुन कुमार दीप, शहीद अंसारी, मकबूल अंसारी, धनेश्वर तुरी, कार्तिक मांझी, हकीम अंसारी, रूपलाल बेदिया, जगदीश राम, चमन गंझू, महेश ठाकुर, शशि बेदिया, आशिफ हुसैन, इबरार अंसारी, पुसन गंझू, सुरेंद्र कुमार सिंह, अब्दुल कुदुस, दिलीप बास्के, रामेश्वर बेदिया आदि मौजूद थे।

## गोला में सफाई अभियान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** कुसुमडीह में भारत मां छिन्नमस्ता ट्रस्ट के द्वारा गोला से दिल्ली तक स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता बुलेट महतो एवं संचालन गुड्डु कुमार ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी प्रमुख गीता देवी मुखिया नरगीश मुरुसद मौजूद थी। विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि स्वछता को लेकर जिस तरह से स्वच्छ भारत अभियान मां छिन्नमस्ता ट्रस्ट ने गोला से दिल्ली तक जाने का निर्णय लिया । इससे लोगो मे जागरूकता बढ़ेगी। मौके पर अनुराग भारद्वाज, विशु रजवार, राहुल कुशवाहा, पवन प्रमाणिक, उमेश सोनी, अरुण दांगी, राजकुमार गिरि, बादल गोस्वामी, सुधा देवी सिंह आदि महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## दिगवार में क्लोथ स्टाइल जोन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** दिगवार मैन चौक में रविवार को क्लोथ स्टाइल जोन (कपड़ा दुकान ) खोला गया। जिसका विधिवत उद्घाटन वार्ड नंबर चार के वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा ने फीता काटकर किया। साथ ही, उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि चौक पर दुकान के खुलने से ग्राहकों को काफी सुविधा प्रदान होगी। इधर, संचालक निरंजन कुमार एवं बलराम कुमार ने बताया कि दुकान में लेडीज वेयर, मेंस वेयर एवं किड्स वेयर के सारे सामान किफायती दर पर उपलब्ध है। जहां सस्ते दर पर ग्राहकों के लिए कपड़े उपलब्ध होंगे। इससे पूर्व, पंडित संदीप तिवारी ने यजमान बने वासुदेव महतो एवं उनकी धर्मपत्नी बिजली देवी को विधिवत पूजा अर्चना कराया। मौके पर माना महतो, रामचंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, कृष्णा कुमार, प्रेमचंद कुमार, संतोष महतो, रानी कुमारी, पुष्पा कुमारी, ज्योति कुमारी, कैला महतो, कामेश्वर महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सड़क पर दुकान नहीं लगाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** टंडवा व्यवसायिक संघ ने दुकानदारों से टंडवा मुख्य बाजार समेत मुख्य सड़क में लगने वाली दुकानों को जल्द हटाने की निवेदन किया है। इससे यात्री वाहनों समेत राहगीरों को आवागमन में असुविधा ना हो। इस दौरान संघ से जुड़े दर्जनों दुकानदारों ने शनिवार और रविवार को संघ के अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता के नेतृत्व मे मुख्य सड़क व बाजार का भ्रमण कर सड़क किनारे संचालित दुकान संचालकों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का अपील किया। कहा गया है कि दुकानदार अपनी दुकान सड़क पर ना लगाकर अपने दुकान के अंदर ही लगाये। इस संबंध में लोगों ने कहा कि कुछ दुकानदार सड़क को अतिक्रमण कर रखा है। इनकी दुकान सड़कों पर सजती है। जिससे आवागमन मे काफी परेशानी होती है। पिछले कई वर्षों से टंडवा मुख्य बाजार से भारतीय स्टेट बैंक तक कइ दुकानदारों की मनमानी चलती है। वहीं दूसरी तरफ आम ग्रामीणों ने जिला व स्थानीय प्रशासन से पुरे बाजार को मापी कराकर जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने कि मांग किया है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता शंकर गुप्ता नंदा थापा मदन भगत सुरेश नायक मदन गुप्ता डबलु गुप्ता राजेंद्र प्रसाद रंजीत गुप्ता राजुउद्दीन मो. राजा राजन कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## राजभवन मार्च में रामगढ़ से भारी संख्या में शामिल होंगे कांग्रेसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 मार्च को आहूत राजभवन मार्च में भारी संख्या में रामगढ़ जिला के कांग्रेसी शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने देते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की क्रोनी कैपटलिज्म की नीति के कारण देश आर्थिक संकटों से गुजर रहा है और सरकार देश के बुनियादी ढांचा को अडानी समूह को बेच रहे हैं। इसके साथ साथ एलआईसी और एसबीआई जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। जिससे देश के करोड़ों गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों की बचत जोखिम में है। रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं कांग्रेस जनों को मार्च में शामिल होने के निर्देश दिए गये है।

# प्रदूषण के विरोध में फैक्ट्री गेट के समक्ष धरना जारी, प्रबंधन ने 16 को वार्ता के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू ।** बूढ़ाखाप स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों का आंदोलन फैक्ट्री गेट के समक्ष तीसरे दिन भी जारी रहा। इधर, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक की अगुवाई में पुलिस द्वारा जारी आंदोलन को समाप्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को जल्द पूरा कराने को लेकर अड़े रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रबंधन जब तक प्रदूषण पर कंट्रोल करने का उपाय नहीं करता है, तो इसी तरह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### आलोक स्टील के जीएम ने 16 को वार्ता के लिए बुलाया

वही, आलोक स्टील कंपनी के महाप्रबंधक द्वारा जारी पत्र में कंपनी के निदेशक का फिलहाल बाहर होने का हवाला दिया गया है। प्रबंधन ने आंदोलनकारियों से आगामी 16 मार्च को 3 बजे विभिन्न मांगों के मुद्दे को लेकर सकारात्मक वार्ता कराने की बात कही है। वहीं, गेट के समक्ष दिए जा रहे प्रदर्शन को फिलहाल हटाने का अनुरोध किया गया है।

### क्या है मामला

बताते चलें कि, प्रदूषण के खिलाफ आसपास के दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष गत 10 मार्च से अपनी मांगों को पूरा कराने को लेकर तंबू लगाकर गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण से आसपास के लोग काफी प्रभावित हैं। वही, फैक्ट्री द्वारा डीप बोरिंग के इस्तेमाल के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे जल संकट गहरा गया है।

### कौन कौन है धरना में

धरना प्रदर्शन में आरती देवी, बसंती देवी, पूनम देवी, कुमुद देवी, उषा देवी, बबीता देवी, संजू देवी, ममता देवी, रीना देवी, शीला देवी, गुलाबी देवी, मनी देवी, बचनी देवी, प्रियंका देवी, उर्मिला देवी, सुजंती देवी, अनीत देवी, हेमंती देवी, शांति देवी, विराजो देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल और शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिन्कू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पूरी सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गांझू, सुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## आकेटीसी-बीएलए ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की मनमानी चरम सीमा पर

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** आकेटीसी-बीएलए ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा स्थानीय कामगारों का शोषण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग में लगे कामगारों से जबरन 12 घंटे ड्यूटी लिया जाता है। वहीं 75% वर्कर बाहरी है, जो बिहार और बंगाल के हैं एक तरफ सरकार प्राइवेट कंपनियों में 75% स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए नियोजन नीति बनाती है। वही आरकेटीसी-बीएलए सरकार के नियमों को ताक में रखकर कार्य कर रही है। कार्य कुछ मजदूर संघठन के दलालों के कारण यहां के कामगार रोजगार से वंचित है। ज्ञात हो कि इससे पहले शिवपुर साइडिंग के लिये कोयला ढुलाई का कार्य अंबे कंपनी द्वारा किया जाता था। जिसमें कामगारों से 8 घंटे ही ड्यूटी लिया जाता था। साथ ही स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा गया था।

# गैरजरूरी विवाद

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के पर्सनल स्टाफ को संसद की 12 स्टैंडिंग कमिटियों और आठ विभागीय स्टैंडिंग कमेटियों से जोड़े जाने की खबर पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी है। यह अनावश्यक विवाद ऐसे समय उभर आया है, जब देश में लोकतांत्रिक परंपराओं और मूल्यों को कथित तौर पर कमजोर किये जाने को लेकर पहले से ही बहस चल रही है। सोमवार से ही मौजूदा बजट सत्र फिर से शुरू हो रहा है। ताजा फैसले की जानकारी देते हुए मंगलवार को राज्यसभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि संबंधित अफसरों को 'तत्काल प्रभाव से और नया निर्देश जारी होने तक' के लिए इन कमेटियों से जोड़ा गया है। निर्देश के मुताबिक ये अफसर उन कमेटियों के कामकाज में सहायता देंगे। जाहिर है, इस कामकाज में वे बैठकें भी शामिल हैं, जिनकी प्रकृति गोपनीय मानी जाती है। स्वाभाविक ही विपक्षी दल इस पर एतराज कर रहे हैं। कई विशेषज्ञ भी इस कदम को संसद की मान्य परंपराओं और नियमों के खिलाफ बता रहे हैं। ऐसा पहली बार ही हुआ है कि राज्यसभा सभापति के स्टाफ मेंबर्स को इन कमेटियों से जोड़ा गया है। ये जिम्मेदारियां लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के अफसरों को ही दी जाती रही हैं। हालांकि उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से तो स्पष्टीकरण दिया ही गया है। खुद धनखड़ ने भी एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक तौर पर इस मसले का जिक्र करते हुए बताया कि इसके पीछे कोई गलत इरादा नहीं है। मकसद सिर्फ यह सुनिश्चित करना था कि संसदीय समितियों में मानव संसाधन की कमी न हो। तैनाती भी ऐसे अफसरों की ही की गयी है, जो रिसर्च और डिवेलपमेंट से जुड़े कार्यों में कुशल माने जाते रहे हैं, लेकिन सवाल इरादों से ज्यादा तरीके को लेकर है। अगर इन संसदीय समितियों में मानव संसाधन की कमी महसूस हो रही थी तो समितियों की तरफ से सभापति को अनुरोध भेजा जाना चाहिए था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश सहित अलग-अलग समितियों से जुड़े विपक्ष के कई नेताओं ने कहा कि समितियों में मानव संसाधन की कमी नहीं थी, फिर भी अगर उपराष्ट्रपति को अपने स्तर पर ऐसी कोई सूचना मिली थी या जरूरत महसूस हो रही थी, तो संसदीय परंपराओं से हट कर कदम उठाने से पहले विपक्ष से बातचीत करके उसे विश्वास में लेना चाहिए था। आखिर संसदीय लोकतंत्र की गाड़ी तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के दोनों पहियों के सहारे ही आगे बढ़ती है। इस कदम ने दोनों पक्षों के बीच पहले से ही मौजूद तनाव और अविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे आसानी से बचा जा सकता था। विपक्ष के तेवर को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है कि वह इस फैसले को स्वीकार करेगा। यानी सोमवार से संसद में इस मसले पर भी विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तकरार सामने आ सकती है। देखना होगा कि इसमें सुलह का कौन सा फॉर्म्यूला कैसे और कब तक निकलता है।

**विपक्ष के तेवर को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है कि वह इस फैसले को स्वीकार करेगा। यानी सोमवार से संसद में इस मसले पर भी विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तकरार सामने आ सकती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने अपनी किताब 'द रूम व्हेयर इट हैपेंड के 325वें पृष्ठ पर कुछ ऐसा लिखा है : मैंने सोचा कि यह शाम के लिए था लेकिन जल्द ही यह शब्द आया कि शहनहान और डनफोर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संकट के बारे में पोंपियो और मुझसे बात करना चाहते हैं। घंटों के फोन कॉल के बाद संकट टल गया। शायद क्योंकि वास्तव में ऐसा कभी था ही नहीं, लेकिन जब दो परमाणु शक्तियां अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाती हैं, तो बेहतर होगा कि इसे नजरअंदाज न किया जाये।**

# क्या भारत और पाकिस्तान परमाणु विस्फोट के करीब थे


**मनीष तिवारी**

अमेरिका के 17वें विदेश मंत्री और सीआइए के 24वें निदेशक ने हाल ही में जारी अपनी पुस्तक 'नेवर गिव एन इंच' के 340वें पृष्ठ पर कुछ इस तरह लिखा है : मुझे नहीं लगता कि दुनिया ठीक से जानती है कि भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता फरवरी 2019 में परमाणु विस्फोट में फैलने के लिए कितनी करीब आ गयी थी। सच तो यह है कि मुझे इसका ठीक-ठीक उत्तर भी नहीं पता। मैं बस इतना जानता हूं कि यह बहुत करीब थे। मैं उस रात को कभी नहीं भूलना चाहूंगा जब मैं वियतनाम के हनोई में था।

उस समय परमाणु हथियारों पर उत्तर कोरियाई लोगों के साथ बातचीत करना पर्याप्त नहीं था। भारत और पाकिस्तान ने कश्मीर के उत्तरी सीमा क्षेत्र पर दशकों से चल रहे विवाद के संबंध में एक-दूसरे को धमकी देना शुरू कर दिया था। हनोई में मुझे अपने भारतीय समकक्ष से बात करने के लिए जगाया गया। उनका मानना था कि पाकिस्तानियों ने हमले के लिए अपने परमाणु हथियार तैयार करना शुरू कर दिये थे। (यह संदर्भ भारत की पूर्व दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बजाय वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के लिए प्रतीत होता है, पृष्ठ 338 पर उन्होंने कहा कि उन्होंने डोभाल के साथ मिलकर काम किया था)

उन्होंने मुझे सूचित किया कि भारत स्वयं की वृद्धि पर विचार कर रहा था। मैंने उसे कहा कि कुछ मत करो और हमें चीजों को सुलझाने के लिए एक मिनट का समय दो। मैंने राजदूत बोल्टन (तब अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे) के साथ काम करना शुरू किया, जो मेरे साथ हमारे होटल में सुरक्षित संचार सुविधा में थे। मैं पाकिस्तान के जनरल बाजवा के वास्तविक नेता तक पहुंचा, जिनके साथ मैंने कई बार मुलाकात की थी। मैंने उन्हें यह बताया, जो भारतीयों ने मुझे बताया था। उन्होंने कहा कि यह सच नहीं था।

**भारत और पाकिस्तान ने कश्मीर के उत्तरी सीमा क्षेत्र पर दशकों से चल रहे विवाद के संबंध में एक-दूसरे को धमकी देना शुरू कर दिया था।**




**14 फरवरी को पुलवामा हमला हुआ और 26 फरवरी की सुबह बालाकोट एयर स्ट्राइक और 27 तथा 28 फरवरी 2019 को डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के किम जान उन के बीच हनोई शिखर सम्मेलन हुआ। यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि भारत ने बालाकोट हमले के बाद तेजी से बढ़ते संकट को शांत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ परमाणु कार्ड खेला।**

जैसा कि कोई उम्मीद कर सकता है, उनका मानना था कि भारतीय तैनाती के लिए अपने परमाणु हथियार तैयार कर रहे थे। हमें कुछ घंटों का समय लगा और नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में जमीनी सतह पर हमारी टीमों द्वारा उल्लेखनीय रूप से प्रत्येक पक्ष को यह विश्वास दिलाने के लिए कि अच्छा काम हुआ है और दूसरा पक्ष परमाणु युद्ध की तैयारी नहीं कर रहा है। भयानक परिणाम से बचने के लिए उस रात हमने जो किया, वह किसी और देश ने नहीं किया होगा।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने अपनी किताब 'द रूम व्हेयर इट हैपेंड के 325वें पृष्ठ पर कुछ ऐसा लिखा है : मैंने सोचा कि यह शाम के लिए था लेकिन जल्द ही यह शब्द आया कि शहनहान और डनफोर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संकट के बारे में पोंपियो और मुझसे बात करना चाहते हैं। घंटों के फोन कॉल के बाद संकट टल गया। शायद क्योंकि वास्तव में ऐसा कभी था ही नहीं, लेकिन जब दो परमाणु शक्तियां अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाती हैं, तो बेहतर होगा कि इसे नजरअंदाज न किया जाये। उस समय किसी और ने परवाह नहीं की, लेकिन मेरे लिए बात स्पष्ट थी। यह तब हुआ जब लोगों ने ईरान और उत्तर कोरिया जैसे परमाणु प्रसार को गंभीरता से नहीं लिया।

निश्चित रूप से भारत और पाकिस्तान दोनों ने ट्रंप प्रशासन के दो सबसे वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट लेखन का जवाब नहीं दिया है, जिन पर राष्ट्रीय सुरक्षा का आरोप लगाया गया है। मुझे संदेह है कि परमाणु या राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर गैर पक्षपातपूर्ण चर्चा में शामिल होने के लिए संसद में न तो झुकाव है और न ही बौद्धिक क्षमता। पोंपियो और बोल्टन के खुलासे पर वापस आते हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि बालाकोट की जवाबी कार्रवाई के बाद चीजें तेजी से उस सीमा तक बढ़ गयीं, जहां सामरिक और यहां तक कि रणनीतिक परमाणु हथियारों के जल्दी से खेलने की संभावना थी।

14 फरवरी को पुलवामा हमला हुआ और 26 फरवरी की सुबह बालाकोट एयर स्ट्राइक और 27 तथा 28 फरवरी 2019 को डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरिया के किम जान उन के बीच हनोई शिखर सम्मेलन हुआ। यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि भारत ने बालाकोट हमले के बाद तेजी से बढ़ते संकट को शांत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ परमाणु कार्ड खेला। उस स्तर पर आप एक भेड़िए की तरह नहीं रोते। ऐसा करने के और भी परिणाम होते हैं। तथ्य यह है कि इसमें माइक पोम्पियो को पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा से बात करने के लिए प्रेरित किया और नयी दिल्ली तथा इस्लामाबाद में दोनों अमेरिकी दूतावासों को सक्रिय किया, ताकि दोनों राष्ट्रों को तनाव कम करने के लिए तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का एक क्लासिक मामला बनाया जा सके। भले ही मध्यस्थता गुप्त रूप से की गयी हो। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे ज्यादा देर तक गुप्त नहीं रखा। हनोई शिखर सम्मेलन की विफलता पर पर्दा डालने के लिए शायद अपनी वास्तविक अनूठी शैली में उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वे उस जगह जा रहे हैं और हमें उन्हें रोकने की कोशिश में शामिल होना है। हमारे पास कुछ यथोचित अच्छी खबरें हैं और मुझे लगता है कि यह समाप्त होने जा रहा है। इसलिए यह काफी हद तक स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता तेजी से बढ़ती है तो कोई विकल्प नहीं होता। चीजों को शांत करने और विवेक को बहाल करने के लिए इसमें तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप या फिर मध्यस्थता की जरूरत होती है।

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर में सांसद कार्यालय के समक्ष भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई भिड़ंत, पुलिस ने मामला शांत कराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** देश में महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं बीते दिनों त्रिपुरा में कांग्रेस प्रभारी डॉ अजय कुमार पर हुए हमले के विरोध में जमशेदपुर में कांग्रेस समर्थक काफी आक्रोशित है। रविवार को कांग्रेस पार्टी के महिला अध्यक्ष उषा यादव के नेतृत्व में महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल सांसद विद्युत वरण महतो को महंगाई एवं त्रिपुरा में कांग्रेस प्रभारी डॉ अजय कुमार पर हुए हमले के विरोध में ज्ञापन सौंपने पहुंचे। बिस्टुपुर स्थित भाजपा सांसद बिद्युत वरण महतो के कार्यालय के समक्ष कांग्रेस समर्थको और भाजपाइयों की भी आपस में भिड़ंत हो गयी। हो-हंगामा सुन कर सांसद बाहर निकले। महिला कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई को कम करने के लिए सांसद से मांग करते रहे। साथ ही उन्होंने त्रिपुरा राज्य मे कांग्रस के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर हुए हमले का विरोध प्रकट किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सामने आ गये। दोनों तरफ से काफी देर तक नारेबाजी होती रही। देखते ही देखते भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। मौके पर भाजपाई और कांग्रेसियों के बीच तीखी नोंक-झोंक काफी देर तक चलता रहा। उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष को अलग करवाने में जुट गयी।

कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि महंगाई दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। आम जनता के लिए रोजाना जरूरत की रसोई गैस की कीमत से लेकर अन्य रोजाना जरूरत की सामानों कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। मौके पर सांसद कांग्रेसियों को समझाने का प्रयास करते रहे। उधर भाजपा और कांगेस कार्यकर्ताओं में हाथपाई स्थिति को बनते देख मौके पर मौजूद पुलिस ने मामले को शांत करवाया। इस बीच कांग्रेसी सांसद कार्यालय के ठीक बाहर ही धरना पर बैठ गये और महंगाई के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

वहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा यादव ने बताया महंगाई को कम करने के लिए सांसद को ज्ञापन सौंपने आये थे, ताकि सांसद तक आवाज को पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस तरह से भाजपाइयों के द्वारा व्यवहार किया गया या गुंडागर्दी से कम नहीं है। भाजपा का सभी कार्यकर्ता रोड पर उतर आया, जो काफी निंदनीय है। उन्होंने बताया लोकतंत्र में महिला अपने अधिकार के लिए आवाज उठा सकती है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने कानून के खिलाफ काम किया है, जिसका महिला कांग्रेस कड़ी से कड़ी निंदा करती है।

वहीं कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने बताया प्रदेश के निर्देश के अनुसार महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कर सांसद को ज्ञापन सौंपने आये थे, लेकिन इन्होंने कांग्रेसियों के साथ धक्का-मुक्की और लड़ाई किया जिसका कड़ा विरोध करते है। उन्होंने बताया कि इस मामले में हाईकमान से वार्ता तब जरूरत पड़ने पर मामला भी दर्ज करेंगे।

मौके पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया सांसद से मिलने का एक तरीका होता है। इस तरह से विरोध प्रदर्शन कर गलत टिप्पणी या गलत शब्द का प्रयोग करने से पदार्थ नहीं होगा। उन्होंने बताया इसकी सूचना सांसद कार्यालय को भी नहीं थी। इस तरह से गुंडागर्दी भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी।

वहीं महिलाओं का आरोप था कि महंगाई चरम पर पहुंच गयी है। महंगाई पर लगाम नहीं लगाया गया तो लोगों का जीना मुश्किल होगा। देश मे मध्यम वर्ग के लोगों को ज्यादा परेशानी है। दो वक्त की रोटी का भी जुगाड़ करना मुश्किल होता जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा एवं कांग्रेस के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# गोविंदपुर में पार्षद ने बसंती दुर्गा पूजा का किया भूमिपूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर सामुदायिक विकास मैदान में श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा का आयोजन बीते 2002 से किया जा रहा है। रविवार को पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के द्वारा पुरोहित के मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। मौके पर नारियल फोड कर हरे बांस लगाया गया। 22 मार्च को कलश स्थापना के साथ पूजा शुरू की जाएगी। श्री श्री बासंती दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक स्व. बिरेंद्र प्रसाद वर्मा के द्वारा पूजा प्रारंभ किया गया था। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक भरत भूषण, आशिष राय, सुबोध कुमार सिंह, विवेक झा, सतवीर सिंह बग्गा, अरविंद पांडेय, जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, महासचिव मृगेंद्र मिश्रा (बिट्टु), कोषाध्यक्ष चंद्रकांत कुमार(मुनी) समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

# विधायक की पहल पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, ग्रामीणों ने करायी नि:शुल्क जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र के तेतला पंचायत भवन परिसर में निशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। विधायक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में डॉक्टर नागेंद्र सिंह के मां स्वर्गीय गंगा देवी की स्मृति में गंगा मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर में पोटका के अलावा जमशेदपुर, राजनगर,दुमुरिया प्रखंड से लगभग 461 मरीज का जांच किया गया। सभी को स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाई दिया गया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा गंगा नारायण सिंह हॉस्पिटल द्वारा इस तरह का निशुल्क सेवा देना बहुत ही सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में हर साल इस तरह का निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा इसके बाद आसनबनी, डुमरिया व हरिना में भी इस तरह का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर चिकित्सक डॉ नागेंद्र सिंह के अगुवाई में डॉक्टरों की टीमों के उपस्थिति में मरीजों को नि:शुल्क जांच कर निशुल्क दवाई दिया गया। शिविर में 100 से अधिक चयनित मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर में विधायक संजीव सरदार के साथ जिला परिषद हिरण मय दास, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, उपप्रमुख उर्मिला सामाद, सुनील महतो, विद्यासागर दास, मनोरंजन सरदार, अनुपम मंडल, 20 सूत्रीय सदस्य काडु रहमान, भुवनेश्वर सरदार, मनोहर मुंडा सहित मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीण शामिल रहे।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, चोरी का सामान बरामद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में वनमाली गार्डन के रहने वाले आनंद कुमार सिंह के घर चोरी हुई थी। इस मामले में आनंद कुमार सिंह के आवेदन पर पुलिस ने 13 फरवरी को एमजीएम थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी और मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने चोर का पता लगाया और चोरी के आरोपी शंकोसाई रोड नंबर 1 के रहने वाले कर्म देव शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की चांदी की पायल, चांदी की सिकड़ी और अरेबियन सिक्का बरामद कर लिया है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। आरोपी कर्म देव शर्मा को रविवार को जेल भेज दिया गया है।

# बिष्टुपुर पुलिस ने टाटा स्टील कंपनी में चोरी करते दो युवकों को रंगे हाथों पकड़ा, दोनों युवक जुगसलाई के




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना पुलिस ने टाटा स्टील कंपनी में चोरी करते दो युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों में जुगसलाई के ईदगाह मैदान गौरी शंकर रोड का रहने वाला सिराज और गरीब नवाज कॉलोनी का रहने वाला मासूम है। दोनों को रंगे हाथों चोरी करते पकड़ा गया है। टाटा स्टील के एलडी टू एरिया में यह दोनों युवक चोरी कर रहे थे। टाटा स्टील के सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एसआई विनय कुमार सिंह के आवेदन पर इन दोनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि इन दोनों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामनवमी पूजा को लेकर व्यावसायिक संघ अग्रवाल मोहल्ला कमेटी के पदाधिकारियों का चयन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय रामसेवक धर्मशाला अग्रवाल मोहल्ला में रामनवमी पूजा को देखते हुए व्यवसायिक संघ अग्रवाल मोहल्ला के द्वारा 16वें भव्य आयोजन के लिए एक बैठक की गयी। जिसमें हर साल की भांति रथ यात्रा निकालने, नये पदाधिकारियों का चयन करने एवं पुराने वर्ष का आय व्यय जैसे मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नये पदाधिकारियों के चयन पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सर्वसमिति से व्यवसायिक संघ के सदस्यों के द्वारा निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। नये पदाधिकारियों में अध्यक्ष- शुभम केसरी, उपाध्याक्ष- चंदन स्वामी, शुभम चौबे, कोषाध्यक्ष- विमल केशरी, रत्नेश केशरी, गणेश केसरी, मंत्री- मनीष कुमार, पंकज कुमार, आर्यन चंद्रवंशी, संरक्षक- विमल केसरी, रोहित सोनी, अमित सोनी, शरद केसरी, डिंपल केसरी, कुकू अन्ना, सतीश गुप्ता, रणविजय सिंह, मीडिया प्रभारी- रतन रोनित केशरी, आयुष्मान केशरवानी बनाये गये। बैठक में ऋतिक केसरी, अंशु केसरी, शरद केसरी, शिवम सोनी, पंकज कुमार, आर्यन राज, चंदन स्वामी, विवेक कुमार, मनीष कुमार, चेतन केसरी, किशन केसरी, नीरज सोनी, ऋषभ केसरी, अनिकेत केसरी, गणेश केसरी, मंटू कुमार, रणविजय सिंह, शुभम कुमार, रत्नेश केसरी, राजकुमार केसरी, राहुल केसरी, गणेश केसरी, रवि मधेशिया, हिमांशु कुमार, करण कुमार, रोहित कुमार, कंचन कुमार गुप्ता, देवराज, आयुष्मान केसरी, शिवम केसरी, राज केसरी, आयुष कश्यप आदि सदस्य उपस्थित थे।

### हनुमान छोटू प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पुरानी बाजार के हनुमान कहे जाने वाले छोटू प्रसाद नहीं रहे। 80 वर्ष की उम्र में उन्होंने शनिवार की देर रात्रि में अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। एक सप्ताह पूर्व तबीयत बिगड़ने के बाद मेदनीनगर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के बाद उन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए घर लाया गया था। रविवार को उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों के साथ-साथ उनका अंतिम दर्शन तथा श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ लग गयी। परिजनों के साथ-साथ उन्हें देखने के लिए पहुंचने वाले सबकी आंखें नम थीं, सबकी जुबान पर एक ही बात थी कि जीवटता का प्रतीक छोटू प्रसाद का कोई मिसाल नहीं था। बाल्य काल से लेकर वृद्धावस्था तक बेबाकी तथा सामाजिक कार्यों में हनुमान की तरह कार्य करने की वजह से लोग उन्हें मेराल बाजार का हनुमान कहा करते थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय सरस्वती नदी श्मशान घाट पर किया गया। श्रद्धांजलि तथा शोक व्यक्त करने वालों में प्रेमचंद प्रसाद, मुखिया पति मुन्ना राम, नाथुन राम, पूर्व मुखिया देवी शरण, कैलाश प्रसाद, रामसागर प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, राज बिहारी पटवा, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, संजय भगत, सुनील कुमार कालिया, रमेश प्रसाद, नवीन कुमार, रामचंद्र विश्वकर्मा, कैलाश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, रामाधार राम, मनोज जयसवाल, ब्रह्मदेव ठाकुर, अरविंदा सिंह, सुनील सिंह, संजय प्रसाद, डॉ विजय कुमार यादव, प्रदीप प्रसाद सौंडिक, लालू प्रसाद गुप्ता, सुरेश भगत, रामजी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

### रंका मोड़ श्री संकट मोचन महावीर मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर की गयी पूजा-अर्चना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका मोड़ स्थित श्री संकट मोचन महावीर मंदिर के सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए विवार को विधिवत पूजा-अर्चना आचार्य पंडित सुनील धर दुबे एवं उनके सहयोगी पंडित टिंकू पांडेय के द्वारा शुभ मुहूर्त में की गयी। इस अवसर पर राजघराना एवं मंदिर के व्यवस्थापक द्वारिका नाथ केसरी, अशोक केसरी, रवि केसरी, नंदन केसरी, धीरज केसरी, चंदन केसरी, केदारनाथ केसरी की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी उमाकांत तिवारी आदि के द्वारा पूजा कर धूमधाम से भंडारे एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आनंद केसरी, एसएन पाठक, आनंद पांडे, कृष्णा केसरी, मनोज केसरी, रविंद्र केसरी, दिलीप केसरी, स्वप्निल तिवारी, पियूष पांडे, अनुज अग्रवाल, शिवम केसरी, राजेंद्र प्रसाद, ज्वाला तिवारी, शशि शेखर गुप्ता आदि उपस्थित थे। पूजन के अलावे मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए समाजसेवी उमाकांत तिवारी ने छड़ सीमेंट, छड़, सीमेंट, कंक्रीट आदि की व्यवस्था कर दी है। राजघराना एवं सूर्योदय शॉपी तारा मंडप प्रोपराइटर सभी का सहयोग तन मन धन से रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर गुप्त महादान लिया जाएगा।

**प्रेस कांफ्रेंस :** दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा

# प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से पीस रही गरीब जनता

**कांडी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में हर काम के लिए की जाती है अलग-अलग रेट से रिश्वत की वसूली**

आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगने से यहां कार्यरत पदाधिकारी व कर्मी बेलगाम हो गए हैं। कांडी प्रखंड व अंचल कार्यालय की घूसखोरी की लिस्ट बनी तो यह जिले में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में अव्वल होगा। भ्रष्टाचार की चक्की में प्रखंड की निरीह जनता पीस रही है। उक्त बातें स्वयं सेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव सह समाजसेवी शशांक शेखर ने अपने डुमरसोता स्थित अवास पर शनिवार देर शाम प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि वृद्धा-विधवा व विकलांग पेंशन, मृत्यु प्रमाण पत्र, पीएम आवास के लिए भी अलग अलग काम का अलग अलग रेट से रिश्वत की वसूली की जाती है। जमीन मोटेशन के लिए बिना 6 से 7 हजार घूस लिए काम नहीं किया जाता। अगर किसी पीएम आवास लाभुक का पहले से पक्का मकान है या उसके घर में किसी का आवास पूर्व में बना हुआ है तो लाभुक को नाम काटने के नाम पर ब्लैकमेल कर 10 से 15 हजार रिश्वत लिये जाते हैं। हर जरूरत की लाभ के लिए गरीबों से रिश्वत लेने के अलावा कई बार ब्लॉक बुला कर परेशान किया जाता है। एक दिहाड़ी गरीब मजदूर व्यक्ति कार्यालय के बाबुओं को रिश्वत देने के लिए बच्चों की पढ़ाई की फीस व इलाज से कटौती कर उनका पॉकेट गरम करता है। समाजसेवी ने डाटा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में काम के एवज में कर्मियों के द्वारा जमीन मोटेशन के लिए 5 -6 हजार, जमीन सीमांकन में 4-5 हजार, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र में 2-3 हजार, ऑनलाइन खतियान में नाम सुधार के नाम पर एक से डेढ़ हजार, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिए पांच सौ से एक हजार रुपये बतौर घूस की रेट फिक्स है। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर प्रखंड से कट कर कांडी में शामिल तीन पंचायत डुमरसोता, मझिगांवा व हरिहरपुर के लोगों को सूखा राहत योजना का लाभ नहीं मिला पाया। किसान सम्मान निधि योजना में उचित किसानों को लाभ नहीं मिला, उसके बदले ऑपरेटर के द्वारा पैसे लेकर भूमिहीन किसानों को लाभ पहुंचाया गया। उसी तरह 15वें वित्त योजना, नया राशन कार्ड बनवाने व नाम जोड़ने के लिए खुलेआम पैसे की अवैध वसूली आम बात हो गयी है।

उन्होंने बताया कि पतरिया पंचायत के चौखड़ी निवासी दिनेश यादव ने जमीन मोटेशन के लिए अंचल कर्मचारी को 6500 रुपये दिये हैं। उसी गांव के सत्यनारायण यादव ने मोटेशन के लिए सीआई को 14 हजार दिये हैं जबकि 1 हजार और मांग रहे हैं। पतरिया पंचायत के ही चंद्रिका राम के पुत्र अनिल राम ने दो मोटेशन के नाम पर 9500 रुपये अंचल कर्मचारी को दिये हैं। इस तरह हजारों की संख्या में लोग हैं जिनसे रिश्वत वसूल किये जाते हैं।

प्रेस वार्ता में रंजन गुप्ता, संतोष कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।



**गढ़वा डीसी को आवेदन देकर रिश्वत दिये लोगों के नाम एवं राशि का जिक्र करते हुए कार्रवाई की मांग की**

उन्होंने गढ़वा डीसी के नाम एक आवेदन देकर रिश्वत दिये लोगों के नाम व राशि का जिक्र करते हुए 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। लाभुकों के पैसे वापस कराने व प्रखंड व अंचल कर्मी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही समाजसेवी ने वैसे कुछ लोगों के नाम फोन नंबर के साथ सूची जारी की है, जिसने काम के लिए मोटी रकम रिश्वत के रूप में अंचल कार्यालय के विभिन्न कर्मियों को दी है।

## भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक सह प्रशिक्षण शिविर 25-26 मार्च को




**दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ता आवासीय व्यवस्था में रहकर पार्टी के नीति सिद्धांत एवं कार्यपद्धति से अवगत होंगे : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजयुमो जिला कार्यसमिति बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 25-26 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य जिले भर से सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री मुख्य रूप से शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान कार्यकर्ता दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आवासीय व्यवस्था में रहकर पार्टी के नीति सिद्धांत एवं कार्यपद्धति से अवगत होंगे। उन्होंने कहा कि भाजयुमो जिले भर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजयुमो को गढ़वा जिला में मजबूत एवं धारदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो बूथ स्तर पर युवाओं को खड़ा करने का काम करेगा। आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजयुमो कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जिला कार्यसमिति बैठक सह प्रशिक्षण शिविर में गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड के वर्तमान हालात एवं युवाओं के उत्थान के लिए प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजयुमो जिला कार्यसमिति बैठक सह प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे।

जिला महामंत्री संजय कमलापुरी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता पूरे दो दिनों तक आवासीय व्यवस्था में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन से अधिक से अधिक युवा को जोड़ने का अभियान शुरू किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य अजीत तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**महिला चिकित्सक प्रतिमा कुमारी, वकील वीणा पाठक, प्रोफेसर ज्योति गुप्ता को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा गढ़वा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज सम्मान समारोह सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिला चिकित्सक प्रतिमा कुमारी, वकील वीणा पाठक, प्रोफेसर ज्योति गुप्ता को सम्मानित किया गया।



महिला दिवस के मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सह गढ़वा जिला प्रभारी रूपा सिंह ने कहा कि सुषमा स्वराज ने देश के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर किया एवं भारत का नेतृत्व विदेश मंत्री के रूप में पूरे विश्व में किया। यह महिलाओं के लिए गर्व की बात है। महिलाओं को सुषमा स्वराज के पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्र एवं समाज के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में बढ़-चढ़कर आज हिस्सा ले रही हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा एवं दूसरी महिलाओं को भी जागृत करना होगा। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां महिलाओं को सम्मान मिलता है। भाजपा महिलाओं को घर से निकालकर सदन तक पहुंचाने का काम करती है। महिलाओं के हक अधिकार के लिए भाजपा दिन-रात काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना चलायी है। झारखंड में भी पूर्व की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान देते हुए महिलाओं के नाम से एक रुपये में जमीन रजिस्ट्री कराने की योजना चालू की थी, लेकिन महिला विरोधी झामुमो सरकार ने उस योजना को बंद कर महिलाओं का अपमान किया है। आने वाले समय में महिलाएं अपने सम्मान में ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान की झामुमो सरकार ने महिला उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया है, बल्कि झामुमो सरकार में महिलाओं के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहा है। झामुमो के मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। राज्य में लूट मची हुई है। महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। चुनाव के पूर्व झामुमो का यह वादा था कि झारखंड में सरकार बनते ही महिलाओं को 50% आरक्षण मिलेगा, लेकिन सत्ता मिलते ही सारे वादे झामुमो के लोग भूल गए और महिलाओं को उनका अधिकार देना तो दूर की बात है बल्कि महिलाओं के साथ अत्याचार, अनाचार दुर्व्यवहार की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसको लेकर के महिला मोर्चा सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, महिला मोर्चा के जिला महामंत्री सोनू देवी, शोभा जयसवाल, जिला मंत्री पार्वती सिंह, नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती देवी, कंचन जायसवाल, नीरा यादव, रीना सिंह, नीलम देवी, किरण कुमारी, चमेली देवी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### श्री महावीर मंडल मझिआंव मोड़ पर करेगा रामनवमी का भव्य आयोजन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंडल समिति की बैठक रविवार को मझियांव मोड़ स्थित मटकोड़वा स्थल पर समिति के अध्यक्ष कंचन साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामनवमी हर्ष उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कंचन साहू को अध्यक्ष, विनोद प्रसाद, पवन जायसवाल, विमल शर्मा, जय पटवा और पूनम कास्कार को उपाध्यक्ष, विमल को सचिव, उपेंद्र कुमार सह चिंटू को सह सचिव, राजेश विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, अरविंद केसरी को सह कोषाध्यक्ष, विश्वजीत सोनी, केतन मल्होत्रा, विकी पटवा,दिलीप गुप्ता को मीडिया प्रभारी, आशीष अग्रवाल, अरविंद पटवा, देवेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता को प्रेस सलाहकार, पंचम साहू, प्रीतम जयसवाल, संदीप अग्रहरि, मंटू मालाकार, सुरेश पटवा को विशेष कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। मौके पर अध्यक्ष कंचन साहू ने बताया कि इस बार भव्य रूप में मझियांव मोड़ पर कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें विभिन्न महानगरों से कलाकारों को बुलाया जाएगा। साथ ही महावीर मंडल की ओर से झांकी भी निकाली जाएगी। झांकी महावीर मंडल कार्यालय से काली स्थान जाएगी और काली स्थान से राम लला कुटी में जाकर समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महावीर मंडल मझियांव मोड़ पर शुरू से ही हिंदू मुस्लिम का एक बेहतर समन्वय स्थापित कर दिखाया है पिछले वर्ष भी मंच पर दोनों ही समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। इस वर्ष भी लोगों में काफी उत्साह है और लोग अभी से ही उस कार्यक्रम के साक्षी बनने के लिए बेताब हैं। बैठक में नन्द कुमार गुप्ता, जगजीवन बघेल, विनोद कमलापुरी, मनोज केशरी, प्रदीप केशरी, विनोद प्रसाद वार्ड पार्षद, विजय सिन्हा, सुशील केशरी, आशीष अग्रवाल, अरविंद पटवा, जय पटवा, पूनमचंद कांस्यकार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** जीएन कान्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन सह शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

# शिक्षक जीवन निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं : एमपी केसरी

**परीक्षाफल प्रकाशन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों एवं उनके पेरेंट्स को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कान्वेंट प्लस टू स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक एमपी केसरी, सचिव सुषमा केसरी तथा उप प्राचार्य बीके ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। शिक्षक विनय दुबे के द्वारा सरस्वती वंदना तथा गुरु वंदना के बाद निदेशक ने उपस्थित गणमान्य अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी बच्चों के विकास तथा उनके निरंतर प्रगति की रूपरेखा तय करती है। विद्यालय वैसा स्थान होता है जहां आपके बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की गाथा लिखता है। अभिभावक शिक्षक मीटिंग से यह जानने का मौका मिलता है कि बच्चा पढ़ाई में कैसा है। शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं। वे बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का काम करते हैं। अभिभावक वास्तव में बच्चों के प्रथम गुरु हैं। बच्चों में शिक्षा और संस्कार का बीजारोपण माता-पिता द्वारा ही होता है। अभिभावक घर में बच्चों के लिए उचित माहौल दें। बच्चों का नियमित रूप से स्कूल आना उनके अच्छे भविष्य का संकेत है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल ससमय भेजें। इस वार्षिक जूनियर विंग के परीक्षाफल प्रकाशन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों और उनके पेरेंट्स को निदेशक द्वारा सर्टिफिकेट, मेडल एवं सम्मानित उपहार प्रदान किया गया।

कक्षा एलकेजी में रुद्रांश केसरी प्रथम, अवनी केसरी द्वितीय, अभीराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी में अनोखी ठाकुर प्रथम, नित्यांश कुमार द्वितीय, आराध्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा वन में रविराज प्रथम, श्रेया शीतल द्वितीय एवं परी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 में नौशीन फातमा प्रथम, आंचल कुमारी द्वितीय, परी द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा तृतीय में मिसटी केसरी प्रथम, दिव्यांश कश्यप द्वितीय और उपकार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ में आराध्या कुमारी प्रथम, आर्य द्विवेदी द्वितीय, आर्या चौबे एवं अर्पित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। जबकि कक्षा पांचवीं में रिमझिम कुमारी प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय और कुणाल तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


जूनियर विंग में पूरे वर्ष में ओवरऑल श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त करने वाले इस प्रकार हैं बेस्ट डिसिप्लिन में फोर्थ क्लास की निशा केसरी, हाईएस्ट अटेंडेंस में क्लास वन की प्रतिज्ञा कुमारी, वही क्लास 3 का शशि राज, बेस्ट सॉन्ग में अरुणा नेहा क्लास टू की, वहीं हंसिका शर्मा डांस के क्षेत्र में अव्वल रही। बेस्ट मॉनिटर के लिए क्लास 3 की रोहन आध्या, बेस्ट यूनिफॉर्म में क्लास वन के सौर्य केसरी तथा बेस्ट पीटी और असेंबली एक्टिविटी के लिए क्लास फाइव का शीतल पाल तथा कुणाल तिवारी को प्रदान किया गया। वहीं कैलीग्राफी में क्लास टू के वीर प्रताप और बेस्ट हिंदी राइटिंग के लिए अरुण ठाकुर को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, मुकेश भारती, संजीव कुमार, नरेंद्र सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, रिजवाना साहिल, सुषमा तिवारी, शिवानी, सुनीता, संतोष प्रसाद आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी। मंच का संचालन डीके ठाकुर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नीलम केसरी ने किया।

## प्रेरणा संस्था गढ़वा एवं स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर भंडरिया सिठुआ नाला में बनाया बांध

**श्रमदान के उपरांत 105 जरूरतमंदों के बीच दैनिक उपयोग की सामग्री किट का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रेरणा संस्था गढ़वा एवं स्थानीय लोगों के द्वारा श्रमदान से शनिवार को भंडरिया सिठुआ नाला में बांध बनाया गया। श्रमदान कार्य में काफी संख्या में उक्त क्षेत्र के महिला-पुरुष शामिल थे। श्रमदान के उपरांत भंडरिया प्रखंड परिसर में जरूरतमंदों के बीच दैनिक उपयोग किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के कुल 105 जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का एक-एक किट प्रेरणा संस्था के द्वारा वितरण किया गया। कपड़ों के किट में दो कम्बल, छह स्वेटर, दो बेडसीट, दो मच्छरदानी, दो स्लीपर, एक आसन सहित अनेकों रोजमर्रा की वस्तुएं शामिल थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेरणा के सचिव आलोक उपाध्याय ने कहा कि गांव में सार्वजनिक छोटे-मोटे कार्यों को समुदाय के द्वारा श्रमदान से किया जा सकता है। जिससे कि सभी ग्रामीण लाभान्वित हो सकते हैं। छोटे-मोटे कार्यों के लिए सरकार पर निर्भर ना रहें। श्रमदान से जल संरक्षण करना प्रकृति एवं वन प्राणी के लिए गर्मी के मौसम में बहुत ही उपयोगी और पुण्य का कार्य है। गर्मी के मौसम में जंगली जानवर, पशु, पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। इसलिए हम लोगों को इस तरह के कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है।

कार्यक्रम को बाल श्रम आयोग के पूर्व अध्यक्ष सह प्रेरणा के निदेशक शांति किड़ो ने कहा कि इस तरह के श्रमदान से जल संचय कर खेती के लिए सिंचाई की व्यवस्था की जा सकती है। साथ ही वन प्राणियों को पीने के लिए पानी भी उपलब्ध हो जाएगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में काफी हर्ष देखा गया।

इस मौके पर हरिदास तिर्की, लॉरेंस कुजूर, लाजरूस कुजूर सत्या कच्छप, शिशिर मिंज, अनतोनिस कच्छप सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जंगल में आग लगने की रोकथाम को लेकर मांजर ग्राम में किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# लोगों ने जंगल में आग नहीं लगाने की ली शपथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** जिले में इन दिनों महुआ चुनने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जंगलों में आग लगा दिया जा रहा है जिससे जंगल में रहने वाले जानवर के साथ साथ कीमती पौधे को छती पहुंच रही है। इस कड़ी में जंगल में आग नहीं लगाने के रोकथाम को लेकर में रविवार को जिला परिषद सदस्य विनोद उराव की अध्यक्षता में लातेहार सदर प्रखंड के मांजर ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य रूप से वन प्रखंड अध्यक्ष रुस्तम अंसारी रेंजर ऑफिस के सिपाही पंचायत समिति वार्ड मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बताया गया कि आपके द्वारा जो महुवा चुनने को लेकर जंगल में आग लगा दिया जा रहा है जिससे जंगल में रहने वाले छोटे बड़े कीड़े मकोड़े के साथ-साथ जंगली जानवर प्रभावित होते हैं। साथ ही साथ जंगल में छोटे बड़े पौधे जलकर राख हो जाते हैं और जंगल में चारों तरफ धुआं फैल जाता है। जिस कारण जंगल में रहने वाले जंगली जानवर जंगल को छोड़कर गांव पहुंच जाते हैं। घरों को नुकसान पहुंचाना चालू कर देते हैं जिस कारण गांव में रहने वाले लोगों को आए दिन संकट का सामना करना पड़ता है। कई लोग तो जंगली जानवर का शिकार भी हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण है कि आप ही की तरह उनका भी घर जंगल है। जिस तरह आपका घर क्षति होने से आपको तकलीफ होता है तो उसी तरह जब आप जंगल में आग लगाते हैं तो जंगल में रहने वाले जंगली जानवर विचलित हो जाते हैं और वे आपके गांव पहुंचकर आपके घरों को तोड़ना चालू कर देते हैं। वही जिला परिषद सदस्य विनोद उराव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप जंगल में आग नहीं लगाए आपके द्वारा जंगल में आग लगा देने से जंगल के साथ-साथ जानवर को भी नुकसान पहुंचता है ।जंगल नहीं रहने से वर्षा होने में भी समस्या उत्पन्न होती है। और आप लोग अपने एक फायदे से जंगल में आग तो लगा देते हैं जरूर मगर यह मालूम नहीं है कि यह आग जंगल के चारों तरफ फैल जाता है। जंगल का सफाया हो जाता है जिस कारण जंगल में रहने वाले छोटे-मोटे कीड़े मकोड़ों की मौत हो जाती है यहां तक की जंगल के कीमती पौधे भी इसके चपेट में आ जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि जंगल है तभी आप हैं अगर जंगल ही नहीं रहेगा तो समय में वर्षा नहीं होगी और आप खेती नहीं कर पाएंगे इसलिए आप लोगों से अपील है कि अपने एक फायदे के लिए को लेकर जंगल में आग ना लगाएं। इस दौरान मौके पर मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने एक सुर में शपथ लेते हुए कहा कि आज के बाद जंगल में आग नहीं लगाएंगे और जंगल में आग लगाते पकड़े गए लोगों पर हम खुद जागरूक करते हुए उन्हें सख्त से सख्त सजा देंगे।

## एवीडी लोगों को बकाया राशि दिया जाये : रवि डे

**चंदवा।** चंदवा के सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे के द्वारा पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार में प्रेस किया गया। प्रेस वार्ता में श्री डे ने कहा कि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंदोलन करने के दौरान एवीड़ी पर जो कार्रवाई की गयी है उस कार्य को कड़ी निंदा करता हु। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गत शनिवार को 15 महीने से मानदेय राशि नहीं मिलने के कारण एभिड़ी लोगों के द्वारा धरना और प्रदर्शन किया गया था। धरना प्रदर्शन करने के बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी एभीडी लोगों से वातालाप करने के बजाए धमकी भरा शब्द कहा और आंदोलन हटाने को कह कर चले गये। एभीडी लोगों के द्वारा चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना प्रदर्शन तीन घंटे में समाप्त कर दिया गया। जिसको लेकर चंदवा के सभी एभीडी आंदोलन कर रहे थे जो इनका आंदोलन करने का अधिकार है आंदोलन करने से किसी भी व्यक्ति को कोई नहीं रोक सकता है वही एभीडी लोगों को हटाने का जो आवेदन है उसमें डॉक्टर पांडे के द्वारा लिखा गया है।

## पुल नहीं तो 2024 में वोट नहीं : ग्रामसभा



**महुआडाड।** आदिवासी बाहुल्य गांव परेवा एवं उरम्बि गांव तक पहुंचने के लिए बूढ़ा नदी से होकर गुजरना पड़ता है। पंचायत भवन, चटकपुर साप्ताहिक बाजार, प्रखंड मुख्यालय सहित तमाम तरह के प्रशासनिक कार्यों के लिए एकमात्र इसी रास्ते आना-जाना पड़ता है। लेकिन आजादी के अमृत काल तक इस नदी में पुल का निर्माण नहीं होना आदिवासी वोटरों के साथ दशकों से महज धोखा है। उक्त बातें परेवा ग्राम सभा बैठक के दौरान ग्राम प्रधान वीरेंद्र खाखा ने कही की ग्राम सभा में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 2024 में लोक सभा और विधान सभा चुनाव होने हैं। नरेगा सहायता केन्द्र की अफसाना ने प्रखंडभर में काठो एक ऐसा गांव है। जहां ग्रामसभा सचिवालय की स्थापना कर कार्य संचालित किये जा रहे हैं तथा 15 अगस्त एवं, 26 नवंबर को ग्राम प्रधान के नेतृत्व में झंडोत्तोलन किया जाता है। ग्राम सभा में यह भी मामला आया कि सभी लाभुकों के राशन कार्ड महीनों से डीलर द्वारा अवैध तरीके से रख लिए गए हैं। इसी प्रकार उनके जॉब कार्ड और बैंक पासबुक ठेकेदारों द्वारा रख लिए गये हैं। जल्द ही इन मुद्दों को लेकर अनुमंडल कार्यालय घेराव की जायेगा।

## 14वां जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 सदस्यीय दल कोयंबटूर तमिलनाडु हुआ रवाना



**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 150 बटालियन एवं नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 14वें जनजातीय कार्यक्रम की शुरूआत रविवार को लोहरदगा से की गयी। जिसमें जनजातीय समाज के 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को कोयंबटूर (तमिलनाडु) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान परदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा/झारखंड की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा। कोयंबटूर (तमिलनाडु) यात्रा में इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरुष व एक महिला सदस्य इनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो यात्रा व कार्यक्रम के दौरान इनकी आवश्यक मदद करेंगे। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ 158 बटालियन के सदस्यों समेत सीआरपीएफ 158 बटालियन कमांडेन्ट राहुल कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. रंजीत कुमार,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओजी, डॉ. शौकत अहमद भट्ट, एम.ओ अनिल कुमार वर्मा, उप कमांडेंट-158 बटालियन, तथा नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के अब्दुल फारूख खान, जिला युवा अधिकारी, रामाशीष चौधरी, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, शशि कुमार और सीआरपीएफ बल के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु एवं सीठीयो कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में पुलिस कारवाई के दौरान पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जिस पर खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा गया। बताया जाता है। कि थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर पुआनि गणेश यादव ने शस्त्र बल के साथ आरोपी को जेल भेजा। साथ ही बताया जाता है। कि छापेमारी टीम के सहयोग से एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया था। जबकि चार ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गये। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार छपेमारी अभियान चलाया गया था। जिसमें पांच ट्रैक्टर को अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में थाना कांड संख्या 37/23 दर्ज कर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कारवाई करते हुए भंडरा थाना क्षेत्र के मसमनो टोटो निवासी स्वर्गीय बरजु गोसाई के 19 वर्षीय पुत्र अरविंद गोसाई को गिरफ्तार किया गया है। वही बताते हुए कहा कि जांचोपरांत अवैध बालू खनन मामला में दोषी पाते हुए एवं खनन विभाग का राजस्व क्षति के आरोप में आरोपी चालक को जेल भेजा गया है।

## आग लगने से पुआल, गेहूं और रहर जलकर राख



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अंतर्गत चंदकोपा ग्राम में पुवाल गांज में अगलगी से मवेशी का चारा और किसानों का गेहूं तथा राहर फसल जलकर नष्ट हो गया। वहीं ग्रामीणों के सार्थक पहल से आग पर काबू पाया गया। घटना का कारण पता नही चल सका है। बताया जाता है। कि पुवाल गांज में आगजनी होने से चंदकोपा निवासी कोनहा उरांव के पुत्र बुद्धदेव उरांव, चमरू उरांव के पुत्र गाना उरांव, विफईया उरांव के पुत्र जगदेव उरांव के पुवाल गांज जलकर नष्ट हो गया। वही किसान जगेश्वर राम के पुत्र बबलू उर्फ शंकर राम का गेहूं खेत में आग लग गया। जिससे गेहूं का फसल भी नष्ट हुआ है। इसके अलावे इरुष कुजूर के पुत्र अनूप कुजूर का राहर खेत मे भी आग की लपटें पकड़ लिया। वहीं ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया जिससे तैयार गेहूं फसल तथा राहर फसल को पूर्ण रूप से नष्ट होने से बचाया लिया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों एवं चौकीदार के माध्यम से सेन्हा थाना को दिया गया। जिसे अगलगी घटना की सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने अग्निश्याम को सूचित करते हुए आग बुझाने के दिशा में कदम उठाया। साथ ही इस घटना की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता घटना स्थल पहुंच अगलगी घटना का जायजा लेने में जुट गए। बताया जाता है कि घटना के उपरांत ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया और तैयार फसल को नष्ट होने से बचा लिया। लेकिन आग पूर्ण रूप से नही बुझ पाया था। अग्निशमन की टीम घटना स्थल पर पहुंच आग बुझाने में जुट गया।

## गाड़ी सीज करने के नाम पर की मारपीट

**झुमरीतिलैया।** तिलैया थाना अन्तर्गत सीएच स्कूल रोड निवासी विकास सिंह (पिता पुरुषोत्तम सिंह) ने थाना में आवेदन देकर जानलेवा हमला करने व पैसा छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि रविवार की अपराह्न 4 बजे वे अपने दोस्त के बेलेनो कार जेएच02बीसी 7824 से बरही से तिलैया महाराणा प्रताप आ रहे थे। इसी दौरान जायका रेस्टोरेंट के पास एक बिना नंबर के सादे रंग का बोलेरो से चार-पांच लोग आकर हमारी गाडी को रोकवाया। जब हमलोग अपनी कार से उतरे तो बोलेरो से आये युवक गौतम यादव उर्फ बिट्टू यादव, रोहित यादव (पिता शंकर यादव, करमा निवासी) ने कहा कि आपके वाहन का किस्त बकाया है, जबकि निरीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि हमारे वाहन का किसी प्रकार की किस्त बकाया नहीं है। इसके बाद वे लोग जबदस्ती कहने लगे कि हमलोग सीजर हैं, आपको खर्च देना होगा। इसका हमलोगों ने विरोध करने पर वे लोग लाठी, डंडे व रॉड से हमलोगों पर हमला कर दिया, जिससे हमलोग घायल हो गये। किसी तरह वहां से भागने का प्रयास किया तो रोहित यादव पीछे से रॉड से वार किया। बीच बचाव करने आये मेरे मित्र मुकेश यादव के गले में सोने का चेन को छीन लिया और हमारे गाडी में रखे एक लाख रुपए लेकर भाग गये।

# हत्या के आरोपी अर्जुन यादव गिरफ्तार, भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाखर अंतर्गत ग्राम हुटाप में बीते गुरूवार की रात्रि में हुई एक आदिवासी युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को छिपाये जाने मामले की गुत्थी को किस्को पुलिस ने सुलझाने में कामयाबी हासिल कर दिखाया है। इधर एसडीओ के नेतृत्व में किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो एवं सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव ने हत्या के महज 24 घंटे के अंदर घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर हत्या के मुख्य आरोपी पाखर पंचायत के ग्राम हुटाप निवासी अर्जुन यादव उर्फ कुनू पिता सुगम्बर यादव को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया। इस दौरान किस्को पुलिस द्वारा पूछताछ में उक्त अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष अपना सारा जुर्म कुबूल करते हुए बताया है कि मृतक पाखर डूमरपाठ निवासी राजेन्द्र नगेसिया नशे के हालत में मेरी पत्नी का हाथ पकड़ कर छेड़खानी करते हुए देखा जिसपर अपना आपा खो दिया और गुरूवार की रात्रि में करीब 10 बजे कुदाल से मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया। मामले को किस्को थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो ने बताया कि विगत दिनों पाखर डूमर पाठ निवासी कुंदन नगेसिया का पुत्र राजेंद्र नगेसिया का हत्या कर शव को छिपाने वाले अभियुक्त अर्जुन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो ने बताया कि हत्या मामले को ले किस्को थाना कांड संख्या 07/023 दर्ज कर आरोपी को जेल भेज आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## नगर भ्रमण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तिमय हुआ लोहरदगा शहर



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के रियाडा मोड़ स्थित मनोकामना मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन मंडपस्थ देवताओं की पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, औषध्याधिवास, वस्त्राधिवास, शय्याधिवास कराया गया। इसके बाद मां दुर्गा बजरंगबली समेत विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा का नगर भ्रमण गाजे बाजे के साथ कराया गया। नगर भ्रमण के पश्चात प्रसाद वितरण एवं संध्या में प्रवचन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उराव संभाल रहे थे। हर चौक चौराहा पर पुलिस के पदाधिकारी व जवान मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे थे। वही 13 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया गया है। 14 मार्च को भव्य भंडारा व रात्रि में भगवती जागरण का कार्यक्रम होगा। इधर आयोजन समिति ने सभी सनातन लोहरदगा वासियों को नगर भ्रमण में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग हेतु हृदय से धन्यवाद दिया और आगे भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की बात कही। गौरतलब है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आकर भंडारे एवम पूजा पाठ का धार्मिक लाभ उठा रहे हैं।

# लैंगिक समानता लाने के लिए किशोर करेंगे अपने घर से शुरूआत, लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। प्रशिक्षण से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने किशोरों का संबोधन किया साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में किशोरों को बताया। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आरकेएसके कार्यक्रम, पियर एजुकेटर (साथिया) कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर के लीडर है आप सभी किशोरों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। इस प्रशिक्षण में सी 3 इंडिया के रंजन कुमार, नंदलाल उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसको के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं युवा मैत्री केंद्र की काउंसलर तथा स्वास्थ्य उप केंद्र सेमरडीह, तिसिया, सलैया, नवाडीह एवं पखार के 56 किशोर साथिया मौजूद थे।

## मुखिया सुमित्रा उरांव राज्यस्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए



**कैरो।** कैरो प्रखंड में विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनप्रतिनिधियो के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज झारखंड सरकार के द्वारा प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत के मुखिया सुमित्रा उरांव को रविवार को प्रखंड के स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा उनके आवास पर शॉल भेंटकर सम्मानित हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि महिला मुखिया सुमित्रा उरांव को राज स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाना हमारे लिये गौरव की बात, महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है, मुखीया सुमित्रा उरांव ने सोसाइटी धयनवाद करते हुये कहा कि सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद आज सोसाइटी के द्वारा मेरे घर आकर जो मान सम्मान देने का काम किया है ये इस बात की धोतक है कि सोसाइटी धर्म, जाती समुदाय से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र की विकास के लिए कार्य करती है। मौके पर आजीवन संरक्षक समीद अंसारी, सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सोनू राजा, अख्तर अंसारी, मो सजाद, तबारक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कैरो में डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन

**कैरो।** कैरो प्रखंड के चाल्हो गजनी मुख्य पथ पर चाल्हो गांव में रिजवान अंसारी के आवास पर रजा डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन कैरो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली, पंचायत समिति सदस्य सुनीतता लकड़ा, जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मो. सजाद, शिक्षक अलीरजा अंसारी व मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम के द्वारा संयुक्त रूप से फीताकाट कर किया। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने कहा कि चाल्हो ऐसे जगहों में इस तरह की सुविधा मिलने से लोगो को काफी राहत मिलेगी खासकर बूढ़े बुजुर्ग, महिलाओं को काफी राहत मिलेगी वे यहां पर आकर इससे सबंधित जरूरी कामो का निबटारा करा सकते है। मौके पर संचालक रिजवान अंसारी, सईद अंसारी, मो सनाउल्लाह बिजेंद्र साहू राजेश साहू वर्दान लकड़ा, सकील अंसारी, मजूल अंसारी, इमरान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के लाभर पिकेट के समीप बाइक से गिरकर बिनोद लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक चुंगरु का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है। कि वह बाइक से अपने घर से ससुराल जुरूहार आ रहा था। तभी अनियंत्रित होकर उसकी बाइक लाभर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से घटनास्थल से उठाकर छिपादोहर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां ड्रेसर राजेश सिन्हा उर्फ बबलू एएनएम कनकलता व एंबुलेंस चालक दीपक सिंह के द्वारा उसका इलाज किया गया। बाद में घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया।

## सड़क दूर्घटना में युवक की मौत

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम निवासी मजदूर अर्जुन उरांव 30 वर्षी कि शनिवार को पुना में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन उरांव पिता स्वर्गीय बाबुलाल उरांव लगभग दो माह पूर्व अपने मित्रों के साथ मजदूरी करने पुना गया था और एक माइंस में हाइवा चला रहा था। कि शनिवार दोपहर अचानक मित्रों के द्वारा परिजनों को फोन कर सड़क दुर्घटना मे मौत हो जाने कि सुचना दि गई। जिसके बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पुरे गांव में मातम छाया है। सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया राजीव भगत सहित कई लोग मृतक चालक के घर पहुंच कर ढाढस बंधाते हूए हुई घटना की पूरी जानकारी लेकर माइंस मैनेजर से वार्ता कर शव को घर तक पहुचाने व पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद करने की बात कहा। वार्ता के पश्चात एंबुलेंस के माध्यम से शव भेज देने व आर्थिक मदद करने की बात कहा। मृतक अपने घर का एकलौता कमाउ सदस्य था। मृतक के परिवार एक झोपड़ी में रहते हैं।

### संत शिरोमणि बाबा गोबिंद दास का 40वां समाधी दिवस धूमधाम से मनाया गया

# सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं : दुर्गा चरण सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के कोर्ट रोड स्थित बाबा मठ में बाबा गोबिंद दास का समाधि दिवस रविवार को उमंग उल्लास व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। समाधि दिवस पर विशेष पूजा अर्चना, बाबा का सिंगार और चादर पोशी किया गया। लजीज पकवानों का भव्य भंडारा भी किया। उल्लेखनीय है कि 1983 में बाबा गोविंद दास ने यहां पर समाधि किया था। उनके अलौकिक और चमत्कारिक गुणों से प्रभावित होकर पूर्व डीआईजी देवीचरण सिन्हा ने समाधि स्थल पर मठ की स्थापना किया था। स्व. देवी चरण सिन्हा अपनी पावरगंज स्तिथि जमीन मे इन्हे पूजा करने हेतु एक कुटिया बना कर दिए थे। बाबा की तपस्या एवं आशीर्वाद से लोगों का कल्याण होने लगा। उन्होंने अपनी दैहिक त्याग 12 मार्च 1983 को किये थे। तबसे यहाँ प्रति वर्ष जजमान के रूप मे देवीचरण सिन्हा के सुपुत्र आकर पूजा अर्चना एवं कुंवारी कन्या को दान देकर पंडित पूजा कर उन्हें पुरस्कृत कर भव्य भंडारे का आयोजन करते हैं। इस वर्ष भी स्वर्गीय देवीचरण सिन्हा के सुपुत्र दुर्गाचरण सिन्हा पत्नी संगीता सिन्हा सुपुत्र यश सिन्हा जजमान के रूप मे तथा गोपाल पांडेय पुजारी द्वारा बाबा गोबिंद दास की विशेष पूजा अर्चना कर यज्ञ पूर्णाहुति किया गया। इस अवसर पर मुकेश साहू, अमित साहू, प्रतिमा देवी, गीता देवी, प्रेमलता देवी, रंजू देवी, रंजू दास, गीता देवी, रुक्मणि पाठक, सीता देवी, सरिता देवी, ललिता मिश्रा, एवं बंशीधर मिश्रा, सरजू पांडेय, हिमांशु पांडेय, गौरी, उमा पांडेय, बेली दास सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे, भंडारे का आयोजन हनुमान प्रसाद राजगड़िया के सहयोग से किया गया। ज्ञातव्य हो की अस्सी के दशक में लोहरदगा जिला में एक निरंकारी बाबा गोविंद दास जी का आगमन हुआ था जो यहीं रच-बस गये।

## भैंस चोरी का आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने रविवार को कांड संख्या 14/ 2023 के अभियुक्त ग्राम सोरन्दा निवासी कृष्णा लोहरा के पुत्र अजय लोहरा को भैंस चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अन्य दो अभियुक्त बाबूलाल लोहरा पिता सहदेव लोहरा एवं सलमान खान पिता कनोज खान पुलिस के डर से भागे फिर रहे हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की 10 मार्च को रात में चोरो ने सोरन्दा गांव से बंधनु उरांव पिता स्व सिद्धू उरांव के भैंस को चोरी कर ली। बंधनु उरांव ने भंडरा थाने पहुंचकर भैंस चोरी होने की लिखित शिकायत किया था। भंडरा पुलिस अग्रतर कारवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य दो आरोपी फरार हैं।

## सेन्हा से सैकड़ों की संख्या में रांची जायेंगे आंदोलनकारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा सेन्हा प्रखंड समिति का बैठक रविवार को सेन्हा प्रखंड के बंसरी ग्राम में चैतू मुंडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो,नगर अध्यक्ष रूस्तम खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष ने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें। मुख्यमंत्री की हठधर्मिता से आंदोलनकारियों, झारखंड के आदिवासियों एवं मूल वासियों में तीव्र जनाक्रोश भड़क रहा है। जिससे उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों व वेशभूषा के साथ प्रदर्शन उसकी एक झलक होगी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी वर्षों से जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, सभी को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर लगातार आंदोलन कर करते रहे हैं। लेकिन हेमंत सरकार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। उन्होंने आहवान किया कि आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों के साथ सभी आंदोलनकारी साथी रांची पहुंच कर एकता का परिचय दें।संबोधित करने वालों में नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सीता उरांव बुद्धेश्वर उरांव, चैतू मुंडा ने भी संबोधित किया। मौके पर लॉरेंस क्रेकेट्टा, आरीफ खान, दुखिया देवी, मंगल कुजूर, बसंत उरांव आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



# आज के दौर में हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं : सुदर्शन भगत



**संस्था वीडियो वोलेंटियर्स और रामपुर महिला समूह ने किया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत भवन के समीप रविवार को संस्था वीडियो वोलेंटियर्स और रामपुर महिला समूह के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, कामडारा जिला परिषद सदस्य दीपक कंडुलना और उपप्रमुख शकुंतला देवी को आमंत्रित किया गया था। उक्त सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री भगत ने अपने संबोधन में कहा कि धरती पर जब-जब संकट आती है, तब-तब महिलाएं अपनी निर्णायक भूमिका से चाहे प्रत्यक्ष हो अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मानव जाति को संकट से उबारा है। वहीं आज के दौर में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अपने कर्मों से काफी आगे बढ़ते हुये अपना परचम लहरा रही हैं। जो हमलोगों के लिये काफी गर्व की बात है। कार्यक्रम के पहले महिलाओं ने उक्त सभी अतिथियों का स्वागत नाच गान से किया। इसमें विभिन्न तरह के नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशापान व अंधविश्वास जैसी कुप्रथाओं से बचने के लिये उत्प्रेरित किया।

इस दौरान थाना प्रभारी शारीक अली, बड़ाईक तारकेश्वर सिंह, मुकेश नाग, शांति बड़ाईक सहित महिला समूह के सदस्य काफी संख्या में मौजूद थे।

## लेबर विभाग से 17 मार्च को झानद मजदूर यूनियन मजदूरों का विस्तृत ब्योरा मांगेगा

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े मजदूर यूनियन द्वारा 17 मार्च 2023 को लेबर विभाग गुमला से मजदूरों का विस्तृत ब्यौरा की मांग जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत की जाएगी। यूनियन द्वारा जिले में मजदूरों का शोषण को देखते हुए निर्णय लिया गया है। वहीं 14 मार्च को लेबर सुपरीटेंडेंट से मुलाकात कर जिले में मजदूरों की हो रही हकमारी के बाबत विस्तार से चर्चा कर मजदूरों के हक की रक्षा के लिए आगामी कार्यक्रम बनाया जाएगा। वैसे मजदूर दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों का विशाल मजदूर पंचायत जिले में आयोजित करने पर यूनियन विचार कर रहा है। जिसमें जिले में कार्यरत सभी यूनियन व मजदूर हित के लिए आवाज उठाने वाले मजदूर नेताओं को भी आमंत्रित करने की रणनीति झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा बनायी जा रही है। जिले के पलायन के लिए विवश मजदूर आये दिन दुर्घटना व बीमारी से असमय काल के गाल में समा रहे हैं और उनके छोटे-छोटे बच्चे व परिजन अनाथ हो रहे हैं, जिन्हें सरकार व विभाग की ओर से किसी तरह की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। जबकि मजदूरों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लंबी-चौड़ी योजना व लाभ देने की बात कही जाती है। कमाने खाने वाले मेहनतकश मजदूरों पर ऐसा अन्याय हम कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। जरूरत पड़े तो उग्र आंदोलन की तैयारी भी मजदूर यूनियन के द्वारा किया जाएगा।

## कार्य के दौरान तेलगांव कुंबाटोली की एक महिला मजदूर की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आज सुबह ढलाई के लिए मिक्सर मशीन को ट्रैक्टर से टोचन कर चैनपुर जाने के दौरान सोकराहाथू के पास ट्रैक्टर का गुला हुक टूट गया और ढलाई मशीन पलटने से एक महिला मजदूर सरस्वती उरांव पति सुखराम उरांव (26) की मौके पर मौत हो गयी तथा एक महिला मजदूर का पैर टूट गया। कार्य कर रही अन्य महिलाओं से मिली जानकारी के अनुसार ढलाई के लिए 20-25 रेजा और मजदूर ट्रैक्टर पर सवार होकर मिक्सर मशीन लेकर जा रहे थे तभी हुक टूट गया और यह घटना घटी। मृतक महिला मजदूर को एक बच्चा है और इस बात की जानकारी फोन पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान को दी गयी तब सारी सच्चाई सामने आयी। महिला मजदूर के पति ने इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है। घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। मृतक महिला मजदूर का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन दाह संस्कार के लिए लेकर अपने घर चले गये। कुंबाटोली मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने इस संबंध में तत्काल पहल करते हुए उचित मुआवजा देने की मांग की है।

---

**कार्यक्रम :** चित्रपट झारखंड की फिल्म निर्माण कार्यशाला आयोजित

# फिल्म के माध्यम से अपनी तकदीर बदल सकते हैं : डॉ दीपक प्रसाद

**बच्चों ने सीखी फिल्म बनाने की तकनीक**

**कहा- मजा आया फिल्म निर्माण कार्यशाला में**

आजाद सिपाही संवाददाता





गुमला। चित्रपट झारखंड के द्वारा आयोजित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में एक दिवसीय फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गुमला विभाग के लोहरदगा, सिमडेगा एवं गुमला के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यशाला झारखंड के विभिन्न जिलों में आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुमला विभाग में पांचवा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के दौरान फिल्म जगत के जाने-माने अभिनेता, निर्देशक पटकथा लेखकों ने सभी प्रतिभागियों को फिल्म से संबंधित तमाम प्रकार की जानकारी दी। फिल्म निर्माण की बारीकियों को, तकनीकीओं को, अभिनय के गुर को बताया जिसमें बच्चों ने अपनी रुचि दिखाई और साथ ही साथ इन्हीं प्रतिभागियों से एक लघु फिल्म का निर्माण भी कराया गया जिसका नाम रैगिंग रखा गया है। निर्देशक पुलिन मित्रा ने सिनेमा के विकास के बारे में प्रतिभागियों को बताया वही राकेश रमन ने पटकथा लेखन के बारे में विष्णु गिरी कैमरा के एंगल एवं मूवमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी वही जाने-माने युवा वरिष्ठ रंगकर्मी एवं कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के बीएड संकाय के प्राध्यापक डॉ दीपक प्रसाद ने अभिनय, वेशभूषा, रूप सज्जा के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रूचि दशार्ते हुए इस प्रकार के और भी कार्यक्रम करने को कहा। इस मौके पर विद्यालय प्रशासन के कई पदाधिकारी प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, अनुज कुमार, अजीत पांडे एवं स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्य, साथ ही साथ गुमला के जाने-माने समाजसेवी अजीत कुमार सिंह, मंगल सिंह कार्तिक उरांव महाविद्यालय के बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। चित्रपट झारखंड के प्रचार प्रमुख संजय आजाद एवं गुमला विभाग के संयोजक डॉ दीपक प्रसाद पिछले कई महीनों से इस कार्यक्रम को लेकर यहां के स्थानीय बच्चों में एवं उनके माता-पिता से संपर्क स्थापित कर रहे थे। कार्यशाला के समापन सत्र में छात्रों के द्वारा निर्मित फिल्म रैगिंग को दिखाया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विहिप के केंद्रीय मंत्री मिलिंद परांडे 22 मार्च को आयेंगे सिमडेगा

**विहिप जिला स्तरीय बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा बीरू भवन स्थित महाराजा कंपलेक्स में विश्व हिंदू परिषद की आवश्यक बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला व प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। ओंकार ध्वनि के साथ बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान बताया गया कि 22 मार्च दिन बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री मिलिंद परांडे का आगमन सिमडेगा में होने जा रहा है। जिन्हें विशेष वाई प्लस सिक्यूरिटी प्राप्त है। बैठक में श्री परांडे का भव्य स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गयी। वे गुमला से सिमडेगा पहुंचेंगे। उनका स्वागत कोलेबिरा में करने के साथ ही मोटरसाइकिल रैली एवं वीरू में भव्य स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल नगर भवन तक लाया जाएगा। जहां पर पारंपरिक तरीके से पाइकी नृत्य के साथ उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए विश्व हिंदू परिषद के वर्तमान गतिविधि, बजरंग दल के क्रियाकलाप, धर्म संस्कृति उत्थान एवं अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करेंगे और रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिन खूंटी के लिए रवाना होंगे। इसके पश्चात सेवा सप्ताह कार्यक्रम 12 मार्च से 19 मार्च के बीच आयोजन करने से संबंधित चर्चा की गई। जिसमें बजरंग दल के माध्यम से सेवा सप्ताह में मंदिरों की साफ-सफाई, श्मशान घाट की साफ-सफाई पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। वहीं इसके पश्चात 21 मार्च से 4 अप्रैल तक श्री रामजन्मोत्सव कार्यक्रम तथा 5 एवं 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम, जिसमें हनुमान चालीसा एवं आरती का आयोजन को लेकर योजना बनायी गयी। बताया गया कि श्री रामजन्मोत्सव के दौरान हर घर भगवा झंडा लगाया जाएगा, जिससे कि नववर्ष को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के अलावा कार्याध्यक्ष नारायण दास, मंत्री कृष्णा शर्मा, सह मंत्री सुबोध महतो, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, उपाध्यक्ष रंगनाथ खड़िया, प्रचार प्रसार प्रमुख वीके साहू, कमल सेनापति, दिलीप बड़ाईक, बजरंग दल संयोजक बबलू अग्रवाल, सह संयोजक आनंद जयसवाल, सरवन गोस्वामी, तुलसी साहू, संजय केसरी, राधेश्याम प्रसाद, जयंत पंडा, विश्वनाथ मिश्रा, हीराराम, सुरजन बड़ाईक सहित सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी प्रखंड अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक, सहसंयोजक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोड़ेकेरा ग्राम में 117वीं कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला की नयी शाखा खुली

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** जिला गुमला, भरनो प्रखंड अंतर्गत दूरियां पंचायत के ग्राम कोड़ेकेरा में रात्रि पाठशाला की नयी शाखा की शुरुआत की गयी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को पूर्व आईजी डॉ अरुण उरांव ने कोड़ेकेरा गांव में रात्रि पाठशाला खोले जाने पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस रात्रि पाठशाला के माध्यम से हम गांव की संस्कृति को बचा सकते हैं। इसका एकमात्र उपाय है शिक्षा। इसलिए गांव के सभी लोग रात्रि पाठशाला को सहयोग करें और अपने-अपने बच्चों को पढ़ने भेजें, ताकि वे शिक्षित होकर अपना सपना पूरा कर सकें और अपने समाज को सुधार सकें। उन्होंने ये भी कहा कि हम जहां तक हो सके मदद करेंगे। मौके पर रात्रि पाठशाला के संचालन एवं बच्चों को पढ़ने के लिए लाइट का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया रश्मि लकड़ा, पूर्व मुखिया बसन्त उरांव, मांडर से अनिल उरांव, सुबन उरांव, नेहा टोप्पो, बिपिन सिंह, पुष्पा कुमारी, कर्मिला कुमारी और रात्रि पाठशाला को देखने आये करंज पंचायत के लोग एवं कोड़ेकेरा के सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

---

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बिशुनपुर पुलिस ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं की ली जानकारी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** एरिया डोमिनेशन के दौरान बिशनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र हाडूप, मैला पाठ, रीसा पाठ, केचकी, जालिम, गड़हा हाडूप सहित अन्य गांव का दौरा किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कुंदन कुमार ने कहा कि आज समाज के लिए अंधविश्वास व नशा पान सबसे घातक साबित हो रही है। हम लोगों को अब जागरूक होना ही होगा। क्योंकि नशा पान के कारण युवा राह भटक रहे हैं। वहीं अंधविश्वास में आकर वृद्धों की निर्मम हत्या की जा रही है, जो समाज के लिए घातक है। अब हमें सचेत होना होगा। खास करके महिलाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आप गांव में शराब ना बनायें। शराब पीने के बाद पुरुष महिलाओं को प्रताड़ित करने के साथ-साथ कई प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिससे उनका भविष्य खराब होता है। इस दौरान उन्होंने नक्सली गतिविधियों की भी जानकारी लेने का प्रयास किया। साथ ही साथ अपना मोबाइल नंबर गांव में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि गांव में किसी प्रकार की घटना की आशंका व घटना होती है तो आप निस्संकोच हमें फोन कर जानकारी दें, ताकि समय रहते आपको मदद पहुंचायी जा सके एवं घटना रोका जा सके। मौके पर बिशुनपुर थाना के कई पुलिस के जवान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस की टीम ने अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया और दी साथ रहने की सलाह



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के रामपुर पंचायत अंतर्गत सिलफड़ी ग्राम में एक परिवार के पति और पत्नी कुछ महीनों से अलग-अलग रह रहे थे। जिन्हें रविवार को फिर से एक साथ जेएसएलपीएस तथा जिप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा उन्हें समझा बुझाकर साथ रहने पर राजी किया गया। वहीं मौके पर पति-पत्नी ने भी साथ रहने पर अपनी सहमति जतायी। घटना की जानकारी देते हुए नीलम संगीता कुजूर ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से महिला अपने मायके कातिंग पंचायत के कुड़केल ग्राम में अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। जिसके बाद जेएसएलपीएस की टीम जो कातिंग पंचायत में कार्यरत है, उन्होंने इसकी सूचना चैनपुर के जेएसएलपीएस की बहनों को दी। इस पर जेएसएलपीएस ने पहल करते हुए लड़की से जाकर मुलाकात की तथा उसे समझाया कि उनका एक पुत्र है जिसकी आयु पांच वर्ष है। उसके उज्जवल भविष्य की लिए पति-पत्नी को साथ में रहना जरूरी है। वहीं टीम के द्वारा महिला को एक सप्ताह का समय दिया गया था। जिसपर महिला अपने पति के साथ रहने को तैयार हो गई। उसके बाद रविवार को जेएसलपीएस की टीम तथा जिप सदस्य मेरी लकड़ा सिलफड़ी गांव पहुंचकर दोनों को एक साथ रहने पर राजी कर लिया। उन्होंने जेएसएलपीएस की किरण एक्का, नीलिमा खलखो तथा टीम में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने मेहनत कर एक परिवार को टूटने से बचा लिया।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** अलनकेरा चटपुर गांव की एक महिला ने फांसी के फंदे से झूल कर जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पालकोट उत्तरी पंचायत के अलनकेरा चटपुर गांव के झुका खड़िया की पत्नी अर्ध विक्षिप्त चानी खड़ियाइन (50) ने फांसी के फंदे से झूल कर जान दे दी। पति झुका खड़िया ने जानकारी देते हुए कहा कि बहुत दिनों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बहुत इलाज कराया गया फिर भी इधर उधर भागते रहती थी। रोज रोज खोज खोज के घर लाना पड़ता था। आज तीन बजे सुबह घर से बाहर निकली। हम लोग भी खोजने के लिये निकले, पर नहीं मिली। सुबह एक पेड़ में रस्सी के सहारे झूलते हुए मिली। मौके पर पालकोट थाना के एसआई प्रदीप कुमार द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

---

**कार्यक्रम :** सिसई विधायक ने 44 करोड़ 97 लाख रु. से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास, कहा

# जिन रैयतों की जमीन अधिग्रहित होगी, उन्हें जल्द मिलेगी मुआवजा राशि

**हेमंत सरकार सभी जाति धर्म और समाज के हित में कार्य कर रही है : जिगा सुसारण होरो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** सिसई विधायक जिगा सुसारण होरो द्वारा 44 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ससिया दलमादी सकेया से होकर सिमडेगा जिला के अघरमा तक कुल दूरी 13 किलोमीटर 900 मीटर तक आरसीडी से बनने वाले सड़क निर्माण का शिलान्यास विधिपूर्वक पूजा अर्चना और फीता काटकर किया गया।

मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी एवं बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके उपरांत सकेया ग्राम में शिलान्यास कार्यक्रम को सभा में तब्दील कर दिया गया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक जिगा सुसारण होरो ने कहा कि मैंने चुनाव के समय वादा किया था कि इस रोड को बनवाऊंगा और आज इसका शिलान्यास करने में अपार खुशी मिल रही है। यह रोड पहले ग्रामीण रोड अंतर्गत था और उसे आरसीडी के अंतर्गत लाया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री से वार्ता कर सारूबेड़ा और ससिया अघरमा रोड को पास कराया। इस सड़क निर्माण में जिन रैयतों की जमीन अधिग्रहित होगी उन्हें 8 करोड़ मुआवजा राशि देने का प्रस्ताव है और रैयतों को मुआवजा जल्द मिल जायेगा। हेमंत सरकार सभी जाति धर्म और समाज के हित में कार्य कर रही है। सरकार द्वारा आज 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सभी को पेंशन सुविधा, आदिवासी मूलवासी पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा, आंगनबाड़ी सेविकाओं को मानदेय बढ़ाने जैसे कल्याणकारी कार्य कर रही है। हेमंत सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों की मौत पर दो लाख मुआवजा राशि, हाथी द्वारा मारे गए व्यक्ति के परिवारवालों को चार लाख की राशि देने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा सरना धर्म कोड लागू और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के लिए प्रस्ताव केंद को भेज दिया है। विधायक जिगा सुसारण होरो द्वारा ओबीसी आरक्षण, सरकार की विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित जानकारी भी लोगों को दी।

उन्होंने बहुचर्चित सिसई बसिया सड़क को भी जल्द बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व की कम्पनी को टर्मिनेट कर पहले से ज्यादा चौड़ीकरण सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

सभा को जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव समेत अनेक गण्यमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।

मौके पर कामडारा प्रमुख सुनील सुरीन, उमेश नाग, पीसी बड़ाईक, लुकमान खान, मुखिया जंसिता बागे, एमलेन कुल्लू, फिलिसिता टोप्पो, अनिमा डुंगडुंग, मंगलेश्वर उरांव, निकोलस मुंडा, मुकुल किशोर टोप्पो, उदित टोप्पो, अमित तिवारी, अलीम खान, अंकित चौधरी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## झापा जिलाध्यक्ष बसंत गुड़िया की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**जहर खाने से मौत होने की जतायी जा रही आशंका**

**पुलिस इस मामले में हर पहलू पर कर रही है जांच : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** थानांतर्गत पन्था पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया 50 वर्षीय बसंत गुड़िया की शनिवार को संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत गुड़िया की पत्नी आंगनबाड़ी सेविका ज्योति टेटे विभागीय कार्य से प्रखंड कार्यालय आयी थी, जब वह लगभग 5 बजे अपने घर सूरजपुर लौटी तो अपने पति की तबियत खराब पायी। बसंत गुड़िया को बीपी की शिकायत थी, जिसके कारण उसे बीपी की दवा दी गयी परंतु तबियत ठीक नहीं होने पर उन्हें परिजनों के द्वारा रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उनकी मृत्यु जहर खाने से हुई होगी।

बसंत गुड़िया वर्तमान में झारखंड पार्टी के जिलाध्यक्ष थे और विगत चुनाव में जिला परिषद का चुनाव महज कुछ ही वोट से हारे थे और वे आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने बसंत गुड़िया के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले में हर पहलू की गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है और जांच में जो सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

बसंत गुड़िया के असामयिक मौत पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, पीसी बड़ाईक, पूर्व उपप्रमुख विनोदिनी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, मुखिया संघ की अध्यक्ष एमलेन कुल्लू, समाजसेवी पप्पू सोनी, मुखिया जंसिता बागे, सनातन होरो, जेएमएम नेता निकोलस मुंडा, मुखिया गुलशन टेटे, संदीप चौधरी, संतोष तिर्की, रश्मि मिंज समेत अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है। लोगों ने कहा कि बसंत गुड़िया काफी मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे और सभी के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहते थे। उनके ऐसे निधन से लोगों को सहसा विश्वास नहीं हुआ।

## स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप का आयोजन 22 मार्च से



रांची (आजाद सिपाही)। रांची ओपन 2023 स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप, गेमर्स गैराज, बरियातू स्थित क्लब में 22 मार्च से आयोजित होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित किया जाता है। इच्छुक खिलाड़ी मास्टर स्नूकर, सिक्स रेड स्नूकर, मिनी स्नूकर, 9 बॉल्स और पूल में भाग ले सकते हैं। इसके लिए इच्छुक खिलाड़ी यश किंगर (91550 88000), राहुल कुमार (8210017182), इंद्र (93413 16822) और जाकिर सर (8210993266) से संपर्क कर सकते हैं। सभी इवेंट्स के विजेताओं एवं उप विजेताओं को नकद राशि व ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा ।

### भाजपा डालटनगंज भंडरिया विस स्तरीय बैठक में बूथ मजबूत करने पर दिया गया बल

# बूथ मजबूती में जुट जायें कार्यकर्ता : मनोज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा की बैठक जिला कार्यालय पलामू में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिए जुट जाएं। जो कार्यकर्ता निष्क्रिय हैं, उनसे भी चर्चा की जाए। अगर वह संगठन कार्य नहीं कर रहे हैं तो अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी जाए।



मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी का कार्यक्रम संपन्न होना चाहिए। कार्य करने में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। जिनको जो जिम्मेदारी दी गई है वह सच्ची निष्ठा और लगन के साथ पार्टी का काम करें और बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जाएं। बूथ सशक्तिकरण अभियान में बूथों की कार्यसमिति में अध्यक्ष सहित 31 कार्यकर्ता रहेंगे। जिसमें सभी समिति के सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया जाएगा। कार्य विभाजन में प्रमुख रूप से मन की बात, वाट्सएप समूह का गठन, महिला प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, प्रभावी मतदाता, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख एवं बूथ के छह पर्वों के कार्यक्रम के प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा 2023 को घोषित मतदाता सूची के अनुसार पन्ने के लिए एक पन्ना प्रमुख बनाया जाएगा। खास बात यह है कि मतदाता सूची में जितने पन्ने होंगे उतना ही पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे जिसमें सामाजिक समीकरण पर ध्यान दिया जाएगा और समस्पर्शी, सर्वस्पर्शी बूथों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्याम बाबू ने किया। बैठक में भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक विधायक आलोक चौरसिया श्याम बाबू अरविंद सिंह धर्मेंद्र उपाध्याय सभी मंडल अध्यक्ष छतरपुर एवं डाल्टनगंज विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता इस बैठक में मौजूद थे।

## 23 मार्च को आयोजित किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आगामी 23 मार्च को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार क्षेत्र के सभी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में रविवार को किसान ब्रिगेड की टीम डंडीला पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह लड़ाई आम जनों की हैं इसलिए सभी कार्यकताओं को अपने कार्यों को गति देने की आवश्यकता है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही हैं लेकिन उनका सुध लेने वाला कोई नहीं है, किसान डबल बिजली बिल, भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या, सुखाड़ को लेकर परेशान है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है नवजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए इस गूंगी बहरी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं को उत्प्रेरित किया कि तन मन धन से मिलकर पंचायत में लोगों को जोड़ने का कोशिश करें और अपने विचारों को उन तक पहुंचाएं और 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर बुटन यादव, गणेश राम, लालजी यादव, दशरथ राम, विनोद यादव, विंदा यादव, जितेन्द्र यादव, जवाहिर चौहान, विकास कुमार, दुलारी देवी व फुलकुवर देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## युगल किशोर बने महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भगवान श्रीराम की जयंती समारोह रामनवमी को लेकर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। युगल किशोर प्रसाद एक बार फिर से नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष चुने गए। शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हुई बैठक में युगल किशोर प्रसाद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। युगल किशोर को चौथी बार यह जिम्मेवारी सौंपी गई।



इसके पूर्व वे ग्यारह बार श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष रह चुके हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर युगल किशोर प्रसाद ने कहा कि उनका प्रयास शांति सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूरे उल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाये जाने का होगा। जल्द ही कमेटी के अन्य पदधारियों की घोषणा भी कर दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता गणेश गिरी ने की राम संचालन विजय ओझा ने किया बैठक में दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र प्रसाद नागिन, बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, ज्योति पांडेय, सोमेश सिंह, प्रभात कुमार, अग्रवाल सुरेश कुमार टाम, अजीत सिन्हा , मुकेश अग्रवाल , राजू चंद्रवंशी , मनोहर कुमार लाली , कमल गुप्ता , श्याम जी चौधरी, आशीष भारद्वाज ,कुंवर अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल, रितेश कुमार लवली, विनीत पांडे अमन कुमार, मनीष भिवानिया, पंकज शर्मा, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, संजय बर्मन, ब्रजेश शुक्ला अमृता अग्रवाल चंद्रभूषण चंद्रवंशी रमेश शुक्ला छोटी त्रिपाठी शंभू अग्रवाल, मुन्ना कुमार लल्लू श्रावण अग्रवाल, अमित कुमार टूटू, निकू सिंह, राम काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

## हर एक वादे को पूरा करूंगा : विधायक डॉ शशिभूषण

### पांकी विधायक ने रखी आंगनबाड़ी केंद्र का आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड क्षेत्र में नौनिहालों को स्कूल पूर्व शिक्षा देने के लिए दुब पंचायत के बरवाईया में पांकी के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने आंगनबाड़ी भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के मामलों में अग्रणी होगा। इसके लिए लगातार प्रयास जारी है। विकास एक अनवरत



चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जनता की मांग के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य सम्पादित कराये जायेंगे। क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे है और भी होगा जनता धैर्य रखें, मैं क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत हूं।

मौके पर जसवंत राम, पंचायत समिति सुरेंद्र कुमार, संतु सिंह, प्रोफेसर बचन ठाकुर, यशवंत कुमार सिंह, जनार्दन महतो, पंकज महतो, कृष्णा यादव, विनोद प्रसाद, करण सिंह, बच्चन महतो, मनीष रंजन, बलवंत कुमार, पारसनाथ सिंह, सावन सिंह ज्ञानरंजन के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## बेनिखुर्द में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बेनिखुर्द गांव में श्री साम्बसदा शिव वागेश्वर महादेव प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 20 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। इसकी तैयारी को लेकर विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें दोनों आयोजन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता विनोद कुमार सिंह को संरक्षक, रंजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष,भाजपा के वरीय नेता रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को सचिव,भाजपा नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुनू सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में 20 मई को जलयात्रा,21 को मंडप पूजन,22 को प्राणप्रतिष्ठा ,23 व 24 को मंडप पूजन हवन व 25 को पूणार्हुति ,भंडारा एवम ब्राह्मण बिदाई का आयोजन किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से ललन कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, दरुआ बेनी के मुखिया पति योगेंद्र सिंह, बेनिकला के मुखिया श्रवण राम, लोटानिया पंचायत के मुखिया विनोद सिंह उर्फ लाल बाबू, सचिदानंद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह समेत काफी संख्या में आस-पास गांव से आए ग्रामीण उपस्थित थे।

## खराब ट्रांसफार्मर की सुधि नहीं लेने पर ग्रामीणों ने विधायक से लगायी गुहार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत गांव लुकुवा में 25 केवीए का ट्रांशफार्मर जल जाने से करीब 30 घरों के परिवार अंधेरे में रहने पर विवस हैं। बिजली उपभोक्ता परन साव, शिव साव, नागेन्द्र साव, सरयु साव, सुरेश साव, सुरेन्द्र साव, नरेश राम, सुखाड़ी साव, बालगोविन्द साव, रामजी राम,बालदेव साव,उमेश मेहता, चनरदेव मेहता, दशरथ यादव सहित कई लोगों ने रविवार को बताया कि एक माह पूर्व 25 केवीए का ट्रांशफार्मर जल गया है। जिसकी जानकारी विभाग के जेइ को दी गई पर अब तक न कोई सूधी ली और न दूसरा ट्रांशफार्मर मिला। ट्रांशफार्मर जल जाने से कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उपभोक्ताओं ने हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक श्री कमलेश कुमार सिंह से 63 केवीए का ट्रांशफार्मर लगाने की गुहार लगाई है ।इस संबंध में हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बिजली उपभोक्ताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि 1 सप्ताह के अंदर उन्हें नए ट्रांसफार्मर लगा दी जाएगी। मौके पर दिलीप साव, विनय राम,कृष्णा राम,अमन कुमार, निरंजन साव,डॉ संतोष कुमार, मंदीप कुमार, बबलू कुमार, बिलाश राम, कमलेश राम, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

# बालिकाओं को बेहतर शिक्षा के साथ ही सांस्कारिक ज्ञान होना भी जरूरी: सूर्यबाला

### जपला शिशु विद्या मंदिर में बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों की शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपरांत रविवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय बालिका शिक्षा पर आचार्या बहनों का शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, सुप्रिया जैन, सोनाली विश्वकर्मा एवम बिद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। महिला थाना




प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज ने कहा कि बालिका शिक्षा आवश्यक है, लेकिन इसके साथ यह भी आवश्यक है कि बच्चियों में प्रारंभ से ही वे सारी शिक्षाएं दी जाए जो परिवार और समाज के लिए आवश्यक होती है ।उन्होंने कहा कि नारी जब शिक्षित हो जाएगी वह अपना कर्तब्य स्वयं जान जाएगी ।उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती है ।इसलिए परिवार को बचाने के लिए बच्चियों की शिक्षा को बढ़ाना अनिवार्य है ।मौके पर बिद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दुबे ने कहा कि देश और समाज के सर्वांगीण बिकास के लिए बालिका शिक्षा के भारतीय मॉडल की आवश्यकता है। बिद्या भारती इस लक्ष्य को सामने रखकर कर एक योजना चला रही है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण पर कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षित होने का यह कतई मतलब नही है कि महिलाएं भोजन बनाना छोड़ दें,बच्चों का लालन-पालन नही करें। पश्चिम से उधार लिए गए शैक्षणिक मॉडल के भयावह परिणाम परिवारों के होने एवम संस्कारो के क्षरण के रूप में हमारे सामने है। इसलिए बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कारिक ज्ञान भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, सदस्य सत्येन्द्र चंदेल, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, हरिहरगंज के प्रधानाचार्य विजयेन्द्र प्रसाद, बिलासपुर प्रधानाचार्य जयंत जी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक मुख्यमंत्री को सौंपेंगे 20 सूत्री मांग पत्र

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक यूनियन के बैनर तले राज्य के करीब 2000 प्रज्ञा केंद्र संचालक 14 मार्च को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी 20 सूत्री मांग पत्र सौंपेंगे। जिसमें जिले के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक भाग लेंगे।उक्त जानकारी प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के जिला उप सचिव पंकज कुमार ने दी। उन्होंने आगे बताया कि सभी लोग रांची में एक जगह पर इकट्ठा होकर जुलूस के शक्ल में राजभवन पहुंचेंगे जहां राज्य के मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बीस सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को नियोक्ता कंपनी के राज्य कार्यालय में धरना दिया गया था, तब राज्य के अधिकारी ने मांग पत्र लेते हुए सरकार के समक्ष बात रखने की बात कही थी लेकिन आज तक हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## स्पोर्ट्स



भारत-ऑस्ट्रेलिया केबीच टेस्ट मैच सीरीज का आखिरी मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया की पारी 571 पर समाप्त हुई। वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में बिना विकेट गवाएं 3 रन बना लिये हैं

### भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट, चौथे दिन का खेल खत्म : ऑस्ट्रेलिया- 3/0

# टीम इंडिया 571 पर ऑलआउट, कोहली ने बनाये 186 रन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज (बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी) का चौथा और आखिरी मुकाबला ड्रॉ होने की कगार पर पहुंच चुका है। अहमदाबाद में खेले जा रहे इस मुकाबले में अब सिर्फ एक दिन का खेल बचा है और अभी दोनों टीमों की दूसरी पारी बची हुई है। ऐसे में यह मैच ड्रॉ होने की संभावना बहुत ज्यादा है। अगर भारतीय गेंदबाज पांचवें दिन की पिच में कमाल करते हैं और ऑस्ट्रेलिया को बेहद छोटे स्कोर पर आउट कर देते हैं तो भारतीय टीम यह मैच जीत सकती है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उस्मान ख्वाजा के 180 और कैमरून ग्रीन के 114 रन के



विराट कोहली।

चलते ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा छह विकेट लिए। इसके जवाब में भारत ने शुभमन गिल के 128, विराट कोहली के 186 और अक्षर पटेल के 79 रन के चलते भारत ने 571 रन का स्कोर खड़ा किया। नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने तीन-तीन विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर भारत को 91 रन की बढ़त मिली। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गंवाए तीन रन बना लिए हैं। ओपनर ट्रेविस हेड (3) के साथ नाइट वॉचमैन मैथ्यू कुहनेमन (0) नाबाद पवेलियन लौटे। टीम अब भी 88 रनों से पिछड़ रही है। टीम इंडिया ने पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया पर 91 रन की बढ़त बनाई।

### विराट कोहली-अक्षर पटेल ने पलटी बाजी

**ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में भारत ने दूसरे दिन 36 रन बनाए। तीसरे दिन रोहित शर्मा 35 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पुजारा भी 42 रन पर पवेलियन लौट गए, लेकिन गिल दूसरे छोर पर रन बनाते रहे। वह 128 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने एक छोर संभलकर बल्लेबाजी की। दूसरे छोर पर जडेजा 28 और भरत 44 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कोहली सभी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करते रहे। अक्षर पटेल के साथ उन्होंने छठे विकेट के लिए 162 रन की रिकॉर्ड साझेदारी (छठे विकेट के लिए भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी) की और बाजी पलट दी। इन दोनों ने पहली पारी में भारत का स्कोर 555 रन तक पहुंचाया। इसके बाद अक्षर 79 रन बनाकर आउट हो गए।**

### 1205 दिन बाद कोहली का शतक

कोहली ने 23 नवंबर 2019 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 27वां टेस्ट शतक जमाया था। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। अब कोहली के नाम 75 अंतरराष्ट्रीय हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट में 28, वनडे में 46 और टी-20 इंटरनेशनल में एक शतक जमाया है।

### अय्यर की पीठ में दर्द, स्कैन के लिए भेजा

श्रेयस अय्यर की पीठ में दर्द है। उन्हें स्केन के लिए भेजा गया है। इस कारण, भरत को अय्यर की जगह भेजा गया है। वह पहली पारी में बैटिंग करने नहीं आए।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बने देवेंद्र तिवारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रविवार को गहमागहमी भरे माहौल में चले बैठक में देवेन्द्र तिवारी को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। रेड़मा स्थित युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में काफी संख्या में युवा वाहिनी के सदस्य शामिल थे। बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों को यह जानकारी दी गई की प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने समयाभाव का हवाला देकर दायित्व मुक्त करने का आग्रह किया है जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार्य किया और सोनू मिश्रा के फैसले का स्वागतयोग्य बताया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के लिए तीन नाम पर चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से देवेन्द्र तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक के बाद देवेंद्र तिवारी ने इस वर्ष भव्य रुप में परशुराम जयंती मनाने की चर्चा करते हुए बताया कि युवा वाहिनी ने पिछले वर्ष भव्य शोभायात्रा निकाला था और इस वर्ष भी




भव्यता के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी इसमें बाहर के कलाकारों के द्वारा झांकी का भी प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।झांकी में भगवान परशुराम,राम दरबार व महादेव का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया जाएगा।वहीं संध्या में देश के सुप्रसिद्ध गायकों के द्वारा भक्ति जागरण किया जाएगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष आशीष पांडेय के द्वारा अभी तक का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान एक वर्ष के कार्यक्रमों की रुप रेखा तय की गई। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, बिजू बाबा, संजय मिश्रा, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक प्रवीण मिश्रा, सेठ चौबे,अजय शुक्ला, बिकेश शुक्ला, उदय शुक्ला, राकेश पांडेय, किशोर दूबे, प्रभात दूबे, पलामू प्रभारी मनीष तिवारी, पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे, गढ़वा जिला प्रभारी फोटू दूबे, शिशू दूबे, गढ़वा जिलाध्यक्ष छोटू मिश्रा, रांची जिला प्रभारी गुडडू तिवारी, रविन्द्र दूबे विक्रांत त्रिपाठी, राजेन्द्र पांडेय, शशी तिवारी, राजेन्द्र पांडेय, नीलकमल तिवारी, पुटू दूबे, शैलेश तिवारी, रिंकू ओझा, सतेन्द्र तिवारी, मनु तिवारी,रवि शर्मा, उमाकांत मिश्रा,विशाल दूबे,सौरव तिवारी व निर्मल तिवारी के साथ सैकड़ों सदस्य शामिल थे।

### बासदेवपुर कोलियरी में जनता मजदूर संघ की सभा सह मिलन समारोह आयोजित

# झारखंड में भी आयेगी योगी बाबा जैसी बुलडोजर वाली सरकार : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता



रागिनी सिंह को फूलों का हार पहनाकर स्वागत करते जमसं कार्यकर्ता।

**लोयाबाद।** जनता मजदूर संघ (जमसं) और हमनें हमेशा अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। हमेशा लड़ते भी रहेंगे। बढ़ते अपराध पर हमेशा मुखर होकर बोली हूं और औगे भी बोलती रहूंगी। कभी चुप नहीं रहूंगी। उक्त बाते जमसं की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कही। वे रविवार को बासदेवपुर कोलियरी में आयोजित जमसं की सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार पर धनबाद का प्रशासन ज्यादा उछल-कूद ना मचाए। जल्द ही सरकार बदलेगी और झारखंड में भी योगी बाबा जैसी ही बुलडोजर वाली सरकार बनेगा। इसलिए प्रशासन पहले निष्पक्ष जांच करे, फिर कार्रवाई करें। रागिनी सिंह ने अपने ससुर स्व सूर्यदेव सिंह का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने जमसं की स्थापना मजदूरों और गरीबों के हक की लड़ाई के लिए की थी। तबसे मजदूर और पुराने संगठन के पुराने साथी आज भी जुड़े हैं। जमसं में शामिल होने वाला कभी लौटता नहीं है, लेकिन बाकि परिवार के लोग उनके नामो को खराब करने में लगे हुए है। जमसं की शक्ति देखकर विपक्षी को जलन हो रही है। मेरे पति को जान बूझकर फंसाया गया, ताकि कुछ लोग खुलकर गुंडागर्दी कर सके, लेकिन विरोधी को पता नहीं है कि राम के वनवास में वानर सेना का जिस तरह साथ था, आज उसी प्रकार जमसं के युवाओं की यह वानर सेना हमारे साथ है। हमारा संगठन केवल धनबाद, झरिया में ही नहीं, सिंदरी और बाघमारा में भी मजबूती के साथ वर्षो से काम कर रहा है। कहा कि सबको हमारी बातें कड़वी लगती है।

#### आउटसोर्सिंग में दें सही नियोजन

रागिनी सिंह ने कहा कि आउटसोर्सिंग हमारे तलवे की धूल की तरह है। अगर हिम्मत है तो बिना मजदूर के चलाकर दिखाए। हमारे संगठन के लोग तो बाद में सबसे पहले मैं आगे खड़ी मिलूंगी।

#### ढुल्लू महतो और जलेश्वर को ललकारा




इससे पहले सभा में एकड़ा के सत्येंद्र केवट की अगुवाई में दर्जनों लोग जमसं में शामिल हुए। वक्ताओ ने बासदेवपुर कोल डंप के लिफ्टर और डीओ धारक को खुले मंच से चेतावनी दी। सभा के बाद फिलहाल यहां का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। खूनी संघर्ष नई जमीन तैयार होने लगी है। मंच से ट्रांसपोर्टिंग रोकने की भी बात भी कही गयी है। कहा कि जमसं से मदद मांग के उसी को आंख दिखाया जा रहा है। ढुल्लू महतो और जलेश्वर समर्थकों को भी मंच से ललकारा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर सिंह और संचालन बीएन पांडेय ने किया। इस मौके पर जय प्रकाश पांडेय, विशाल वर्णवाल, सुरेंद्र सिंह, बीएन पांडे, रामशंकर महतो, शंकर तूरी, सतेंद्र केवट, अजय रवानी, लाल पासवान, चिंटू रवानी, शिव चौहान आदि शामिल थे।

## धनबाद में तेजी से बढ़ रहे इंफ्लुएंजा संक्रमण और वायरल के मरीज

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद कोयलांचल में इन दिनों वायरल और मौसमी इनफ्लुएंजा संक्रमण के मामले काफी बढ़ रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों में सर्दी खांसी और बुखार के लक्षण पाए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाएं राज्य मुख्यालय की ओर से भेजी गई है। संक्रमण को देखते हुए राज्य मुख्यालय के पदाधिकारियों ने सरकारी अस्पतालों के ओपीडी में आने वाले मरीजों को निगरानी करने का निर्देश दिया है। खासकर वैसे मरीज जो सर्दी खांसी और तेज बुखार के साथ पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों को दूसरे मरीजों से संक्रमण होने से बचाने को भी कहा गया है। धनबाद सहित सभी जिलों के सिविल सर्जन को सतर्क किया गया है। क्योंकि एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे को भी संक्रमण का खतरा बना रहता है। अधिकारियों ने कहा है एक व्यक्ति को दूसरे से संक्रमण हो सकता है। खाकर बैठे व्यक्ति जो पहले से बीमार है अथवा जिनका शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता काफी कम है। ऐसे में भीड़भाड़ वाले इलाके अथवा अस्पताल परिसर में मास्क का प्रयोग करें।
मेडिसिन विभाग और शिशु रोग विभाग के चिकित्सकों को खासकर अलर्ट रखा गया है।

## जन समस्याओं को लेकर विधायक बिरंची नारायण ने की अमरेंदु प्रकाश से मुलाकात



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने अपने क्षेत्र की जन समस्याओं के समाधान को लेकर निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश से मिलकर पूर्व में दिए आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिनका समाधान अभी तक नहीं हो पाया है उसे शीघ्र समाधान करने की ओर पुनः ध्यान आकृष्ट कराया। इसमें कई बिन्दुओ पर निदेशक प्रभारी ने सकरात्मक पहल करने का आश्वासन भी दिया। कचरा निष्पादन प्लांट की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा। ठेका कंपनियों में विस्थापित युवाओं को प्राथमिकता देने, सेक्टर-1, न्यायधीश कॉलोनी से सेक्टर 1 बी भोजपूर कॉलोनी पुल तक जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण, बोकारो निवास के बगल से चीरा चास को जोड़ने वाली जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण, सेक्टर-12/ई से तेलीडीह चास को जोड़ने वाले गरगा पुल तक तक जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण, सेक्टर-3 थाना मोड़, रामडीह मोड़ सेक्टर-9 व सेक्टर-12 सेंटर मार्केट में हाई मास्ट लाईट लगाया जाने, सेक्टर-12 की जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण, कुण्डौरी कुलिंग पौण्ड न0-1 के चढ़ाव से गेट नं -5 तक सड़क निर्माण, बांधगोड़ा पुनर्वास क्षेत्र के जोड़ा मंदिर चारकोनिया तालाब तक लगभग 600 फीट नाली निर्माण और सेक्टर-12 मोड़ से मिथिला काली मंदिर निर्मित सड़क को सीधा एवं 16 फीट चौड़ी कर पुर्ननिर्माण आदि मांगों को लेकर विधायक ने चर्चा की। इस मौके पर सेल के विधायक प्रतिनिधि केके बोराल व विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## हथियार से लैस नकाबपोश अपराधियों ने चांदमारी कोलियरी में बोला धावा, एक लाख की संपत्ति लूटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के चांदमारी आठ नंबर स्थित टंडेल रूम में शनिवार की रात 10 से 15 की संख्या में हरवे-हथियार से लैस नकाबपोश अपराधियों ने धावा बोल दिया। बीसीसीएल के सुरक्षा गार्ड नरेश भूईया को बंधक बना कर लगभग एक लाख रुपये मूल्य की सामग्री लूट कर फरार हो गए। उधर, सूचना मिलते ही इंकलाइन के पास काम कर रहे अन्य कर्मी पहुंच गए। अधिक लोगों को देख सभी लूटेरे भागने लगे। कर्मियों द्वारा लूटेरों को खदेड़ने के कारण लूटी हुई तीन कैंपलैंप बती छोड़ कर वे लोग भाग गए। इसके बाद कर्मियों ने इसकी सूचना बस्ताकोला कोलियरी प्रबंधन को दी। वहीं, सुरक्षा गार्ड में तैनात नरेश ने बताया कि देर रात 3.30 बजे 10-15 नकाबपोश अपराधी हरवे हथियार से लैस होकर हाजिरी घर पहुंचे थे। उसके बाद मुझे बंधक बना लिया। अपराधियों ने कहा कि अगर हो चीखना-चिल्लाना शुरू किया तो जान से मार दिये जाओगे। अपराधी टंडेल रूम में सेंधमारी कर अंदर घुस गए। अपराधियों ने टंडेल रूम में रखें अलमारी को तोड़कर तीन सेफ्टी लैंप, दर्जनों होलेजन सहित लोहे की सामग्री लूट ली। उसके बाद हाजिरी घर को बाहर से कुंडी लगा दिया। हाजरी घर में तैनात क्लर्क व कर्मचारी को जैसे ही भनक लगी इन लोगों ने इंक्लाइंन में काम कर रहे कर्मचारियों को अपने फोन से सूचना दिया। उसके बाद ये सभी कर्मचारी इंक्लाइंन से भागे दौड़े हाजरी घर पहुंचे। पहुंचते ही हाजिरी रूम का कुंडी खोलकर अपने साथियों को बाहर निकाला। इस घटना की सूचना कर्मचारियों ने प्रबंधन को दिया। ड्यूटी में तैनात सीआइएसएफ के जवान को जब सूचना दिया तो उन लोगों ने पल्ला झाड़ लिया। कहा कि हमारा हाजरी घर में ड्यूटी नहीं है। उसके बाद यह सभी कर्मचारी शोर मचाने लगे। यह देख अपराधी भागने लगे। भागने के कर्म में अपराधियों ने लगभग तीन कैंप लैंप वहीं छोड़ दिया। जबकि दर्जनों कैंप लैंप सहित कई उपकरण लेकर भागने में सफल रहे। कर्मचारीयों ने बचे हुए कैंप लैंप को वापस लाकर बती घर में रख दिया। इस संबंध में बस्ताकोला कोलियरी प्रबंधक अजय कुमार ने कहा कि मामले की छानबीन के बाद धनसार थाना में शिकायत की जाएगी।

## अधिकार लेने के लिए बलिदान भी देना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे: सुरेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** नुनीयाडीह बाईसी एवं अमडीहा गांव में 19 मार्च को कुड़मी जनजाति महाजुटान बिनोद बिहारी महतो विस्थापित स्टेडियम रामडीह मोड़ चास चंदनक्यारी रोड बोकारो में होने वाला है। जिसे लेकर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में वीर शहीद शक्ति नाथ महतो के अनुज सुरेश महतो ने कुड़मी जनजाति समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह हमारे बड़े भाई ने राज्य के लिए बलिदान दिया और हमलोग को झारखंड राज्य मिला। ठिक उसी तरह समाज को अपना जन्मसिद्ध अधिकार लेने के लिए यदि हमें भी बलिदान देना पड़े तो इसके लिए भी हम तैयार हैं। 72 साल का गया हुआ जन्मसिद्ध अधिकार हरहाल में लेकर रहेंगें। इस बार आरपार कि लड़ाई लड़ेंगे। समाज अंदोलन के तैयार रहें। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी युवा मंच के मुल खुंटी मुल मानता मुख्य अतिथि मंटू महतो भी सभा में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शिक्षाविद खिरोधर महतो, झारखंड कवि जगरनाथ महतो, झारखंड आंदोलनकारी दुर्गा चरण महतो, शत्रुघ्न महतो, हलधर महतो, सपन महतो, परशुराम महतो नित्यानंद महतो, तुलसी महतो, मनोज महतो, बलराम महतो, राधु महतो, आखान महतो लक्ष्मी महतो, रीता जोसना, मालती, करुणा, संध्या रानी, नियती, माला महतो, रविश्वर, निलमाधव, दिलीप पुर्णिमा, निलिमा, बेहुला, जुड़ी, किरीटी महतो, विभीषण, सुधीर, साधन, कंबल, भुदेव, महाराज, जगदीश, विभीषण महतो, तारापद महतो एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुएं में कूदकर महिला ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित के एफएस लाइन में एक अधेड़ महिला ने कुएं में कूद कर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान शांता सेठ (54) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उधर, सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की सुबह वह घर से निकली और अचानक कुएं में छलांग लगा दी। लोगों ने हो हल्ला किया उसके बाद अगल-बगल के लोग पहुंचे और कुएं में डूबी शांता सेठ को निकालने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद उसे कुएं से बाहर निकाल कर स्थानीय नर्सिंग होम ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मृतका के परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## समाजसेवी डॉ पीके वर्मा की मनायी द्वितीय पुण्यतिथि



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया के भगतडीह में रविवार को समाजसेवी स्व डॉ पीके वर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। श्रद्धांजलि सभआ में पहुंचे धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पीके वर्मा हमेशा समाज से जुड़े रहे। सामाजिक कार्यों में इनकी रूचि हमेशा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कई वर्षों तक रहने के कारण इसमें काफी लोगों को जोड़ा भी। इस दौरान राजकुमार अग्रवाल, हरीश जोशी, अरुण साव, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, रिंकू शर्मा, सरवन राम, धनेश्वर गुप्ता उर्फ पप्पू, अजय वर्मा, दिलीप भारती और मनोज मालाकार आदि उपस्थित थे।

## विधायक लंबोदर महतो ने दो योजनाओं के निर्माण का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**तेनुघाट।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत गोमिया विभायक डॉ लंबोदर महतो ने दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया। सबसे पहले विधायक को घरवाटांड निवासी चन्द्रिका यादव, संजय यादव, घनश्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेश यादव, संतोष श्रीवास्तव ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं पत्रकारों को योजना के बारे में बताया कि 19.41 लाख रुपए की लागत से तेनुघाट बांध प्रमंडल के तहत दो अदद गार्ड रूम का निर्माण करना और सहायक निवंधक सहयोग समितियों के सहकारिता भवन का निर्माण 73 लाख रुपए की लागत से तय सीमा में संवेदक द्वारा किया जाना हैं। वहीं, तेनुघाट छाता चौक से तेनुघाट जेल व नवोदय तक का डीपीआर बनकर तैयार हो चूका है। जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस मौके पर राजेश विश्कर्मा, जिप सदस्य माला देवी, मुखिया नीलम श्रीवास्तव, अजित पांडेय, संतोष श्रीवास्तव, नितेश कुमार आदि थे।

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए किया गया भूमि पूजन

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के सुभाष नगर मे 13 अप्रैल से 16 अप्रैल को 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन एवं पांच कुंडीय के साथ संपन्न हुआ। भूमि पूजन का कार्य मुख्य अतिथि डॉक्टर वी मोहंती ने की। कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनती है। इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। इससे वातावरण स्वक्ष्य और भक्तिमय होती है। मोके पर गायत्री शक्तिपीठ बोकारो से दयाशंकर पंडित, बिनोद कुमार, धीरंद्र कुमार महतो, प्रभारी गणेश साव, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक प्रभारी कीर्ति आनंद बरनवाल, डेगलाल महतो, रघुनंदन बरनवाल, पंचदेव यादव, महेंद्र चौधरी, मुकेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, संजय सिंह, हरि कला देवी, अपर्णा चक्रवर्ती, सुनीता सिंह, मंजू शर्मा, गीता कुमारी, ज्योत्सना चक्रवर्ती, मुख्य यजमान के रूप में जय बहादुर थापा एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित थे।

## सीएसपी संचालिका पर लगे आरोप को वर्तमान पंसस व पूर्व मुखिया ने बताया झूठा-बेबुनियाद

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के कुरको चौक पर स्थित एसबीआई के सीएसपी संचालिका रेखा देवी पर दुगार्पुर पंचायत के मुखिया की ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि सीएसपी संचालिका द्वारा ग्राहकों से अभद्र व्यवहार और मनमाने ढंग से दुगार्पुर पंचायत के सीएसपी को गलत जगह से संचालन किया जा रहा है। इस पर वर्तमान दुगार्पुर पंचायत के पंसस अंजू देवी और पूर्व मुखिया सरिता देवी ने आरोप को बेबुनियाद करार दिया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए पूर्व मुखिया ने कहा कि सीएसपी संचलन के जगह को उनके कार्यकाल में ही आम जनता की मांग एवं सुविधा को देखते हुए मध्यस्तता की जगह दुगार्पुर गांव से हटाकर कुरको चौक पर किया गया था। उन्होंने कहा कि दुगार्पुर पंचायत की आवादी बाहुल्य गांव रांगामाटी, कुरको, लालमटीया, हैरलाडीह एवं दुगार्पुर गांव के आमजनता व बुजुर्गों की सुविधा को देखते हुए सीएसपी की जगह को दुगार्पुर बस्ती से स्थांतरित कर कुरको चौक पर किया गया था, जो तमाम गांव के लोगों का सुविधाजनक जगह रहा है। इस पर दुगार्पुर पंचायत के वर्तमान पंसस अंजू देवी ने कहा कि सीएसपी संचालिका रेखा देवी पर लगे आरोप झूठे है।


## 15 मार्च को सीएचपी के ठेका मजदूर बोकारो थर्मल प्लांट में करेंगे टूल डाउन हड़ताल

**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर सीएचपी विभाग में वार्षिक रख रखाव और मरम्मत का काम करने वाली मेसर्स रोहिनी ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्यरत मजदूर 15 मार्च से टूल डाउन हड़ताल करेंगे। इसकी जानकारी यूसीडब्ल्यूयू के बोकारो थर्मल शाखा सचिव ब्रिज किशोर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने बिना कारण बताए चार-पांच वर्षों से कार्यरत मजदूर मनोज ठाकुर को काम से बैठा दिया है। साथ ही कार्यरत ठीका मजदूरों को राष्ट्रीय अवकाश, पूजा अवकाश के दिनों का वेतन भुगतान नहीं होता हैं। चार महीने का डीए का एरियर भुगतान भी नहीं किया गया है। समय से वेतन भुगतान नहीं होने से मजदूरों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कहा कि समय रहते यदि वार्ता नहीं होती है तो मजदूर 15 मार्च को टूल डाऊन करेंगें।

### सड़क पर फिसलन होने से गिरकर लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार, बढ़ी परेशानी

# लीकेज जलापूर्ति पाइप से सड़क पर बह रहा हजारों गैलन पानी

आजाद सिपाही संवाददाता


**बाघमारा/कतरास।** नेहरू चौक हरिणा के समीप बीसीसीएल की जलापूर्ती पाइप लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों गैलन पानी मुख्य सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। साथ ही सड़क भी खराब हो रही है। लेकिन इस पर ना तो बीसीसीएल प्रबंधन और ना ही जिला प्रशासन का ध्यान है। एक ओर बाघमारा कोयलांचल क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत है वहीं दूसरी ओर बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही से बर्बाद हो रहे पानी को लेकर लोगों में आक्रोश है। सड़क पर पानी बहने का हर्जाना सड़क से गुजरने वाले राहगीर को चुकाना पड़ रहा है। प्रतिदिन कोई न कोई बाइक सवार फिसल कर गिर ही जाता है। कईयो को तो अस्पताल तक जाना पड़ जाता है। जानकारी के अनुसार डुमरा से मुराईडीह कॉलोनी के लिए जलापूर्ति का मेन पाइप कुछ जगहो पर फट गई है। स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा मरम्मत की बजाय उसे नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। जिससे पानी मुख्य सड़क पर बहता रहता है। इससे कतरास-चंद्रपुरा सड़क भी खराब हो रही है। सड़क पर पानी जमाव होने की वजह से राहगीर को परेशानी और सड़क दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बीसीसीएल प्रबंधन कुंभकर्णी निंद्रा में सोया हुआ है। शायद प्रबंधन को किसी बड़ी सड़क दुर्घटना का इंतजार है।




#### युवा कांग्रेसी करेंगे आंदोलन

बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस के महासचिव विकास कुमार सिंह ने बताया कि जब कतरास-चंद्रपुरा हिरक रोड की मरम्मत का कार्य एक संवेदक द्वारा किया जा रहा था उस दौरान चार बार विभाग को लिखित शिकायत देकर नाली निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य के बारे अभियंता सहित अन्य कई अधिकारीगण को अवगत कराया था। लेकिन विभाग के लोग ठेकेदार से मिलकर चले जाते थे और जांच पड़ताल के नाम पर खानापूर्ति कर देते थे। अगर विभाग उस समय कोई ठोस कदम उठाती तो आज नेहरु चौक पर राहगीर को इस परेशानी का सामना नही करना पड़ता। युवा कांग्रेस के लोग जल्द नेहरु चौक पर नाली निर्माण कार्य को लेकर आंदोलन करेंगी।

#### जिला प्रशासन से नाली निर्माण की मांग : चेंबर

बाघमारा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया की हमलोग जिला प्रशासन से मिलकर हरिणा नेहरु चौक स्थित मुख्य सड़क के दोनों किनारे नाली निर्माण की मांग रखेंगे और इसके लिए जिस अधिकारीगण के पास जाने की जरूरत महसूस हुई उनके पास अवश्य जाएगे।

#### जल्द ही उठाया जायेगा ठोस कदम : निगम

लायंस क्लब बाघमारा के अध्यक्ष निगम कुमार ने बताया की इस समस्या से राहगीर को छुटकारे दिलाने के लिए क्लब के सदस्य प्रयासरत है जल्द ही स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से मिलकर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जूनापानी आश्रम के दिव्यांगों को चार व्हील चेयर दिये




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह और उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, आरती बोरा और रश्मि बेहुरा ने मंडल की सदस्याओं की उपस्थिति में जूनापानी आश्रम के दिव्यांगों को चार व्हील चेयर प्रदान किये। गौरतलब हो कि एमसीएल जागृति महिला मंडल समाज के विभिन्न वंचित वर्ग की सहायता के लिए काम करती है। उनके अनुरोध पर एमसीएल की जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के नेतत्व में महिला मंडल ने व्हील चेयर उपलब्ध करायी, जिससे वे अपने रोजमर्रा के कार्य में सहुलियत से कर सके।

## दुर्घटना में तीन गंभीर रूप से घायल, गाड़ी से ब्राउन शुगर बरामद, तीन हिरासत में



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी में सीरीज दुर्घटना हुई है। इस हादसे में तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना घटाने के बाद बहां से गाड़ी को लेकर भागने की कोशिश करते समय स्थानीय लोगों ने बदमाश को पकड़ लिया। गाड़ी की जब्ती के बाद कई अहम जानकारियां मिली हैं। लोगों ने गाड़ी में सवार तीन आरोपियों को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया है। जब्त वाहन के अंदर ब्राउन शुगर मिला है। क्यापिटल थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। क्यापिटल थाना पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।










# नारी का सम्मान परमात्मा का सम्मान है : डॉ चक्रधर त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट की महिला सेल के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेखा लोहानी (पूर्व डीजीपी महिला एवं बजे ल अपराध शाखा ओड़िशा) ने कहा कि समाज और राष्ट्र के सम्यक विकास के लिए नारी सशक्तिकरण परमावश्यक है। समाज रूपी गाड़ी समुचित रूप से तभी चल सकती है, जब नारी और पुरुष रूपी दोनों पहिये मजबूत और सुदृढ़ हों। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरापुट जिला की बाल संरक्षण पदाधिकारी राजश्री दाश ने बालकों के संरक्षण और विकास पर महिलाओं की भूमिका पर गहन प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कुलपति के शैक्षणिक सलाहकार डॉ सुधेंदु मंडल ने कहा कि भारत में नारियों के सम्मान का इतिहास बहुत पुराना है। भारत नारियों को सम्मान देना जानता है। इंदिरा गांधी भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, डॉ प्रतिभा देवीसिंह पाटिल प्रथम राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति और डॉ सरोजनी नायडू उत्तरप्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल बनीं। यह महिलाओं के लिए गौरव का संदर्भ है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए हिंदी के अतिथि प्राध्यापक डॉ जेबी पांडेय ने कहा कि नारी सृष्टि के आरंभ से अबला नहीं सबला रही है। मनुष्य को विद्या के लिए सरस्वती की, धन के लिए लक्ष्मी की और शक्ति के लिए दुर्गा की आराधना और उपासना करनी पड़ती है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ चक्रधर त्रिपाठी ने कहा कि भारत नारी पूजक देश रहा है। भारत में सती अनुसूया, शबरी, गार्गी, मैत्रेयी, सती सावित्री, सीता जैसी नारियां हुई हैं, जिनका विश्व में नाम है। मनु स्मृति में कहा गया है कि - यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः। परमात्मा ने अपने आप को नारी रूप में प्रकट किया है। अतः नारी का सम्मान, परमात्मा का सम्मान है।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 7 महिलाओं को शाल, मेंमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर कुलपति ने सम्मानित किया। इनमें डॉ रूद्राणी मोहांती, राजश्री दाश, विजया लक्ष्मी टाकरी, बाला स्वर्ण माला, लक्ष्मी खिल्ला, बंसती बेरा और बी रोजलीन शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ हिमांशु महापात्र, डॉ संजीत कुमार दास, डॉ कपिला खेमेंद, डॉ नूपुर पट्टनायक, डॉ गणेश प्रसाद साहू, डॉ आलोक बराल, डॉ जयंत नायक, डॉ प्रदोष कुमार स्वाई, डॉ सौम्य रंजन दाश, डॉ रानी सिंह, डॉ सौरभ गुप्ता, डॉ फग्गू भोई, डॉ मीनाती साहू, डॉ बीएन प्रधान, डॉ सोनी पाढ़ी, डॉ प्रदीप सामंराय, प्रशांत कुमार नायक, डॉ देवेंदर रागुला, मोहित चांदवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आगत अतिथियों का स्वागत और कुशल संचालन महिला सेल की अध्यक्षा डॉ काकली बनर्जी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ रूद्राणी मोहांती ने किया। इस अवसर पर वेलफेयर आफ बलाइंड संगठन के 11 नेत्रहीन छात्र-छात्राओं को 25000 रुपये की राशि प्रदान कर कुलपति ने सकारात्मक कदम उठाया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गयी। राष्ट्रगान से कार्यक्रण का समापन हुआ।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# समलैंगिकों की शादी को वैध ठहराना ठीक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर समलैंगिक शादी का विरोध किया है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा कि समलैंगिक संबंध और सामान्य संबंध स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं, जिन्हें समान नहीं माना जा सकता। केंद्र सरकार ने कहा कि समान लिंग वाले लोगों का साथी के रूप में साथ रहना अपराध नहीं है, लेकिन इसे पति-पत्नी और बच्चों की भारतीय परिवार की इकाई के समान नहीं माना जा सकता।

**केंद्र सरकार ने हलफनामे में दिये ये तर्क :** बता दें कि एक समलैंगिक जोड़े ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर समलैंगिक शादी को मान्यता देने की मांग की है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। जिस पर केंद्र सरकार ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया। इसमें केंद्र ने कहा कि समलैंगिकों का जोड़े के रूप में साथ रहना और शारीरिक संबंध बनाने की, भारत की पारिवारिक इकाई की अवधारणा से तुलना नहीं हो सकती। भारतीय पारिवारिक इकाई की अवधारणा में एक पुरुष और महिला शादी करते हैं, जिसमें पुरुष 'पति' और महिला 'पत्नी' होती है। दोनों विवाह के बाद बच्चे पैदा करते हैं और पुरुष 'पिता' और महिला 'माता' बनती है।

सरकार ने कहा कि शादी को हमारे समाज में संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका अपना सार्वजनिक महत्व होता है। शादी संस्था के कई अधिकार और दायित्व भी होते हैं। सरकार ने कहा कि विशेष सामाजिक संबंध के लिए मान्यता लेना कोई मौलिक अधिकार नहीं है।

देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में समलैंगिक शादी संबंधी याचिकाएं दायर की गयीं थी, जिन्हें बाद में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच को स्थानांतरित कर दिया गया था।

केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में समलैंगिक शादी के विरोध का तर्क देते हुए कहा कि समान लिंग वाले लोगों की शादी को मान्यता देने से मौजूदा पर्सनल लॉ का उल्लंघन होगा, जिनमें निषिद्ध संबंधों की डिग्री, शादी की शर्तें और अनुष्ठान की आवश्यकताएं आदि शामिल हैं। साथ ही घरेलू हिंसा कानून समेत कई कानूनी प्रावधान समलैंगिक शादी में लागू करना संभव नहीं है।

बता दें कि जिन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है, उनमें से एक हैदराबाद के समलैंगिक जोड़े सुप्रियो चक्रवर्ती और अभय डंग की याचिका शामिल है।

### महिलाओं को आरएसएस की शाखाओं में लाने की तैयारी

# छह साल में सात लाख लोगों ने की संघ से जुड़ने की रिक्वेस्ट : डॉ मनमोहन वैद्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**पानीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बेहद महत्वपूर्ण बैठक रविवार सुबह से हरियाणा में शुरू हो गयी। इसमें आरएसएस की शाखाओं में महिलाओं को शामिल करने पर चर्चा हुई। पानीपत के समालखा एरिया में हो रही यह मीटिंग 14 मार्च तक चलेगी। इसमें आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पहुंचे। मीटिंग से पहले सह सरकार्यवाह डॉ मनमोहन वैद्य ने बताया कि बीते छह वर्षों में 2017 से 2022 तक सात लाख 25 हजार लोगों ने आरएसएस से जुड़ने को लेकर संघ की वेबसाइट पर रिक्वेस्ट डाली है। यानी हर साल एक लाख 20 हजार लोगों ने संघ से जुड़ने में रुचि दिखायी। इनमें से ज्यादातर की उम्र 20 से 35 साल के बीच रही। इनमें से 75% का मकसद संघ से जुड़ कर समाज सेवा करना रहा।

**एक साल में एक लाख जगह तक पहुंचना संघ का टारगेट :** डॉ वैद्य ने कहा कि 2025 में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस समय संघ देशभर में 71 हजार से ज्यादा जगह पर प्रत्यक्ष तौर पर काम करके समाज को बदलने में अपनी भूमिका निभा रहा है। संघ का टारगेट अगले एक साल में एक लाख जगह तक पहुंचने का है। कोरोना के बाद देश में संघ का काम बढ़ा है। 109 जगह संघ के शिक्षा वर्ग होंगे और 20 हजार स्वयंसेवकों के ट्रेनिंग लेने का अनुमान है।

# युवती का आरोप, जिम मालिक ने ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक युवती ने जिम मालिक पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। कटक सीडीए सेक्टर-9 के जिम में दुष्कर्म एवं ब्लैकमेल करने की घटना में पुलिस ने 161 पर बयान दर्ज किया। 164 के तहत मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बयान दर्ज किया जायेगा। आरोपी को जल्द ही थाने में बुला कर घटना का पूछताछ किया जायेगा। पुलिस ने दोनों परिवारों से पूछताछ कर रही है। एसीपी तापस प्रधान ने इसकी जानकारी दी। आरोपी पिछले एक साल से युवती को जिम में दुष्कर्म कर ब्लैकमेल कर रहा था। अब मर्कतनगर थाने में मामला दर्ज होने के बाद घटना का खुलासा हुआ है। एतला मुताबिक जिम मालिक पर आरोप है कि उसने लड़की को एनर्जी ड्रिंक में निशा देकर बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही एतला में बताया गया है कि युवक संबंधित युवती को दुष्कर्म के दौरान मोबाइल फोन से वीडियो एवं फोटो खींचकर ब्लैकमेल करता था और शारीरिक संबंध बनाने के लिए बाध्य करता था। शारीरिक संपर्क नहीं रखने या पुलिस या किसी अन्य को इसके बारे में बताने पर अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर फैलाने की युवक ने धमकी दे रहा था। एतला के मुताबिक यह घटना 16 मार्च 2022 की है।

## रोड हादसे में तीन मोटरसाइकिल सवारों की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल जिले के जातीय राजमार्ग 55 पर सड़क दुर्घटना हुई। पिकअप वैन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना के मुताबिक कुलेई गांव के कुछ युवक मोटरसाइकिल से जरपड़ की ओर जा रहे थे, तभी अंगुल की ओर जा रही एक पिकअप वैन ने उनको टक्कर मारी। इस हादसे में कुलेई गांव के सीपू प्रधान, सुनील साहू और मानस बेहेरा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर जांच कर रही है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**